


# संगम का 'दम' / संगम में 'गम'

## महाकुंभ में 3 शंकराचार्यों ने किया अमृत स्नान, दिन भर में करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**1** 28 जनवरी तक कुल मिलाकर 19.94 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई, इसे मिलाकर बुधवार तक 25.65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया

**2** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि हमने जल्दी अमृत स्नान किया और घाटों से हट गए, ताकि श्रद्धालु पवित्र स्नान कर सकें

### हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए





**मंत्री बोले-ऐसी छोटी-मोटी घटना हो जाती है, फिर पलटे**

यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि श्रद्धालु जहां जगह हो वहीं स्नान करें। जहां इतनी बड़ी भीड़ होती है, इतना बड़ा प्रबंधन होता है, ऐसी छोटी-मोटी घटना हो जाती है। हालांकि, कुछ देर बाद जब विवाद बढ़ा तो तुरंत ही उनकी सफाई भी आई। उन्होंने कहा कि वे इसे छोटी नहीं मानते बल्कि दुखद मानते हैं।

एजेंसी ⏭ प्रयागराज

महाकुंभ में देर रात भगदड़ मचने के बाद भी दिन भर श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के मुताबिक बुधवार को करीब पौने पांच बजे तक करीब 6 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाई है।

इससे पहले 28 जनवरी तक कुल मिलाकर 19.94 करोड़ से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई है। इसे मिलाकर बुधवार तक 25.65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मौनी अमावस्या पर सबसे पहले तीन शंकराचार्यों ने अमृत स्नान किया। अब साधु-संत छोटे-छोटे ग्रुप में अपने इष्टदेव के साथ सांकेतिक रूप से संगम स्नान किया। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज रथ पर निकले।

नागा साधुओं ने तलवार लहराईं। जयकारे लगाते हुए संगम घाट पहुंचे। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज ने संगम में डुबकी लगाई। हेलिकॉप्टर से संतों और श्रद्धालुओं पर 25 क्विंटल फूलों की बारिश की गई। दिगंबर अखाड़े के साधु-संत बैंड बाजे के साथ अमृत स्नान के लिए निकले।

**अविमुक्तेश्वरानंद बोले...**

### आनंद की अनुभूति हुई



श्रृंगेरी शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी विधु शेखर भारती , द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती और ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने संगम में डुबकी लगाई। अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि बहुत आनंद आ रहा है। आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हो रही है।

**कैलाशानंद गिरि बोले...**

**हमने लोगों की शांति-समृद्धि की कामना की**

निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी कैलाशानंद गिरि ने संगम तट पर अमृत स्नान किया। उन्होंने कहा, हमने गंगा पूजन किया और लोगों की शांति और समृद्धि के लिए पूजा की।

## महाकुंभ में रात डेढ़ बजे भगदड़, 40 की मौत, 17 घंटे बाद 30 की हुई पुष्टि, बैरिकेड टूटने से बने थे हालात

*बुधवार सुबह हादसे के तत्काल बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने किया सीएम योगी को फोन, तीन घंटे में की 4 बार बात*



सीएम से गृहमंत्री अमित शाह व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी की बात

### 25 शवों की पहचान, 90 घायल



एजेंसी ⏭ प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर भगदड़ में मरने वालों की संख्या अब तक 40 हो चुकी है। यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। यूपी सरकार ने 17 घंटे बाद भगदड़ में 30 लोगों की मौत की पुष्टि की। डीआईजी वैभव कृष्ण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह पुष्टि की। इनमें 25 की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें कर्नाटक के 4, असम के 1, गुजरात के 1 लोग शामिल हैं। 90 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बैरिकेडिंग टूटने की वजह से भगदड़ मची है। हादसा मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। भगदड़ उस वक्त मची जब लोग संगम तट पर मौनी अमावस्या के स्नान लिए इंतजार कर रहे थे। यह हादसा क्यों हुआ, इसकी वजह सामने नहीं आई है। राज्य सरकार ने भी इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज में एंट्री करने वाले 8 पॉइंट-भदोही, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिजापुर बॉर्डर को बंद कर दिया गया है।

**ये उठाए कदम**

- *भदोही, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर, मिजापुर बॉर्डर बंद*
- *पूरे मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है*
- *सभी व्हीकल पास रद्द कर दिए गए हैं, यानी मेले में एक भी गाड़ी नहीं चलेगी*
- *हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी किया गया*

### *भगदड़ में छतरपुर की महिला व भोपाल के श्रद्धालु की मौत*

छतरपुर। ग्वालियर जिले के तीन श्रद्धालु कुंभ में लापता हैं। वहीं, छतरपुर की महिला की महाकुंभ में मची भगदड़ में मौत हो गई। भगदड़ के दौरान महिला-पुरुष समेत तमाम लोग जमीन पर गिर गए। जिन्हें लोग कुचलते हुए आगे बढ़ गए। इसी हादसे में कुंभ में अमृत स्नान करने गए ग्वालियर जिले के तीन श्रद्धालु लापता हो गए। डबरा के टेकनपुर से गया श्रद्धालु कामता सिंह बघेल लापता है, भितरवार से गए दंपती लापता है। श्रद्धालु हरि साहू और पत्नी शकुंतला साहू लापता है। बैरसिया निवासी बृजमोहन शर्मा का भगदड़ के दौरान निधन हो गया।

**हादसे की होगी न्यायिक जांच**

### *मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख मुआवजे का ऐलान*

*30 श्रद्धालुओं की मौत की घटना की जांच न्यायिक आयोग करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग से जांच कराने का आदेश दिया है। साथ ही, मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मुहैया कराने का निर्देश भी दिया है।*







### बागेश्वर के नाम पर वसूली, 6 युवतियों को किया गया गिरफ्तार



छतरपुर। पुलिस ने बुधवार दोपहर धर्म के नाम पर अवैध वसूली कर रही 6 युवतियों को हिरासत में लिया। युवतियां एम्बुलेंस समेत सभी वाहनों को रोककर जबरन चंदा मांग रही थीं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि ये युवतियां गुजरात से बागेश्वर धाम के दर्शन के लिए आई थीं। दर्शन के बाद छतरपुर में रुक गईं और गुटों में बंटकर शहर की सड़कों पर वाहनों से जबरन चंदा वसूली करने लगीं। चंदा न देने पर लोगों से अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करती थीं। एंबुलेंस को भी नहीं छोड़ा और उससे भी चंदा मांगा। कुछ युवतियां बस स्टैंड के पास धर्मशाला में और कुछ रेलवे स्टेशन के पास ठहरी हुई हैं।

### जयश्री गायत्री फूड के भोपाल, सीहोर और मुरैना दफ्तरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का छापा

# करीब 800 करोड़ की मनी लांड्रिंग का शक 27 देशों में अमानक खाद्य की सप्लाई



### इसमें चर्बी मिलाने की शिकायतें मिली थीं

कंपनी पर छह महीने पहले राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने भी छापेमारी की थी। उसने भी अरबों के खेल को उजागर किया था।

गायत्री फूड कंपनी डेयरी उत्पाद बनाती है



**भोपाल में सीआरपीएफ की टीम तो सीहोर समेत मुरैना में स्थानीय पुलिस फोर्स से ली मदद**

### कंपनी मालिक किशन मोदी पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फैक्ट्रियां चलाने का भी आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल/सीहोर

जयश्री गायत्री फूड के राजधानी स्थित मुख्यालय और सीहोर फैक्ट्री समेत मुरैना में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार सुबह छापामारी की। तीनों जगह एक साथ छापामारी शुरू हुई। गायत्री फूड कंपनी डेयरी उत्पाद बनाती है। यह उत्पाद देश के बाहर भी निर्यात होते हैं।

करीब 27 देशों में खाद्य पदार्थों की सप्लाई है। ईडी को शिकायत मिली थी कि जयश्री गायत्री फूड अमानक उत्पादों का निर्यात कर रही है। इसके अलावा इन्हें भेजने के लिए निर्यात संबंधी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके अलावा कंपनी मालिक किशन मोदी पर मनी लांड्रिंग और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फैक्ट्रियां चलाने का भी आरोप है। बताया गया कि लगभग 800 करोड़ की मनी लांड्रिंग के भी सबूत मिले हैं।

**बिट्टन मार्केट में कंपनी का कार्यालय**

कंपनी के रियल एस्टेट और अन्य फर्मों से लिंक की भी तलाश की जा रही

ईडी की टीम बुधवार सुबह जयश्री गायत्री फूड के बिट्टन मार्केट स्थित कंपनी कार्यालय पहुंची थी। इस दौरान टीम के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का फोर्स मौजूद था। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने ऑफिस को घेर लिया। इसके बाद ईडी की टीम अलग अलग गाड़ियों से पहुंची। करीब दो दर्जन अधिकारी टीम में मौजूद थे। अधिकारियों ने कार्यालय में पहुंचकर दस्तावेज खंगाले। गायत्री फूड्स के मालिक किशन मोदी के शाहपुरा स्थित घर पर मोदी भवन में भी ईडी की टीम जांच कर रही है। अधिकारियों ने वहां भी दस्तावेज की जांच की।

**लगाया था एक करोड़ बीस लाख का जुर्माना**

फैक्ट्री में निर्यात नियमों का उल्लंघन, अमानक खाद्य पदार्थ के अलावा एक शिकायत किसानों की ओर से भी की गई थी। किसानों ने दो साल पहले शिकायत करते हुए बताया था कि फैक्ट्री से केमिकलयुक्त पानी बाहर निकलता है। इससे फसल खराब हो रही है और जल प्रदूषित हो रहा है। जांच में दोषी पाए जाने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कंपनी पर 1 करोड़ 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके अलावा कंपनी पर छह महीने पहले राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ईओडब्ल्यू ने भी छापेमारी की थी।

### *कंपनी के वित्तीय लेन-देन की जांच*

*ईडी की टीम ने भोपाल के अलावा सीहोर और मुरैना में भी कार्रवाई की। इन सभी ठिकानों पर कंपनी के प्रमोटर्स और मालिकों के वित्तीय लेन-देन और मनी लांड्रिंग से जुड़ी शिकायत पर भी ईडी ने जांच की। कंपनी के रियल एस्टेट और अन्य फर्मों से लिंक की भी तलाश की जा रही है। तथ्य जुटाने ईडी यह कार्रवाई दो से तीन दिन तक जारी रख सकती है। ईडी की एक टीम सीहोर-रातीबड़-भोपाल मार्ग पर ग्राम पिपलिया मीरा में जयश्री गायत्री पनीर फैक्ट्री पर कार्रवाई करने पहुंची है। यहां पुलिस के जवानों के साथ अधिकारियों की टीम पनीर फैक्ट्री पर दबिश दी। यहां भी दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। एजेंसी एक अन्य कृष्ण मिल्क प्रोडक्ट्स पर भी छापामार कार्रवाई कर रही है। मुरैना में कृष्ण मिल्क प्रोडक्ट्स दुकान के मालिक नरेंद्र मोदी के गणेशपुरा स्थित आवास और सीहोर स्थित फैक्ट्री पर छापेमारी की। घर पर ताला होने के कारण ईडी अधिकारियों को मेन गेट का ताला तोड़ना पड़ा। मोदी की मुख्य दुकान महाराजपुर रोड पर स्थित है।*

**महाकुंभ में हादसे के बाद...**

### चित्रकूट और रीवा बॉर्डर पर रोकी गईं प्रयागराज आ रहे श्रद्धालुओं की गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**सीएम डॉ. मोहन यादव ने संयम की अपील की**

**रीवा बॉर्डर पर किए गए हैं भोजन व ठहरने के इंतजाम**

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या स्नान पर मची भगदड़ और अव्यवस्था के कारण मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत यूपी-एमपी बॉर्डर पर हजारों श्रद्धालुओं की गाड़ियों को रोक दिया गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि प्रयागराज की ओर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं



से निवेदन है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

**नई तबादला नीति 2025 जारी**

### सरकार ने विशेष परिस्थिति में शर्तों के तहत तबादले में दी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में इस वक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इस वजह से कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। इसे देखते हुए मप्र सरकार ने राज्य स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादला नीति में संशोधन करते हुए नई तबादला नीति 2025 जारी कर दी। इसे पिछली कैबिनेट में मंजूरी दी गई थी।

▪ इसे पिछली कैबिनेट में मंजूरी दी गई थी



**◆ पांच अपवादिक परिस्थितियों में ही तबादले**

प्रतिबंध अवधि में तबादला नीति से हटकर सामान्यतः केवल इन्हीं पांच अपवादिक परिस्थितियों में ही तबादले किए जा सकेंगे। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के शासकीय सेवकों के तबादले होंगे। तबादला विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बाद ही हो सकेगा।






# आस्था की डुबकी में उत्साह बरकरार, मौनी अमावस्या पर छह करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी में किया स्नान

## घोड़े और रथों पर सवार होकर संगम पहुंचे साधु-संत, श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से की गई फूलों की वर्षा

मौनी अमावस्या के अवसर पर अमृत स्नान के लिए विभिन्न अखाड़ों के साधु-संत रथों और वाहनों पर सवार होकर त्रिवेणी संगम की ओर बढ़े और वहां पहुंच कर उन्होंने अमृत स्नान किया। इस दौरान त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगा रहे साधु-संतों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई।






एजेंसी ▶▶ महाकुंभनगर (प्रयागराज)

महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या पर तड़के हुई भगदड़ के बावजूद देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के मुताबिक, बुधवार को करीब पौने पांच बजे तक करीब 5.71 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाई है। महाकुंभ के डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि परंपरागत रूप से अमृत स्नान शुरू हुआ। पुलिस और प्रशासन सभी अखाड़ों को उनके परंपरागत क्रम में जाने में मदद की। वहीं, जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य ने लोगों से अपील की है कि त्रिवेणी स्नान का मोह न करें, जहां हैं वहीं से स्नान कर लें। उवहीं, कथावाचक, देवकीनंदन ठाकुर ने कहां कि आप जहां भी हों वहीं स्नान करें, इसके लिए संगम नोज तक आने की आवश्यकता नहीं है।





अब तक 25.65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया

मौनी अमावस्या के लिए रेलवे ने चलाई 190 विशेष ट्रेनें

### स्वामी अवधेशानंद गिरि और बाबा रामदेव ने सांकेतिक स्नान किया

योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं के इस हुजूम को देखते हुए हमने फिलहाल केवल सांकेतिक स्नान किया है। इसके साथ ही समूचे राष्ट्र और विश्व के कल्याण की कामना की गई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि भक्ति के अतिरेक में न बहें और आत्म अनुशासन का पालन करते हुए सावधानी पूर्वक स्नान करें। वहीं, जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने भी कहा कि उन्होंने फिलहाल सांकेतिक स्नान किया है।

### प्रयागराज पहुंचे रेसलर 'खली' ने भी लगाई डुबकी



डब्ल्यूडब्ल्यूई के भारतीय रेसलर दलीप सिंह उर्फ खली ने प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि यहां मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, मैं पहली बार यहां आया हूं। योगी जी द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। महाकुंभ में यहां की भीड़, पूरी दुनिया के लिए एक इतिहास है।

### प्रयागराज जाने वाली सभी ट्रेनें प्रभावित

उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि दोपहर तक लगभग 50 उत्तर मध्य रेलवे, 13 उत्तर रेलवे और 20 पूर्वोत्तर रेलवे के माध्यम से कुल 80 से अधिक विशेष ट्रेनें संचालित की गईं। रेलवे प्रशासन ने मौनी अमावस्या पर 190 विशेष ट्रेनें चलाई ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो। वहीं, नई दिल्ली वाया अलीगढ़ प्रयागराज जाने वाली छह ट्रेनों को निरस्त किया गया है। नॉर्थ ईस्ट, सीमांचल, सिक्किम महानंदा, अलीगढ़ -कानपुर मेमू फास्ट, महाबोधी एक्सप्रेस शामिल हैं। प्रयागराज जाने वाली सभी ट्रेनें प्रभावित हो गई हैं।

### हवाई किराए में वृद्धि पर डीजीसीए को लिखा पत्र

*नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने प्रयागराज के लिए 'अत्यधिक' हवाई किराये को लेकर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में किराये को तर्कसंगत बनाने को कहा है। प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन से हवाई किराये में अच्छी-खासी वृद्धि हुई है। मंत्री ने अत्यधिक हवाई किराये पर चिंता व्यक्त की, जिससे श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक समागम में हिस्सा लेना मुश्किल हो रहा है। जोशी ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, कि हवाई किराया अत्यधिक महंगा होने से लोगों का महाकुंभ में आने के लिए योजना बनाना मुश्किल हो गया है। वर्तमान में प्रयागराज के लिए 132 उड़ानें संचालित हो रही हैं।*

### सांसद हेमा मालिनी ने लगाई डुबकी, कहा-यह मेरा सौभाग्य

*'महाकुंभ 2025' में देश-विदेश से आकर श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं। बॉलीवुड की कई दिग्गज हस्तियां भी संगम में डुबकी ले चुकी हैं। अब अभिनेत्री हेमा मालिनी ने मौनी अमावस्या के अवसर पर त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने कहा कि महास्नान के इस शुभ अवसर पर मुझे यहां गुरु स्वामी शअवधेशानंद जी के साथ स्नान करने का अवसर मिला है, यह मेरा सौभाग्य है, बहुत ही अच्छा लगा। इतने करोड़ों लोग आए हुए हैं। मुझे भी यहां स्थान मिला नहाने का, धन्यवाद। हेमा मालिनी से पहले भी कई सितारे महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं।*



---

## खबर संक्षेप

### भारतीय वायु सेना का फरवरी में होगा एग्जाम




**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने एएफसीएटी एडमिट कार्ड जारी करने के लिए तारीख का एलान कर दिया है। भारतीय वायु सेना 22 और 23 फरवरी, 2025 को एयर फॉर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट आयोजित करेगी। वायु सेना 7 फरवरी, 2025 को शाम 5 बजे से एएफसीएटी 2025 एडमिट कार्ड जारी करेगी। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण किया है, वे आधिकारिक वेबसाइटपर जाकर लिंक सक्रिय होने के बाद अपने संबंधित एडमिट कार्ड की जांच और डाउनलोड कर सकते हैं।

### पुरुष भी पैदा कर सकेंगे बच्चे, सफल रहा प्रयोग



**नई दिल्ली।** विज्ञानियों को दो नर चूहों से स्वस्थ संतान पैदा करने में कामयाबी मिली है। इससे लुप्तप्राय प्रजातियों को विलुप्त होने को रोकने की उम्मीद जगी है। बीमारी या अन्य कारकों से क्षतिग्रस्त ऊतकों या अंगों को बदलना भी संभव हो सकता है। यह सफलता समलैंगिक पुरुषों के लिए संतान पैदा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। चीन के शोधकर्ताओं का कहना है कि केवल दो नर चूहे के जेनेटिक मेटेरियल का उपयोग करके चूहों को पैदा किया है। मादा चूहे का उपयोग नहीं किया गया।

### 11वां स्माइल अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू



**नई दिल्ली।** बच्चों और युवाओं के लिए स्माइल अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 11वां संस्करण इतालवी फिल्म 'द टाइगर्स नेस्ट' के प्रदर्शन के साथ शुरू हुआ। यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने महोत्सव का उद्घाटन किया। फिल्म महोत्सव के अध्यक्ष शांतनु मिश्रा और निदेशक जितेंद्र मिश्रा भी मौजूद थे। महोत्सव में 40 से अधिक देशों के पेशेवर फिल्म निर्माताओं और छात्रों द्वारा बनाई गई फीचर फिल्म, एनीमेशन फिल्म, लघु फिल्म और वृत्तचित्र सहित 150 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी।

---

## हर मोर्चे पर संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अमेरिका से बड़ा झटका

# आर्थिक मदद रोकी, कई ऊर्जा योजनाएं हुईं ठप स्वास्थ और शिक्षा कार्यक्रम बंद होने का खतरा

अमेरिकी के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले से पाकिस्तान में उर्जा क्षेत्र से जुड़ी 5 योजनाएं ठप हो गई हैं। इसके अलावा स्वास्थ, कृषि, खाद्य सुरक्षा, बाढ़, जलवायु और शिक्षा से जुड़ी कई परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। आशंका है कि इनमें से कुछ कार्यक्रम हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे या उनमें काफी कमी कर दी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद पाकिस्तान को दी जाने वाली अमेरिकी मदद पर अस्थाई रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही पाकिस्तान को दी जा रही सहायता के पुनर्मूल्यांकन का भी आदेश है। इस फैसले की वजह से पाकिस्तान में यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी (यूएसएड) की कई जरूरी योजनाएं पूरी तरह रुक गई है।अमेरिकी सरकार के इस फैसले से पाकिस्तान में उर्जा क्षेत्र से जुड़ी 5 योजनाएं ठप हो गई हैं। इसके अलावा स्वास्थ, कृषि, खाद्य सुरक्षा, बाढ़, जलवायु और शिक्षा से जुड़ी कई परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। आशंका है कि इनमें से कुछ कार्यक्रम हमेशा के लिए बंद कर दिए जाएंगे या उनमें काफी कमी कर दी जाएगी। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार से इजराइल, मिस्र और फूड प्रोग्राम को छोड़कर विदेशी देशों को मिलने वाली सभी मदद पर रोक लगा दी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के इस आदेश में गरीब देशों को मिलने वाली स्वास्थ मदद पर भी रोक लगा दी गई। अमेरिकी की यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एजेंसी पूरी दुनिया में विकास कार्यों के लिए मदद देती है। इस मकसद लोकतंत्र को बढ़ावा देना और गरीबी कम करना है।

- अभी तीन महीनों के लिए अस्थाई तौर पर लगी रोक, स्थाई होने की संभावना
- कृषि, खाद्य सुरक्षा, जलवायु और बाढ़ से जुड़ी कई परियोजनाएं प्रभावित हुई



### 2023 में यूएएड ने दी 45 अरब डॉलर की विदेशी सहायता

2023 में यूएसएड ने 158 देशों को लगभग 3.89 लाख करोड़ रुपए (45 अरब डॉलर) की विदेशी सहायता दी थी। हालांकि ट्रंप के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के बाद विदेश नीति की समीक्षा करने तक 90 दिनों के लिए विदेश में दी जाने वाली सभी प्रकार की सहायता पर रोक लगा दी गई है। अमेरिका सरकार के इस आदेश के बाद दुनियाभर में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास, रोजगार जुड़े कई परियोजनाओं के बंद होने का खतरा बढ़ गया है। दरअसल, अमेरिका इन सभी विदेशी परियोजनाओं के लिए सबसे ज्यादा धनराशि मुहैया कराता है।

### पाक के पास सिर्फ 16 अरब डॉलर का रिजर्व

पाकिस्तान हुकूमत लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रही है। देश पास सिर्फ 16 अरब डॉलर का फॉरेन रिजर्व बचा है। सितंबर में ही पाकिस्तान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 7 अरब डॉलर का राहत-पैकेज हासिल किया। वहीं, (आईएमएफ) ने 2025 के लिए पाकिस्तान की वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 3% कर दिया है।

### ट्रंप का सरकारी कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर

*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय सरकार से कर्मचारियों की संख्या को कम करने के लिए काम शुरू कर दिए हैं। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को संघीय कर्मचारियों को बायआउट करने यानी खुद से नौकरी छोड़ने का ऑफर दिया है। इसके लिए एक हफ्ते यानी 6 फरवरी तक का समय दिया गया है। नौकरी छोड़ने के बदले कर्मचारियों को 8 महीने का अतिरिक्त वेतन दिया जाएगा। सरकारी नौकरियों में भर्ती करने वाले कार्मिक विभाग ने भविष्य में कर्मचारियों की छंटनी की चेतावनी भी दी है। लाखों कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि जो लोग अपनी मर्जी से पद छोड़ेंगे, उन्हें लगभग आठ महीने का वेतन मिलेगा, लेकिन उन्हें 6 फरवरी तक ये विकल्प चुनना होगा। विभाग के है। यह अमेरिका की 15वीं सबसे बड़ी वर्कफोर्स है। प्यू रिसर्च के मुताबिक एक संघीय कर्मचारी का औसत कार्यकाल 12 साल का होता है।*

### नए मीडिया के लिए सीट आवंटित करेगा व्हाइट हाउस

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के संवाददाता सम्मेलन कक्ष में 'पॉडकास्टर', 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर' और 'कांटेंट क्रिएटर' समेत 'नए मीडिया' के लिए सीट आवंटित किए जाने की घोषणा की है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट के नेतृत्व में उठाए गए इस कदम का उद्देश्य मीडिया जगत के उन समूहों को प्रतिनिधित्व प्रदान करना है, जिनकी संवाददाता सम्मेलन कक्ष में पहले मौजूदगी नहीं थी।*

---

## बीएसएफ पर भड़का बांग्लादेश

# भारत के समक्ष सीमा सुरक्षा व ड्रग्स ट्रैफिकिंग का मुद्दा उठाएंगे

एजेंसी ▶▶ ढाका

भारत अब हमारे तेवर देखेगा। 17 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में जब बैठक होगी तब हम बांग्लादेश के हितों से जुड़े मुद्दे पूरी ताकत के साथ पड़ोसी देश के सामने रखेंगे। क्रॉस बॉर्डर तस्करी हो या सीमा पर बीएसएफ के जवानों की गोली से हमारे नागरिकों की हत्या। हम तल्ख लहजे में भारत से कहेंगे कि ये अब बर्दाश्त नहीं होगा। यह बयान है बांग्लादेश के होम एडवाइजर मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी का।



बता दें, भारत के साथ सटी सीमा को लेकर बांग्लादेश और भारत के बीच सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें वह ये मुद्दे उठाएंगे। ये दोनों देशों के बीच डायरेक्टर जनरल लेवल की 55वीं कॉन्फ्रेंस है। इसमें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) शामिल होंगे। चौधरी ने कहा है कि बीजीबी और बीएसएफ की कॉन्फ्रेंस में बांग्लादेश सख्त रवैया अपनाएगा और उन तमाम मुद्दों को भारत के सामने रखेगा, जिनसे उसको दिक्कत है।

### आपसी सहमति से लगाएंगे फेंसिंग

जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि बड़ी मात्रा में क्रॉस बॉर्डर ड्रग ट्रैफिकिंग की जा रही है। भारत में फेंसेडिल का निर्माण कर इसकी बांग्लादेश में तस्करी की जा रही है। फेंसोडिल दवा न होकर वास्तव में ड्रग्स है। भारत से इस पर ध्यान देने और इसे रोकने के लिए उचित कदम उठाने के लिए बात करेंगे। उन्होंने कहा कि जीरो लाइन के पास 150 गज जमीन पर कंटीले तारों की बाड़ लगाने के भारत के कदम पर भी वह चर्चा करेंगे क्योंकि सीमा पर किसी भी तरह के विकास के लिए दोनों देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। सीमा पर 92 जगहों पर फेंसिंग की जा रही है। हालांकि, बांग्लादेश की आपत्ति के बाद इस पर काम रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीमा से 150 गज के भीतर किसी भी गतिविधि के लिए दोनों देशों की आपसी स्वीकृति आवश्यक होती है और किसी भी पक्ष के लिए एकतरफा कार्रवाई की कोई गुंजाइश नहीं है।

### पानी के बराबर बंटवारे पर होगी चर्चा

जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच हुई ट्रीटी के तहत नदी के पानी के बराबर बंटवारे पर चर्चा करेंगे। पूर्व पीएम शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के कार्यकाल में भारत के साथ हुई सभी 'असमान संधियों' पर चर्चा की जाएगी। नदियों के पानी के बराबर बंटवारे, जल समझौतों को लागू करने और रहीमपुर नहर के मुहाने को फिर से खोलने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। अगरतला के जरिए भारत का इंडस्ट्रियल कचरा बांग्लादेश में आता है, जो पर्यावरण समझौते का उल्लंघन है।

---

## भारत में जल्द लॉन्च होगा स्टारलिंक

# सरकार के सुरक्षा और डेटा मानकों पर राजी हुए मस्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक ने भारत में सेवा देने के लिए सरकार द्वारा तय किए गए सुरक्षा और डेटा भंडारण मानकों को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने की योजना बना रही है, जहां सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक रूप से आवंटन किया जाना संभावित है।




### सरकार से विशेष रियायत नहीं

स्टारलिंक ने दूरसंचार विभाग द्वारा निर्धारित स्थानीय डेटा भंडारण और सरकारी डेटा इंटरसेप्शन जैसी आवश्यकताओं को स्वीकार कर लिया है। ये सभी शर्तें किसी भी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा प्रदाता के लिए भारत में लाइसेंस प्राप्त करने से पहले पूरी करना अनिवार्य हैं। स्टारलिंक ने कुछ शर्तों में अस्थायी छूट की मांग की थी, जिसे देने से इनकार कर दिया।

---

## विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी पूरी हुई

# तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के बैंड ने राष्ट्रपति मुर्मू के सामने धुनें प्रस्तुत कीं

*समापन 'सारे जहां से अच्छा' धुन बजाकर किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


बीटिंग द रिट्रीट समारोह का हर साल 29 जनवरी को आयोजन किया जाता है। दिल्ली के विजय चौक पर बुधवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चलने वाले कार्यक्रमों का समापन हुआ। तीनों सेनाओं के साथ सीएपीएफ के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने 30 फुट टैपिंग भारतीय धुनें बजाईं।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह स्पीकर ओम बिड़ला सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम जनता मौजूद रही। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया था। समारोह की शुरुआत में सेना द्वारा राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया। इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत धुन 'कदम-कदम बढ़ाए जा' बजाकर की।

**एयरफोर्स ने गैलेक्सी राइडर धुन प्रस्तुत की**



### पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने अमर भारती बजाकर 'मैप ऑफ इंडिया' बनाया



पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने अमर भारती बजाकर 'मैप ऑफ इंडिया' बनाया। बैंड द्वारा सैन्य परंपराओं की भव्यता को दर्शाया गया। सीएपीएफ बैंड ने विजय भारत का संगीत पेश किया। एयरफोर्स ने गैलेक्सी राइडर धुन पेश की। इस धुन को रिटायर्ट विंग कमांडर जी जयचंद्रन ने तैयार किया था। सेनाओं के द्वारा कौरवों-पांडवों, सलामी देते जवान, एक पेड़ मां के नाम थीम पर हाथों में पृथ्वी और पेड़ की आकृति बनाई और चक्रव्यूह की आकृति तैयार की गई। बीटिंग रिट्रीट कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' के साथ किया गया।

जबलपुर, गुरुवार 30 जनवरी 2025 ■ माघ मास शुक्ल पक्ष -01 ■ वर्ष : 19, अंक : 267 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 30 न्यून. 11 haribhoomi.com





# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## इसरो का 100वां लॉन्च सफल

# अब भारत का 'समय'

*डिजिटल डिवाइसेज पर सही समय बताने के लिए देश अब तक अमेरिका के ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) तकनीक या रूस के ग्लोनास सिस्टम पर निर्भर था, अब भारत की होगी अपनी प्रणाली*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 100वां लॉन्च मिशन सफल हो गया है। एनवीएस-02 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करने के बाद इसरो की इस उपलब्धि को बड़ा मुकाम करार दिया जा रहा है। देशभर की बड़ी हस्तियों ने इस मिशन की सफलता को लेकर इसरो को बधाई दी हैं। इसरो ने बुधवार सुबह 6.23 बजे अपना 100वां मिशन लॉन्च किया। इसके तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से जीएसएलवी-एफ15 के जरिए 2250 किलोग्राम की नैविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-02 को भेजा गया।

### अमेरिका ने कारगिल युद्ध में जीपीएस की नहीं दी थी सुविधा


कारगिल युद्ध के दौरान भारत ने अमेरिका से अपने ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) के जरिए ट्रैकिंग की सुविधा कारगिल में मुहैया कराने की मांग की थी। इसके जरिए भारत आतंकियों की सही स्थिति जानने की कोशिश में था। हालांकि, तब अमेरिका ने इस मांग को नकार दिया था। तब भारत को पहली बार अपने स्वदेशी सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम की जरूरत महसूस हुई, जो देश के नक्शे पर सही स्थिति, सही समय और गति बताने का काम करे। इसी कड़ी में 2006 में भारत ने स्वदेशी प्रोजेक्ट नाविक की शुरुआत की।

### धरती पर 10 मीटर की दूरी तक चीजें बता देगा

- यह नैविगेशन सिस्टम भारत की धरती पर 10 मीटर की दूरी तक की सही गणना बता देगा। यानी सैटेलाइट हर 10 मीटर के क्षेत्र पर मूवमेंट पर निगाह रखेंगी।
- इतना ही नहीं, भारत के बाहर यह सिस्टम 20 मीटर तक सटीक होगा। इस पूरे सिस्टम की रेंज भारत और आसपास के क्षेत्र में 1500 किलोमीटर तक होगी।

### इसरो के मिशन में क्या-क्या खास?

- *अंतरिक्ष मामलों के विशेषज्ञों के मुताबिक, एनवीएस-02 के जरिए भारत अपने नाविक सिस्टम को मजबूत करेगा।*
- *इसरो का यह उपग्रह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से देश में ही बना है। इसे यूआर सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) में डिजाइन, विकसित और तैयार किया गया है। नवंबर-दिसंबर 2024 के बीच इस सैटेलाइट की टेस्टिंग की गई, जिसमें इसकी हर परिस्थिति का सामना करने की काबिलियत को परखा गया।*
- *इसमें भारत के सटीक समय की जानकारी देने के लिए एक परमाणु घड़ी भी लगाई गई है, जिसे रूबिडियम एटॉमिक फ्रीक्वेंसी स्टैंडर्ड (आरएएफएस) भी कहा जाता है।*




### इस मिशन को लॉन्च करने की जरूरत क्यों ?

- भारत में अभी नक्शों से लेकर मोबाइल-कंप्यूटर पर समय तक के लिए लोगों को विदेशी तकनीक पर निर्भर रहना पड़ता है।
- इतना ही नहीं दुनिया की अधिकतर महाशक्तियों ने सैटेलाइट नैविगेशन सिस्टम के क्षेत्र में स्वायतत्ता हासिल करने के लिए अपनी खुद की प्रणालिया बना ली हैं। अमेरिका और रूस के अलावा चीन ने अपना बेइडू नैविगेशन सिस्टम स्थापित किया है। इसके अलावा यूरोपीय संघ अपने क्षेत्र में नैविगेशन सेवाओं के लिए गैलिलियो सिस्टम का इस्तेमाल करता है।
- भारत की तरफ से अपना नैविगेशन सिस्टम- नाविक बनाने की एक अहम वजह कूटनीतिक स्तर पर स्वतंत्रता और स्वायतत्ता हासिल करना है।

## खबर संक्षेप

### उप्र की झांकी महाकुंभ को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**नई दिल्ली।** 76वें गणतंत्र दिवस परेड के सर्वश्रेष्ठ झांकी और मार्चिंग दल के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उप्र की झांकी महाकुंभ 2025 – स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। यह झांकी महाकुंभ मेले की भव्य परंपरा और विकास को दर्शाती है। गणतंत्र दिवस परेड 26 जनवरी को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित हुई थी जिसमें सांस्कृतिक झांकियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।




### नमो भारत ट्रेन में सफर करना हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** नमो भारत ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए गुड न्यूज है। नमो भारत ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्री अब एनसीएमसी कार्ड का उपयोग कर यात्रा में 10 प्रतिशत तक की छूट का लाभ ले सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम की ओर से लॉन्च किए गए लॉयल्टी पॉइंट प्रोग्राम का विस्तार किया गया है, जिसके अंतर्गत 'नमो भारत' मोबाइल ऐप के जरिए खरीदे गए टिकटों पर यह छूट दी की जा रही है।



### मेडिकल में नहीं मिलेगा मूल निवासी वाला आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए जारी आरक्षण व्यवस्था पर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स में डोमिसाइल के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। कोर्ट ने इसे असंवैधानिक माना है। कोर्ट मे कहा कि राज्य कोटे के भीतर पीजी चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निवास-आधारित आरक्षण असंवैधानिक है।



## सीएम का जापान दौरा

### सीएम डॉ. यादव और जेट्रो अध्यक्ष काताओका ने की मप्र में जापानी निवेश पर विस्तृत चर्चा

# मप्र लो सिस्मिक ज़ोन में, यहां निवेश की सुरक्षा और स्थिरता

*डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जेट्रो के 5 कार्यालय नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई और अहमदाबाद में हैं, किंतु मप्र में इसका कोई कार्यालय नहीं है। उन्होंने जेट्रो को राज्य में एक कार्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**मुख्यमंत्री ने जल विद्युत परियोजनाओं में निवेश के लिए जापान को किया आमंत्रित**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत बुनियादी ढांचे और अनुकूल औद्योगिक वातावरण के कारण, जापानी निवेशकों के लिए एक आदर्श स्थान है। उन्होंने बताया कि मप्र लो सिस्मिक ज़ोन में आता है, जिससे यहां निवेश की सुरक्षा और स्थिरता बनी रहती है। मुख्यमंत्री ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेट्रो) के अध्यक्ष सुसुमु काताओका और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में जेट्रो के 5 कार्यालय नई दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई और अहमदाबाद में हैं, किंतु मप्र में इसका कोई कार्यालय नहीं है। उन्होंने जेट्रो को राज्य में एक कार्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, ताकि जापानी कंपनियों और राज्य सरकार के बीच संवाद और सहयोग को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



सीएम ने टोक्यो में फास्ट रिटेलिंग कंपनी के फाउंडर और सीईओ तदासी यानाई से मुलाकात की

- ***सीएम ने जेट्रो से भारत में कार्यरत 1400 से अधिक जापानी कंपनियों को मप्र में निवेश के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया***
- ***सीएम ने राज्य में युवाओं के कौशल विकास के लिए जापानी ट्रेनिंग मॉडल अपनाने की बात कही***

### ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट निर्माण के लिए अनुकूल माहौल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट निर्माण के लिए अनुकूल माहौल मौजूद है। यदि एक प्रमुख पैसेंजर कार निर्माता मप्र में निवेश करता है तो राज्य का यह सेक्टर और सुदृढ़ हो जाएगा। उन्होंने जेट्रो से इस दिशा में सहयोग की अपेक्षा जताई। मुख्यमंत्री ने जेट्रो के समक्ष प्रस्ताव रखा कि वह मप्र सरकार के साथ मिलकर निवेश प्रचार कार्यक्रम और सेमिनार आयोजित करे, जिससे जापानी कंपनियों को राज्य की निवेश नीतियों और औद्योगिक अवसरों की जानकारी मिल सके।

**जेट्रो अध्यक्ष सुसुमु काताओका ने कहा...**

**जापानी कंपनियों के लिए मध्यप्रदेश में निवेश का बड़ा अवसर**

जेट्रो अध्यक्ष सुसुमु काताओका ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए मप्र में निवेश के अवसरों को समझने और नई साझेदारियां स्थापित करने के लिए आगामी 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' एक महत्वपूर्ण मंच होगा।

### मप्र में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश बन सकता है मॉडल

मुख्यमंत्री यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शोहई हारा से मुलाकात कर मप्र में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने जिका का सहयोग हम मप्र ग्रामीण जलापूर्ति परियोजना के लिए कर सकते हैं, जो जल उपचार संयंत्रों और संबंधित सुविधाओं का निर्माण करके राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में स्थिर और सुरक्षित जल आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम हो सकेंगे। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरो में शहरी परिवहन, जल प्रबंधन और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टस में तकनीकी और जापानी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए स्थायी शहर मॉडल बनाया जा सकता है।



### सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसा

# नौ भारतीयों की मौत, विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया दुख

**भारत ने हेल्पलाइन स्थापित की**

एजेंसी ▶▶ जेद्दा/नई दिल्ली

सऊदी अरब में भीषण सड़क हादसे में नौ भारतीयों की मौत हो गई है। जेद्दा में भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी है। मिशन ने बताया कि यह हादसा पश्चिमी सऊदी अरब में जीजान के पास हुआ।

मिशन ने बताया कि वह हादसे में मृत हुए लोगों के परिवारों के संपर्क में है। इसके अलावा, वह सऊदी के अधिकारियों के संपर्क में हैं और वे अपना समर्थन दे रहे हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि हम सऊदी अरब साम्राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में जिज़ान के पास एक सड़क दुर्घटना में 9 भारतीय नागरिकों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना है। जेद्दा में भारत का महावाणिज्य दूतावास पूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकारियों और परिवारों के संपर्क में है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना करते हैं।


**जयशंकर ने बताया...**

**जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत परिवारों के संपर्क में**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हादसे पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वह दुर्घटना और लोगों की मौत के बारे में जानकर दुखी हैं। एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री ने कहा कि जेद्दा में हमारे महावाणिज्यदूत से बात हुई, जो संबंधित परिवारों के संपर्क में हैं। वह इस दुखद स्थिति में पूरा समर्थन दे रहे हैं।

### जामनी नदी के पास मिला था शव

# शिक्षा विभाग के अकाउंटेंट की मौत, सीबीआई जांच की मांग



**मृतक के बेटे ने कहा पांच दिन बाद भी कुछ नहीं हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निवाड़ी

जिले के पृथ्वीपुर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत काशीराम प्रजापति की 22 जनवरी को मौत हो गई थी। जामनी नदी के सेवारी पुल के पास उनका शव उनकी एक्टिवा स्कूटी के साथ मिला। घटनास्थल से एक शराब की बोतल और तीन डिस्पोजेबल गिलास भी बरामद हुए।

मृतक के बेटे उपेंद्र प्रजापति ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। उपेंद्र ने कहा कि मेरे पिता आत्महत्या नहीं कर सकते और उनकी मृत्यु संदिग्ध है।

### सुरक्षा एजेंसियों ने घेरा एयरपोर्ट

# प्लेन हाईजैक का मैसेज मिलते ही मचा हड़कंप



**मुंबई एयरपोर्ट पर हुई इमरजेंसी लैंडिंग**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार रात एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2957 से हाइजेक का अलर्ट मिलने से दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। दिल्ली से मुंबई जा रही इस फ्लाइट में 126 यात्री सवार थे। जैसे ही पायलट ने दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को हाइजैकिंग का अलर्ट भेजा।

इसके बाद तुरंत ही सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं, दिल्ली से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद यह अलर्ट भेजा गया था, जिसके बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की तैयारियां शुरू कर दी गईं।

### मौनी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी




**नर्मदापुरम।** माघ मास की मौनी अमावस्या पर बुधवार को नर्मदापुरम में हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी मां नर्मदा के सभी घाटों पर सुबह 4 बजे से पहुंचकर पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया। वहीं, सेठानी घाट सहित नर्मदा के सभी घाटों पर आसीन दरिद्र नारायणों को दान दक्षणा देकर पूजन पाठ व कथा का आयोजन किया गया। ज्यातिषाचार्य पंडित विजय परसाई ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन उत्राशाषाणा नक्षत्र और सिद्धी योग होने के कारण स्नानर्थियों ने स्नान, दान एवं तर्पण का आयोजन कर पुण्य लाभ आर्जित किया। सेठानी घाट पर स्नान करने आए स्नानार्थी दीपेश यादव ने बताया कि भातरीय ज्योतिष शात्र में ग्रहों एवं नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर कुंभ, महाकुंभ और सिंहस्थ जैसे, विशेष योग बनते हैं।


### मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू

# महिला हो या पुरुष उन्हें वेस्टर्न कपड़े पहनने की अनुमति नहीं

**मंदिर की मर्यादा और पवित्रता को बनाए रखने के लिए उठाया कदम**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर ने मंगलवार को भक्तों के लिए ड्रेस कोड जारी कर दिया है। जिसमें अब से मंदिर के अंदर छोटे कपड़े, फटी जींस और बैकलेस ड्रेस पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में अगर आप बप्पा के दर्शन करने के लिए अगर छोटे कपड़े यानी वेस्टर्न ड्रेस पहनकर आते हैं, तो आपको मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट द्वारा घोषित नोटिस में कहा गया है कि पुरुष और महिलाओं को सभ्य कपड़े, यानी भारतीय पोशाक पहनकर ही आना होगा, तभी उन्हें मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा।




**इसलिए लिया गया फैसला?**

मंदिर ट्रस्ट ने कहा कि अनुचित कपड़ों को लेकर कई शिकायतें लगातार आ रही थी। ऐसे में कुछ भक्त ऐसे कपड़े पहनकर दर्शन करने आ रहे थे, जो मंदिर की प्रतिष्ठा के खिलाफ थे, जिसके कारण सिद्धिविनायक मंदिर में आने वाले अन्य भक्तों को असुविधा हो रही थी।

### लोकायुक्त पुलिस को मिली सौरभ के करीबी दोस्त शरद की 6 दिन की रिमांड

# बोला- सौरभ ने मेरे डॉक्यूमेंट से खरीदी प्रॉपर्टी स्वीकारा, हां मैं देखता था उसका पूरा कारोबार

*अवैध नाकों से खुलेआम वसूली के खेल में कौन-कौन लोग उनके सहयोगी रहे हैं और इस कमाई का हिस्सा कहां और किस तक जाता था? पूछताछ में होगा यह खुलासा*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त पुलिस ने बुधवार की दोपहर परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक और काली कमाई के सूत्रधार सौरभ शर्मा के करीबी दोस्त शरद जायसवाल को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे अपरान्ह लगभग सवा तीन बजे न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगी गई। न्यायालय ने शरद की 6 दिन की रिमांड लोकायुक्त पुलिस को सौंप दी।



शरद जायसवाल

### शरद ने कहा- वह बेकसूर सिर्फ उसका कारोबार देखता था

जायसवाल ने न्यायालय के सामने खुद को बेकसूर बताया और कहा कि वह सौरभ के रेस्टोरेंट, होटल का कारोबार ही देखता था। उसने बताया कि सौरभ ने उसके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर संपत्तियां खरीदी हैं लेकिन घोटाले में उसका कोई हाथ नहीं है। इससे पहले लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को सौरभ और चेतन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। सौरभ को लोकायुक्त ने 4 फरवरी तक रिमांड पर लिया है।

### ईडी भी रिमांड लेकर करेगी पूछताछ

सौरभ और उसके सहयोगियों को रिमांड में लेने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने पूछताछ प्रारंभ कर दी है। इसके बाद ईडी भी सौरभ,चेतन और शरद की रिमांड लेकर पूंछतांछ कर सकती है।

### इन सवालों के जवाब ढूंढ़ेगी लोकायुक्त पुलिस

लोकायुक्त पुलिस तीनों आरोपियों का आमना-सामना करा कर कुछ सवालों के जवाब ढूंढ़ने की कोशिश करेगी। जैसे, इतने कम समय में सौरभ और उसके सहयोगियों ने इतनी बड़ी मात्रा में प्रॉपर्टी कैसे अर्जित की?, काली कमाई को सोने-चांदी की सिल्लियों में कैसे कन्वर्ट कराया जाता था?, अवैध नाकों से खुलेआम वसूली के खेल में कौन-कौन लोग उनके सहयोगी रहे हैं और इस कमाई का हिस्सा कहां और किस तक जाता था?

# दोपहर में पेरेंट्स का प्रदर्शन, शाम को फिटजी कोचिंग सेंटर सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को राजधानी स्थित फिटजी कोचिंग सेंटर के बाहर अभिभावकों ने जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की है कि कोचिंग संस्थान के मालिक डीके गोयल को जल्द गिरफ्तार किया जाए। उसका बैंक अकाउंट सीज कर अभिभावकों के सारे पैसे लौटाए जाएं। अभिभावकों ने कोचिंग संस्थानों के खिलाफ सख्त गाइडलाइन बनाने की भी मांग की है, ताकि आगे से कोई भी सेंटर ऐसी धोखाधड़ी न कर सके। दोपहर में अभिभावकों द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद शाम को फिट्जी कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया है।

मंगलवार शाम बैरागढ़ एसडीएम आदित्य जैन ने बताया कि पिछले दिनों कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेश पर कोचिंग सेंटर का गुमाश्ता सस्पेंड कर दिया गया था। जिसको लेकर मंगलवार को कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया है। भोपाल के पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा के अनुसार इस मामले को लेकर तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है। इनमें से एक टीम दिल्ली पहुंच चुकी है और गोयल की तलाश की जा रही है।

कोचिंग संस्थान के मालिक डीके गोयल को गिरफ्तार करने दिल्ली पहुंची पुलिस

कोचिंग संस्थानों के लिए गाइड लाइन बनाने की मांग

**अभिभावक बोले**

अकाउंट सीज कर पैसे वापस दिलाए जाएं



मंगलवार को राजधानी स्थित फिटजी कोचिंग सेंटर के बाहर विरोध प्रदर्शन करते अभिभावक।

### पुलिस-प्रशासन की तरफ से कोई भी जवाब नहीं मिला

*अभिभावक अखिलेश अग्रवाल के अनुसार उन्होंने इसे लेकर कलेक्ट्रेट और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अभी तक प्रशासन या पुलिस की तरफ से कोई भी जवाब नहीं मिला है।*

### बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बढ़ी चिंता, बच्चों पर पड़ रहा बुरा असर

अभिभावक आरके शर्मा और इप्शिता के अनुसार कोचिंग सेंटर के बंद होने से बच्चों की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर चिंता बढ़ गई है। उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। वहीं, मुकेश महावर के अनुसार उनका बेटा 11वीं कक्षा में है। फिटजी बंद होने से वह डिप्रेशन में है। हमारी सरकार से मांग है कि हर अभिभावक से लाखों रुपए लेकर भागे फिटजी के मालिक डीके गोयल की जल्द गिरफ्तारी हो और अभिभावकों के सारे पैसे वापस हों।

### चार आरोपियों के खिलाफ 15 दिसंबर को दर्ज हुई एफआईआर

फिटजी कोचिंग सेंटर के मालिक डीके गोयल सहित 4 लोगों पर भोपाल के एमपी नगर थाने में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में 15 दिसंबर को एफआईआर की गई थी। कोचिंग स्टूडेंट्स की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। शिकायत के अनुसार कोचिंग सेंटर अचानक बंद किए जाने की वजह से हर पैरेंट्स के लगभग 2 लाख रुपए फंसे हुए हैं। कुल मिलाकर यह राशि 12 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। इस मामले ने न केवल बच्चों के भविष्य को खतरे में डाला है बल्कि अभिभावकों को भी आर्थिक रूप से परेशान कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### एमपी बोर्ड ने जारी किए 10वीं-12वीं के प्रवेश-पत्र

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) परीक्षा वर्ष 2025 के प्रवेश-पत्र जारी कर दिए है। प्रवेश पत्र माशिमं की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी। 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च तक और दसवीं की परीक्षा 27 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की जाएगी। दोनों कक्षाओं के करीब 16.61 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। 10वीं के विद्यार्थियों की संख्या करीब 9.54 लाख और 12वीं के विद्यार्थियों की संख्या लगभग 7.07 लाख है।

### भिक्षुक गृह के लिए जगह की तलाश शुरू

**भोपाल।** राजधानी को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही है। दरअसल प्रशासन ने भिक्षुक गृह शुरू करने का निर्णय लिया था, लेकिन रहवासी क्षेत्र में इसको लेकर आपत्ति आ रही हैं। ऐसे में अब जिला प्रशासन ने शासकीय आवासों की तलाश शुरू कर दी है वहीं एक निजी संस्थान ने मंगलवार को कलेक्टर को भिक्षुक गृह शुरू करने के लिए आवेदन भी दिए हैं। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही भिक्षुक गृह शुरू कर भिखारियों का पुनर्वास किया जाएगा। बता दें कि एमपीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक युवक से भिखारी का विवाद हो गया था। इस मामले में पुलिस ने भिखारी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। इसके बाद से जिला प्रशासन, नगर निगम, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी भिक्षावृत्ति रोकने को लेकर फिर से सक्रिय हो गए हैं।

### पटवारी परीक्षा की तृतीय काउंसलिंग को चुनौती

**जबलपुर।** हाईकोर्ट में याचिका के जरिए पटवारी चयन परीक्षा-2022 की तृतीय काउंसलिंग को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने याचिका में संशोधन कर नियुक्त सभी पटवारियों को पक्षकार बनाने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी प्रयागराज दुबे की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला व विनीत टहनगुरिया ने पक्ष रखा।

### मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना में 5 एकड़ तक 100% अनुदान

**बलोदा बाजार।** छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने और काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत किसानों को वाणिज्यिक पेड़ों के रोपण के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना में सागौन, बांस, मिलिया डुबिया और क्लोनल नीलगिरी जैसे व्यावसायिक महत्व के पौधों का रोपण किया जाएगा। सरकार पांच एकड़ तक की भूमि पर 100% और इससे अधिक भूमि पर 50% तक का अनुदान देगी। योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उत्पादों की खरीद की गारंटी दी गई है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा।

### विशेष लोक अभियोजक ने कहा- पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों को नहीं किया जाएगा परेशान और प्रताड़ित

# सौरभ, उसके साथी चेतन का 'सरकारी दामाद' की तरह रखा जाएगा ख्याल

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

### पुलिस रिमांड में सौरभ और चेतन को आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ

आरटीओ के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को पूछताछ करने के लिए मंगलवार को लोकायुक्त संगठन की स्पेशल कोर्ट में पेश कर लोकायुक्त पुलिस ने 4 फरवरी तक 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है।

लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन गौर को मंगलवार को गिरफ्तार कर शाम 5 बजे स्पेशल जज लोकायुक्त आरपी मिश्रा की कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने के लिए उन्हें 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर दिए जाने की मांग की थी।

लोकायुक्त के विशेष लोक अभियोजक विवेक गौड ने सौरभ और चेतन गौर को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करने के लिए 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर दिए जाने का अनुरोध किया था। विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि चेतन के वाहन से 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपए नगद बरामद किए हैं। यह देश का बड़ा संपत्ति बरामदगी का मामला है। इधर, सौरभ के वकील राकेश पाराशर ने पुलिस रिमांड का विरोध करते हुए कहा कि बरामद सोना, चांदी और नगद राशि से सौरभ का कोई लेना-देना नहीं है। जिस वाहन से सोना-चांदी और नगद राशि बरामद हुई है, वह सौरभ की नहीं है। सौरभ के वकील ने कहा कि जब हमने कोर्ट में समर्पण का आवेदन दिया था और हम स्वयं कोर्ट में उपस्थित हुए थे, कोर्ट ने हमें मंगलवार को उपस्थित होने के आदेश दिए थे, साथ ही लोकायुक्त पुलिस को भी केस डायरी पेश करने के आदेश दिए थे, फिर लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ को सुबह 10:30 बजे कोर्ट के गेट से क्यों पकड़ा। लोकायुक्त पुलिस ने कोर्ट की प्रक्रिया के विरूद्ध कार्य किया है। विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों को परेशान और प्रताड़ित नहीं किया जाएगा, बल्कि उनका ध्यान सरकारी दामाद की तरह रखा जाएगा। नियम और प्रक्रिया के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।



सौरभ के एडवोकेट बोले- बरामद सोना चांदी और नगदी से सौरभ का लेना देना नहीं

सौरभ की मां उमा शर्मा भी रही कोर्ट रूम में मौजूद



### सौरभ के वकील ने कहा- शर्मा को दिए जाने वाले भोजन की जांच हो

सुनवाई के दौरान सौरभ के वकील ने कहा कि अगर पुलिस रिमांड पर दिया जाता है तो उसके खाने की जांच कराई जाए और उसके वकील तथा परिजनों को सौरभ से मिलने की अनुमति दी जाए। इधर चेतन के वकील हरीश मेहता ने कहा कि 19 जनवरी से चेतन को लोकायुक्त पुलिस ने प्रति दिन अपने कार्यालय पर बुलाकर उससे पूछताछ की और दो दिन तक उसे बैठाकर रखा। चेतन का बैंक अकाउंट भी फ्रीज करा दिया है। जब उससे पूछताछ कर चुके हैं तो फिर उसे गिरफ्तार करने और पुलिस रिमांड पर लेने का कोई औचित्य नहीं है।

### शर्तेः यातनाएं नहीं दी जाएं, सुरक्षा का रखें ध्यान

विशेष न्यायाधीश ने सभी पक्षों की बहस सुनने के पश्चात दोनों आरोपियों को सशर्त पुलिस रिमांड पर लोकायुक्त पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शर्त के अनुसार लोकायुक्त पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को पुलिस रिमाण्ड पर लेने के उपरांत और कोर्ट में पेश करने के पूर्व मेडीकल परीक्षण कराया जाएगा।पूछताछ करने के दौरान आरोपियों को किसी प्रकार की यातनाएं नहीं दी जाएं। पूछताछ करने के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। खान-पान के समय भी उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा।



## जेपी में होता रहा इंतजार आरोपी सौरभ को लेकर हमीदिया पहुंच गई पुलिस

जांच एजेंसियों के छापे के बाद से फरार चल रहे परिवहन विभाग के जिस पूर्व कांस्टेबल ने अपना सरेंडर किया है। उसका मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। पहले जानकारी मिली कि जेपी अस्पताल में सौरभ शर्मा के स्वास्थ्य का परीक्षण होगा। इस कारण अस्पताल में दोपहर 12 बजे के बाद से ही पुलिस का जमावड़ा शुरू होने लगा। अस्पताल के पास जानकारी आई कि करीब 4 बजे सौरभ शर्मा को यहां अदालत के निर्देश पर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लाया जा सकता है। इस कारण यहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मीडिया कर्मियों का भी भारी जमावड़ा लग गया। कई अधिकारियों ने पहुंचकर मौके का परीक्षण किया, लेकिन 4 बजे तक सौरभ शर्मा को पुलिस यहां लेकर नहीं पहुंची। कुछ देर बाद ही पता चला कि सौरभ शर्मा को हमीदिया अस्पताल हेल्थ चेक के लिए ले जाया गया है। करीब 4:30 बजे सौरभ शर्मा हमीदिया अस्पताल पहुंचा। जहां चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा तैनात की गई। 70 खाकी वर्दी धारी जवान हमीदिया अस्पताल में मौजूद रहे। इस दौरान हमीदिया के सभी गेट बंद कर दिए गए। 46 मिनट तक सौरभ शर्मा अस्पताल में रुका। जहां उसका विधिवत हेल्प चेकअप किया गया। हमीदिया अस्पताल के जितने गार्ड थे। उन्हें भी अस्पताल के ए ब्लॉक से लेकर दोनों गेटों तक तैनात किया गया। गांधी मेडिकल कॉलेज के जिस गेट का निर्माण चल रहा है। वह अभी बंद है, लेकिन वहां पर भी एक दर्जन हमीदिया अस्पताल के गार्ड सुरक्षा में लगाए गए।

■ सभी गेट किए बंद, 46 मिनट तक आवाजाही रही बंद

### तबीयत बिगड़ने पर हुई जांच में पता चला

## 6वीं की छात्रा से 2 छात्रों ने किया गैंगरेप, हुई गर्भवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

बलरामपुर में 6वीं की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। छात्रा के दो नाबालिग साथी ने ही गैंगरेप किया है। हॉस्टल में रहने वाली छात्रा की बार-बार तबीयत बिगड़ रही थी। जब छात्रा का मेडिकल चेकअप हुआ तो पता चला कि वो प्रेग्नेंट है। इसके बाद गैंगरेप का खुलासा हुआ। जैसे ही इस मामले का पता चला तो पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। पुलिस ने मामले में दो नाबालिग छात्रों के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी पिछले कुछ माह से छात्रा से रेप कर रहे थे। घटना कोरंधा थाना क्षेत्र की है।

### दीपावली की छुट्टी में घर जाने पर बिगड़ी थी तबीयत

जानकारी के मुताबिक, कोरंधा थानाक्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल में छात्रा कक्षा छठवीं में पढ़ती है। निजी स्कूल के संचालक का हॉस्टल भी है, जहां एक कमरे में लड़के और दूसरे में लड़कियां रहती हैं। पीड़ित आदिवासी छात्रा दीपावली की छुट्टी में घर गई थी, जहां उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने जड़ी-बूटी से उसका उपचार कराया था। छात्रा के स्वस्थ होने पर उसे फिर से हॉस्टल भेज दिया गया था। छात्रा की तबीयत फिर बिगड़ी तो डॉक्टर से उसकी जांच कराई गई। जांच के बाद उसके प्रेग्नेंट होना बताया गया। इससे परिजन सकते में आ गए।

### 2700 कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

## बिलासपुर में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां हुई पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर जिले के 7 नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 2700 कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन सभी कर्मियों को 30 और 31 जनवरी को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के निर्देशानुसार, स्वामी आत्मानंद स्कूल दयालबंद और स्वामी आत्मानंद लाल बहादुर शास्त्री उमावि में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। मल्टीपर्पज स्कूल में दो दिनों में 1800 और शास्त्री स्कूल में एक दिन में 900 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### दो पालियों में प्रशिक्षण की व्यवस्था

प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलेगी। प्रत्येक पाली में 450 कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## लेखापाल को रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा

### दिव्यांग शिक्षक से पोस्टिंग के लिए मांगे थे 30 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव



कोंडागांव जिले में जगदलपुर एसीबी ने लेखापाल अरुण सेठिया को रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। लेखापाल ने दिव्यांग टीचर से अच्छी जगह पोस्टिंग दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन ब्यूरो ने टीम बनाकर पकड़ा है। दिव्यांग शिक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि समग्र शिक्षा के प्रभारी लेखापाल अरुण सेठिया रिश्वत के लिए बार-बार परेशान कर रहा था। ऐसे में वह मानसिक रूप से परेशान हो गया था। लेखापाल से प्रताड़ित होकर उसने जगदलपुर एसीबी में शिकायत की। दरअसल, 2024 अक्टूबर में स्पेशल एजुकेट का फॉर्म निकला था। इसमें दिव्यांग दिलीप कुमार ने भी आवेदन किया था। दिसंबर में इंटरव्यू हुआ। इसके बाद दिव्यांग दिलीप कुमार का टीचर पद पर चयन हो गया, लेकिन पोस्टिंग को लेकर बात फंस गई। दिव्यांग दिलीप कुमार ने बताया कि उसे पोस्टिंग के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे थे। पोस्टिंग के लिए लेखापाल अरुण सेठिया ने कहा कि चढ़ावा दे दो तो काम हो जाएगा, लेकिन उसके पास डिमांड के मुताबिक रुपए नहीं थे। दिव्यांग दिलीप कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग का समग्र शिक्षा दिव्यांगों के लिए काम करता है। मैं भी दिव्यांग हूं, पैसे मांगे जाने पर मुझे चिंताजनक बात लगी। पैसों को बात नहीं बनी। पोस्टिंग के लिए करप्शन के खिलाफ आवाज उठाने का मन बनाया। जगदलपुर एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी ने बताया कि पीड़ित ने रिश्वत मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस संबंध में विशेष दल गठित की गई। पीड़ित को आरोपी लेखापाल के पास पैसे लेकर भेजा गया। पीड़ित जैसे ही आरोपी को पैसे दिया। लेखापाल को 20 हजार रुपए के साथ रंगेहाथों पकड़ लिया गया।

### देवास कलेक्टर बने ऋतुराज, जमकर ढोल बजे और बांटी गई मिठाई

## कलेक्टर बनने पर अनोखे अंदाज में सीईओ की विदाई, खुशी में झूमे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ *दो घंटे चला ऋतुराज सिंह का स्वागत कार्यक्रम, आईएएस को स्टाफ ने साफा पहनाकर किया विदा, शुभकामनाएं दी*

जिला पंचायत में पदस्थ आईएएस और सीईओ ऋतुराज सिंह के देवास कलेक्टर बनाए जाने पर उनकी विदाई अनोखे अंदाज में हुई। मंगलवार को जब वह ऑफिस से रिलीव होने पहुंचे तो वहां खुशी में कर्मचारी झूम उठे। जमकर ढोल बजे और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। दो घंटे स्वागत करने के बाद आईएएस को साफा पहनाकर विदा किया।सरकार ने सोमवार देर रात 42 आईएएस अफसरों के तबादले थे। इनमें 12 जिलों के कलेक्टर भी बदले गए। इन्हीं में से एक हैं 2015 बैच के आईएएस ऋतुराज। वे लंबे समय से कलेक्टरी मिलने का इंतजार कर रहे थे, क्योंकि उनके बैच के अधिकांश आईएएस कलेक्टर बन चुके थे। दूसरी ओर, भोपाल जिपं सीईओ बने उन्हें करीब ढाई साल हो गया था।

आखिरकार सरकार ने उन्हें देवास जिले का कलेक्टर बनाकर भेजा है। मंगलवार को ही वे रिलीव हो गए और देवास में ज्वॉइनिंग भी दे दी। इस दौरान जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, आकाश परमार, कमल चंदानी, रत्नेश गोस्वामी, दीक्षा शर्मा, प्रीति राय, पूर्णिमा चौरसिया सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।


ऋतुराज सिंह के देवास कलेक्टर बनने पर स्टाफ ने उनको मिठाई खिलाई।

### 'देवास को बनाउंगा क्लीन सिटी आसानी से होंगे सरकारी काम'



मंगलवार को जिला पंचायत के सीईओ पद से विदा हुए ऋतुराज सिंह ने देवास में ज्वॉइनिंग के पहले कहा कि देवास जिले को क्लीन बनाने के प्रयास किए जाएंगे। सरकारी योजनाओं का आम लोगों को आसानी से फायदा मिले, इसके भी प्रयास किए जाएंगे। रुटीन के काम अटकाने वाले अफसरों पर सख्ती की जाएगी।

### *सभी दुकानों में लगेंगी नई ई-पीओएस*

## राशन दुकानों की डिवाइस रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में लगाई गई ई-पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीनों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने रिजेक्ट कर दिया है। यूआईडीएआई ने इन्हें सुरक्षा कारणों से अनुचित माना है। यही वजह है कि प्रदेश की सभी 13905 दुकानों में अपडेट मशीनें लगाई जाएंगी।

नई मशीन के संबंध में यह दावा किया जा रहा है कि यह सुरक्षित तो होगी ही, स्पीड भी ज्यादा रहेगी। बारिश में सर्वर डाउन जैसी समस्या नहीं आएगी। पिछले 8 साल से राशन दुकानों की मशीनों को दो से तीन बार बदला जा चुका है, ताकि राशन की गड़बड़ी रोकी जा सके। मशीनें देने की शुरुआत लोगों के आधार नंबर को राशन कार्ड से लिंक करने के बाद हुई। पहले टेबलेट, फिर मारफो, ई-पीओएस और वेइंग मशीन दी गई। पहले फोटो खिंचवाने पर राशन मिल जाता था।

बायोमीट्रिक फिंगरप्रिंट को अनिवार्य किया गया है। यानी परिवार के किसी एक सदस्य के अंगूठा लगाने पर राशन दिया जाने लगा। इस मशीन में भी फिंगरप्रिंट को लेकर शिकायत मिलने लगी। यही वजह है कि यूआईडीएआई ने इसे रिजेक्ट कर अपडेट वर्जन की मशीन लगाने के निर्देश दिए। राज्य शासन ने मेसर्स लिंक वेल टेलीसिस्टम कंपनी को अपडेट वर्जन की मशीन लगाने कहा है।




# मौनी अमावस्या पर नर्मदा तटों पर उमड़ी भीड़

## ब्रम्ह मुहूर्त से नर्मदा तटों पर लगी आस्था की डुबकी

**जबलपुर।**

बुधवार 29 जनवरी को मौनी (माघी) अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और नर्मदा में डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। ठंड एवं शीतलहर के बावजूद तड़के चार बजे से श्रद्धालुओं का नर्मदा तटों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर डुबकी लगाई। ज्योतिषियों के मुताबिक मौनी अमावस्या पर धर्मावलंबियों में खासा उत्साह रहा। पंडितों के अनुसार माघ में पड़ने के कारण इसे माघी अमावस्या भी कहते हैं। मौनी अमावस्या को मौन व्रत रखने का अपना अलग ही महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और नर्मदा का स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। पीपल के पेड़ की 108 बार परिक्रमा करने का भी विधान है। महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ इस विधान को पूरा किया। मान्यतानुसार पीपल के वृक्ष में 36 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। अमावस्या पर पूजन से सभी मन्नतें पूरी होती हैं। इस वर्ष मौनी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नर्मदा के पावन तटों पर स्नान किया। जबलपुर नर्मदा का पावन तट है, यहां गौरीघाट, भेड़ाघाट, लम्हेटाघाट और तिलवाराघाट में भी स्नानार्थियों का मेला लगा रहा। ब्रम्ह मुहूर्त में स्नान करने वालों की संख्या भी बहुतायत में रही। सुबह 4 बजे से नर्मदा तट पर स्नान करने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी। ज्यों ज्यों दिन चढ़ता गया, स्नानार्थियों की भीड़ भी बढ़ती गई। टैम्पो व ऑटो रिक्शा वालों ने मौके का फायदा उठाकर मनमाने दाम वसूले।

### क्या है महत्व

मौनी अमावस्या का पुराणों में विशेष महात्म्य बतलाया गया हो मौनी अमावस्या भी स्नान दान का पर्व हो धार्मिक ग्रन्थों में उल्लेख है कि इस दिन स्नान-दान करने से पापों का नाश होता हो इस दिन व्रत रहकर मौन स्नान-दान करने से सन्तान को सुख एवं परिवार में शांति व समृद्धि बनी रहती हे। स्त्रियों को वैधव्य नहीं होता और चिरकाल तक सौभाग्य मिलता रहता है। अमावस्या पितृ कार्य का दिन है और चन्द्रलोक ही पितृलोक का निवास स्थान है। इस दिन पितरो के तर्पण, पशु पक्षियों को भोजन कराने, और जरुरतमंदों को दान करने से पितृ प्रसन्न होते है और लोगों को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है।

# आयुध निर्माणियों में सुरक्षा ताक पर, जा रही जिंदगानियां

## एआईडीएएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रक्षा मंत्री को पत्र लिखा



**जबलपुर।** विगत दिनों आयुध निर्माणी भंडारा में हुई दुर्घटना में 7 कर्मचारी एवं 1 अप्रेंटिस प्रशिनार्थी की मौत से पूरे आयुध निर्माणियों में कर्मचारी की सुरक्षा एक सवाल बना हुआ है ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन (एआईडीएएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ने कहा जब से इन निर्माणों को 7 डीपीएसयू में विभाजित किया गया है तब से दुर्घटनाओं का प्रतिशत बढ़ गया है कंपनियां लाभ अर्जित करने के लिए कर्मचारियों की सुरक्षा को ताक पर रखकर उत्पादन बढ़ाने हेतु मानसिक प्रताड़ना दिया जा रहा है जिसकी वजह से दिनों दिन दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है दुर्घटना के बाद खाना पूर्ति कर कर्मचारियों के परिवार को उनके हाल में छोड़ दिया जा रहा है कई परिवार भूखे मरने की हालत में है अनुकंपा नियुक्ति भी नहीं हो रही है। श्री पाठक ने पत्र के माध्यम से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी श्री पाठक ने भंडारा फैक्ट्री में महाप्रबंधक से मुलाकात की और घटना स्थल का मुआयना किया। आज 30 जनवरी गुरुवार को घटना से पीड़ति परिवार से भी मुलाकात करेंगे। श्री पाठक ने कहा जल्द ही सभी निर्माणियों में प्रथम चरण में काली पट्टी पहनकर विरोध फिर निर्माणी स्तर पर धरना उसके बाद राष्ट्रव्यापी धरना किया जाएगा श्री पाठक ने यह मांग की है की सुरक्षा में जिस अधिकारी से चूक हुई है उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। श्री पाठक ने कहा एमआईएल ग्रुप में सर्वाधिक दुर्घटनाएं हुई थी। विगत दिनों एमआईएल ग्रुप के खमरिया फैक्ट्री में भी इस तरह की दुर्घटना हुआ जहां एक कर्मचारी के शरीर के पूरा शरीर उड़ गया श्री पाठक ने कहा प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही न करने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा उक्त घटना के संबंध में अरनव दास गुप्ता पुष्पेंद्र अमरीश सिंह असीम दुबे विनय गुप्ता रोहित यादव राकेश दुबे आदि ने घटना की निंदा की है।

## गणतंत्र दिवस पर पोद्दार सितारों ने बिखेरा जलवा

**जबलपुर।** पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर के लिए यह गर्व का क्षण था, क्योंकि हमारे प्रतिभाशाली छात्रों ने पुलिस ग्राउंड में आयोजित भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में शानदार प्रदर्शन किया। पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर को पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, आईजी, जबलपुर कलेक्टर और अन्य सम्मानित अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। हमारे युवा कलाकारों ने इस विशेष अवसर पर अपनी देशभक्ति, प्रतिभा और कड़ी मेहनत का प्रदर्शन किया। उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए, हमारे प्रिंसिपल और समर्पित स्टाफ सदस्य उनके साथ खड़े रहे और हर कदम पर उनका उत्साहवर्धन किया। हमारे चमकते सितारों और उन्हें आगे बढ़ाने वाली टीम को बधाई। आपने हम सभी को गौरवान्वित किया।

# सीएम राईज स्कूल के छात्र को चाकू मारा

## कांग्रेस ने किया अधारताल थाने में प्रदर्शन



**जबलपुर।** कुछ समय से उपनगरीय क्षेत्र आधारताल पुलिस थाना के अतंर्गत अपराधों की बाढ़ आ गई है। जिसका कारण अधारताल पुलिस के संरक्षण में अपराधी अपराध कर रहे है। जिसका उदाहरण है कि सीएम राईज स्कूल अधारताल में पढ़ने वालें छात्र निर्भय नगर अधारताल निवासी संजय साकेत को असामाजिक तत्वों ने सीएम राईज स्कूल की गेट के पास कई चाकुओं से वार करके घायल कर दिया। जिसे आसपास के नागरिकों ने घायल छात्र को असामाजिक तत्वों से बचाया। इस घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्रीय नागरिकों एवं कांग्रेसजनों को लगी, तत्काल बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने मप्र कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता चमन पासी के नेतृत्व में अधारताल पुलिस थाने में पहुंचकर अधारताल पुलिस थाना का घेराव करके लगभग आधे घंटे तक प्रदर्शन चलता रहा, उस दौरान नागरिकों एवं कांग्रेसजनों की मांग की थी कि स्कूल में पढ़ने वालें छात्र संजय साकेत को चाकू मारने वालें असामाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके गिरफ्तार किया जाए। अधारताल पुलिस थाना में उपस्थित अधारताल टीआई राजकुमार खटीक ने नागरिकों को एवं कांग्रेसजनों को पूर्ण रुप से आश्वासन दिया है कि छात्र को मारने वालें असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करके गिरफ्तार किया जाएगा और कड़ी से कड़ी

# पैदल जा रहे मजदूरों को बाईक ने टक्कर मारी, 2 घायल

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत कटंगी तरफ रोड किनारे पैदल जा रहे दो मजदूरों को एक बाईक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए और दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जगधर सूखा जिला दमोह निवासी 24 वर्षीय मजदूर पंकज पारासर गत शाम लगभग 6.30 बजे साथ में काम करने वालें सिरातुल मंसूरी, सुमित सिंह, सुजान सिंह के साथ मजदूरी करने ग्राम मुर्रई गए थे। मजदूरी करने के बाद साधन न मिलने से कटंगी तरफ पैदल आ रहे थे जैसे ही सब राजपूत ढाबा के पास पहुंचे तभी जबलपुर तरफ से आ रही बाईक क्रमांक एमपी 20 एम एन 7383 के चालक ने रोड किनारे पैदल चल रहे सुमित सिंह एवं सुजान सिंह को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को पैरों में चोटें आ गयी, वहीं बाईक चालक कटंगी तरफ भाग गया। पंकज पारासर ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## श्रद्धालुओं ने उठाया भागवत भक्ति का आनंद

# पुलिस कॉलोनी गढ़ा में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन



**जबलपुर।** पुलिस कॉलोनी गढ़ा में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन विगत दिवस विधिवत संपन्न हुआ। विगत 21 जनवरी से प्रारंभ हुए इस भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे भागवत मनीषी स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रीमद् भागवत कथा का गुणगान किया। कार्यक्रम की शुरुआत विगत 21 जनवरी को भव्य कलश और शोभायात्रा से प्रारंभ हुई। गाजे-बाजे एवं भक्ति मय बैंड धुन, दुल दुल घोड़ी और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालुओं ने संपूर्ण गढ़ा क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का जयघोष किया। तत्पश्चात व्यास पीठ के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ, आठ दिनों तक अनवरत चली इस भागवत कथा में श्रीमद् भागवत के महात्म्य से लेकर परीक्षित जन्म, ध्रुव, भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र जैसे दिव्य प्रसंगों का महाराज श्री ने वर्णन किया। भागवत मनीषी स्वामी राम प्रपन्नाचार्य ने इन आठ दिनों में अपनी पावन अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को भागवत भक्ति में सराबोर कर दिया। भागवत समिति प्रवक्ता दीपांशु शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा के समापन अवसर पर म.प्र. उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अखिल श्रीवास्तव पूर्व कलेक्टर महेश चन्द्र चौधरी, विशेष शाखा के पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, लोकायुक्त के एसपी संजय साहू, एडवोकेट महेन्द्र पटैरिया, शशांक पांडे ने उपस्थित होकर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन समारोह में राजेश पटैल ने आयोजन की सफलता के लिए एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एडवोकेट राजकुमार अवस्थी, अमोल सिंह राजपूत, डॉ. अजय फौजदार, भानु प्रतापसिंह, दीपांशु शुक्ला, विनीत टहनगुरिया, डॉ. अरुण मिश्रा, श्रीमती संध्या दुबे, प्रमिला राजपूत, संध्या अवस्थी, वंदना फौजदार, लक्ष्मी का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# मारपीट की वारदातों में महिला सहित 3 घायल

**जबलपुर।** रांझी और गढ़ा थाना क्षेत्र में मारपीट करने की दो घटना में तीन लोग घायल हो गए जिसमे एक महिला शामिल है। बताया गया है कि शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने युवक व महिला के साथ मारपीट कर डंडे और हाथ के कडे से हमलाकर घायल कर दिया। इस दौरान एक युवक के गले से सोने की चेन भी गिर गई। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंडीटोरिया रांझी निवासी 19 वर्षीय मजदूर शिवा वर्मा गत दोपहर लगभग 12.30 बजे प्राची किराना के पास मुंडीटोरिया में टेंट का सामान गाड़ी में लोड कर रहा था, वहीं पर उसकी मां श्रीमती केशव बाई वर्मा भी खड़ी थी। तभी वहां पर राकेश चौधरी अपने बेटे अभय चौधरी के साथ आया और उससे शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग करने लगा, उसने रुपए देने से मना किया तो राकेश चौधरी गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर अभय चौधरी ने उसके साथ मारपीट कर दी और राकेश ने डंडा से उसके सिर पर हमला कर दिया। उसकी मां बीच बचाव करने आई तो अभय ने मां के सिर व पैर पर डंडे से हमला कर घायल कर जान से मारने की धमकी दीइसी प्रकार गढ़ा में गंगासागर पुरानी चुंगी खेरमाई मंदिर के पास गढा निवासी 26 वर्षीय शिवेंद्र शुक्ला ऑल टू ऑल मोबाइल दुकान जयंती कॉम्पलेक्स में काम करता है। गत रात लगभग 10 बजे वह जयंती काम्पलेक्स से अपने घर गंगासागर अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस व्ही 7403 से आ रहा था जैसे ही पीली बिल्डिंग के पास पहुंचा तभी मोहल्ले का लखन खत्री एवं आयुष सिंगरहा मिले जो उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये की मांग करने लगे, रूपये देने से मना करने पर दोनों गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लखन ने हाथ में पहने हुए कड़े से सिर पर हमला कर दिया और आयुष ने उठाकर उसे पटक दिया जिससे उसे चोटें आ गई। मारपीट के दौरान उसके गले की चेन भी गिर गई। पुलिस ने करने लगे, गालियां देने से मना करने पर दोनों उसे जान से मारने की धमकी दिये लखन खत्री ने हाथ में पहने हुये कड़े से सिर में मारकर चोट पहुँचा दी तथा आयुष ने उठाकर पटक दिया जिससे गांल एवं दांतों में चोट आ गयी मारपीट में उसकी गले की चैन वहीं गिर गयी थी।

## पेट दर्द से युवक की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत ग्राम कोहनी में पेट दर्द के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोहदा कोहनी निवासी 24 वर्षीय आशीष कोल को पेट दर्द होने के कारण चचेरे भाई दगोली कोल द्वारा देर रात लगभग 12.45 बजे मेडीकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चैक कर आशीष कोल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# मरीजों को अस्पताल से चलता कर रहे डॉक्टर



**बैठक में सीजीएचएस सिटीजन ने बताई व्यथा**

**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर पी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में प्रतिनिधि विपिन गुप्ता, प्रमोद दुबे, अनिल शुक्ला, दिलीप कुंडे, किशन लाल, मदन गोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रावत ने पिछले मुददों की समीक्षा, समाधान करते हुए कार्यान्वयन की कार्रवाई से अवगत कराया। वही सलाहकार प्रतिनिधियों ने वरिष्ठ जनों के इलाज, मेडिसन व परामर्श से सम्बंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने यह भी बताया कि सीजीएचएस के डॉक्टरों द्वारा रैफर करने के बाद भी कुछ अस्पताल यह कहकर उन्हें चलता कर रहे हैं कि डॉक्टर का मरीजों को देखने का कोटा पूरा हो गया है इसलिए अब ओपीडी स्लिप नही बनाया जा सकता है। ऐसी स्थिति में बुजुर्ग मरीजों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार के रवैये को डॉ. रावत ने गम्भीरता से लेते हुए कहा है कि ये बात मुख्यालय के संज्ञान में लाई जायेगी। अनिल शुक्ला ने बताया कि डॉ. रावत, डॉ. एलिस सराफ, डॉ. उदया माल, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस के राय स्टाफ के मनोज कुमार, प्रदीप सिंह, लव डांगी, आनन्द कुमार, रवि कुमार, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो, रंजना का सहयोग सराहनीय रहा। बैठक के अंत में मनोज कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल हॉस्पिटल में जीवित को मृत घोषित करने पर महाकोशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसियेशन ने किया विरोध प्रदर्शन



**जबलपुर।** महाकोशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा 29 जनवरी को जीवित व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने पर डीन डॉ. नवनीत सक्सेना को ज्ञापन देकर पुनः इस तरह की घटना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। जिसमें एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में डीन संज्ञान लेते हुए न्यायोचित कार्यवाही करें। किसी जीवित व्यक्ति के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य एक अत्यंत भ्रष्ट एवं निंदनीय घटना है, जिसमें 4 जूनियर डॉक्टरों को सस्पेंड करने एवं संबंधित विभाग अध्यक्ष डॉक्टर दीप्टीबाला शर्मा को शोकॉज़ नोटिस दिया गया है, लेकिन इस संदर्भ में अन्य के भी संलिप्त होने की आशंका है, यह कृत्य इतना निंदनीय है कि भूतकाल में प्रमाणित समस्त प्रमाण पत्रों पर एक प्रश्नवाचक लग गया है, इस संदर्भ में महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन आपको संज्ञान में देता है कि जिला कलेक्टर को तलब करते हुए कृपया विशेष जांच कमेटी का गठन कर न्यायसंगत कार्यवाही करें, जिससे जिस भी भ्रष्ट अधिकारी की संलिप्तता पाई जाती है उसे शासकीय सेवाओं से मुक्त करते हुए उनका रजिस्ट्रेशन रद्द किया जाए, आम जनता के साथ हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाते हुए शासन का दुरुपयोग करने वाले भ्रष्ट व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए एवं सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस तरह का निंदनीय कृत्य करने की चेष्टा कोई भी अधिकारी वर्ग न कर सके। अन्यथा महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसियेशन द्वारा इस भ्रष्टाचार के विरुद्ध उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## ठिकाने तक पहुंची पुलिस, जेवर बरामद, आरोपी नकली पुलिस वाले फरार

# महाराष्ट्र के बदमाशों ने उतरवाएं थे महिलाओं से जेवर



**जबलपुर।** गत 18 जनवरी को कोतवाली एवं कैंट थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिस वाला बनकर महिलाओं से गहने उतारकर ठगी करने वाले आरोपियों के ठिकाने तक जबलपुर पुलिस पहुंच गई, लेकिन ठग पुलिस के हाथ नहीं लगे। उनके ठिकानों से पुलिस ने साढ़े 11 लाख रुपए के साढ़े चौदह तौला के सोने बरामद कर लिए। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के नांदूरा के रहने वालें हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम ब्रांच प्रदीप कुमार शेण्डे ने यहां कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि 18 जनवरी को कोतवाली थाना क्षेत्र में अपनी बहन के साथ जैन मंदिर जा रही सागर देवरी निवासी श्रीमति ज्योति जैन से ठगों ने खुद को पुलिस वाला बताकर उनसे 2 सोने के कंगन. एक सोने की चैन एवं 2 अंगूठी उतारवा लिए थे। और इसी दिन इस घटना के पूर्व कैंट थाना अंतर्गत एपीआर कालोनी कटंगा निवासी विनय कुमारी टाटिया ठगों ने सोने की चार चूड़ी, एक मंगलसूत्र उत्तारकर उन्हें नकली जेवर थमा फरार हो गए थे। उक्त दोनों ठगी के मामलों में जांच के दौरान पतासाजी करने पर संदेहियों के सिवनी की ओर जाने की जानकारी मिलने पर टीम सिवनी रवाना की गयी। सिवनी पहुंचकर पतासाजी करने पर संदेहियों के नंदूरा भुसावल की ओर जाने की जानकारी मिलने पर थाना नंदूरा महाराष्ट्र पहुंचकर पतासाजी की गई, जहां एक मोटे व्यक्ति की पहचान भीरू ईरानी के रूप में हुई। जिसके सम्बंध में ज्ञात हुआ कि वह शराब पीने का आदी है एवं लोगो से धोखाधडी कर पुलिस वाला बनकर सोने चांदी ले लेता है। नंदूरा पुलिस की मदद से जबलपुर पुलिस ने ईरानी के डेरे में दबिश दी, वहां आरोपी नहीं मिला वहां उसके पिता मनहर अली ईरानी मिले जिन्होंने मोटे व्यक्ति की पहचान अपने बेटे अमजद अली ईरानी उर्फ भीरू एवं उसके साथी की पहचान विन्ना उर्फ मोहम्मद अली के रूप में की। डेरे की तलाशी लेने पर डेरे के पास ही लगे नीम के पेड के नीचे एक पॉलीथीन में सोने की 4 चूड़ी, 2 कंगन, 1 मंगलसूत्र, 1 चैन, 2 अंगूठी रखी हुई मिली, जिन्हे पुलिस ने जब्त कर लिया। फिलहाल दोनों आरोपी अमजद अली उर्फ सुल्तान उर्फ गब्बर अली उर्फ भीरु ईरानी और उसका साथी विन्ना उर्फ मोहम्मद फरार है। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के है।

### उल्लेखनीय भूमिका

ठगी करने वाले आरोपियो की पतासाजी कर साढे 11 लाख रूपये कीमती जेवर जप्त करने में थाना प्रभारी अपराध शैलेष मिश्रा थाना प्रभारी कोतवाली विपिन ताम्रकार, थाना प्रभारी कैंट पुष्पेन्द्र पटले, क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक प्रशांत सोलंकी, धनंजय सिंह, अशोक मिश्रा, थाना कैंट के उप निरीक्षक सी.पी.तिवारी, आरक्षक शुभम सिंह, महिला आरक्षक रेणुका मिंज, कोतवाली के उप निरीक्षक अशोक दुबे, सीसीटीव्ही प्रभारी उप निरीक्षक (रेडियो) हर प्रसाद यादव, साइबर सेल के अमित पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

### लोक निर्माण मंत्री ने ली तैयारी की समीक्षा बैठक

# मां नर्मदा प्रकटोत्सव की तैयारियां तेज



**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मां नर्मदा प्रकटोत्सव की तैयारियों को लेकर गौरीघाट में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में पिछले वर्ष की कठिनाईयों का विश्लेषण करते हुए उनके समाधान पर चर्चा की गई। मंत्री ने पर्व को गरिमामय और भव्य बनाने के लिए व्यापारी और क्षेत्रीयजनों से भी सुझाव लिए। बैठक में मां नर्मदा प्रकटोत्सव के दौरान भंडारों के लिए उचित स्थान, यातायात व्यवस्थाएं, एम्बुलेंस, अस्थायी स्वास्थ्य शिविर, फायर ब्रिगेड, कंट्रोल रूम, विद्युत व्यवस्था, वन-वे व्यवस्था, पार्किंग, नर्मदा तट पर वॉच टावरों की स्थापना और तट पर दुकानों की अनुमति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, साफ-सफाई, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, टॉयलेट, और घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की योजना बनाई गई।मंत्री सिंह ने कहा कि शराबखोरी पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी और नर्मदा तट पर एक स्थायी पुलिस चौकी भी स्थापित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पर्व के दौरान व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए 10 वॉकी-टॉकी से लैस लोग तैनात किए जाएंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि वे स्वयं निर्धारित पार्किंग स्थल से पैदल मां नर्मदा तट तक जाएंगे और सभी से अपील की कि वे निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन पार्क करें। साथ ही, उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि इस पावन दिन को "मां नर्मदा प्राकट्योत्सव" के रूप में मनाया जाए।

बैठक में महापौर जगत बहादुर अन्नू, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने एसडीएम अनुराग सिंह को मेला अधिकारी नियुक्त किया और आयोजन की सभी व्यवस्थाओं का समन्वय करने के निर्देश दिए।

## जबलपुर को रेल विभाग से मिलेगी कई नई सौगातें

**जबलपुर।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे को पत्र लिखकर जानकारी दी कि उनके प्रयासों के फलस्वरूप जबलपुर को रेल विभाग से कई नई सौगातें मिलेंगी। पत्र में रेल मंत्री ने बताया कि जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज परियोजना का दोहरीकरण और भेड़ाघाट-भिटौनी के बीच तीसरी लाइन का सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। साथ ही, जबलपुर से दमोह के बीच नई रेललाइन के लिए भी जांच शुरू की गई है। सांसद आशीष दुबे ने यह भी जानकारी दी कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जबलपुर के दो प्रमुख रेलवे स्टेशनों का विकास किया जाएगा। इसके अलावा, 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 15 रोड ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण भी जारी है। सांसद ने यह भी उम्मीद जताई कि जल्द ही जबलपुर को नई ट्रेनों की सौगात भी मिलेगी। सांसद ने रेल मंत्री के नेतृत्व में जबलपुर को होने वाले लाभ का आभार व्यक्त किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रेल विभाग द्वारा किए जा रहे सुधारों की सराहना की।



## लोक निर्माण मंत्री ने ग्राम टिमरी पहुंच कर पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने ग्राम टिमरी में हुए नृशंस हत्या से पीड़ित दुबे व पाठक परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति अपनी श्रद्धांजली अर्पित की तथा कहा कि सरकार आपके साथ है। आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही जारी है। मंत्री सिंह ने कहा कि मृतकों के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था के साथ उनके आश्रितों की आजीविका के लिए प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को फोन कर कहा कि हमलावरों के साथ बाहरी कौन-कौन व्यक्ति थे, उन्हें भी चिन्हित कर कार्यवाही करें। साथ ही मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक को फोन लगाकर कहा कि मेडिकल कॉलेज में इलाजरत मुकेश दुबे के समुचित इलाज सुनिश्चित करें।

## नेत्रहीन कन्या शाला में उत्साह से मनाया गया ध्वजवंदन कार्यक्रम




**जबलपुर।** नेत्रहीन कन्या हाई स्कूल राइट टाऊन जबलपुर में 26 जनवरी को ध्वजारोहण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कन्या शाला के प्राचार्य पूनमचंद मिश्रा ने बताया कि 18 वर्षों से संचालित नेत्रहीन कन्या शाला में आज पहली बार एक होनहार विधायक ने हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया, जो एक प्रशंसनीय विषय है और नेत्रहीन कन्याओं में उत्साह की लहर के साथ भाव विभोर हुए।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सज्जाद हुसैन सैफी, सदस्य विनोद जैन, श्रीमती नम्रता त्रिपाठी, डॉ.अरुण मिश्रा, संतोष केसरवानी, अनिल सराठे, राजेश सैनी, राजेंद्र चौकसे, अभिषेक शेखर सोनी का योगदान रहा। शाला के स्टाफ सहित समस्त बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में विधायक के द्वारा छात्रों को मिष्ठान एवं फल वितरण कराया गया, भारतीय जीवन बीमा निगम के राजीव शर्मा के द्वारा सभी छात्रों को वस्त्र वितरण किए गए। रोटरी ईलायंस से विनय पाण्डेय एवं श्रीमति रेखा नायडू, सोनू कोरी, सविता बर्मन, सुलोचना गोस्वामी, गंगा बाई, माया पटेल, संजय मिश्रा, यूसुफ सैफी, शेखर सोनी एवं रुक्मणि राव एवं शर्मा मेडम विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



## जबलपुर विकास प्राधिकरण में संभागायुक्त ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**जबलपुर।** 26 जनवरी के सुअवसर पर जबलपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में संभागायुक्त सह अध्यक्ष अभय वर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारी/कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ और हमारा देश गणतांत्रिक राष्ट्र बना। हमें गर्व है कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। श्री वर्मा ने आगे कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों का पालन देश हित और देश की प्रगति में करना चाहिये। इसके साथ ही सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी।

## लेनार्ड हा.से. स्कूल के वार्षिक खेलकूद में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**जबलपुर।** साइंस ग्राउंड में लियोनार्ड स्कूल बिलहरी द्वारा वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। सभी छात्रों ने अनुकूलित और मजेदार भरे ट्रैक इवेंट में भाग लिया। खेल दिवस की शुरुआत प्रधानाचार्य एलजी लोबो ने साक्षी मार्को हेड गर्ल और हेड ब्वॉय ध्रुव पटेल की उपस्थिति में गुब्बारे जारी किए। स्कूल प्रिंसिपल क्रिस्टीन लोबो और खेल प्रभारी के मार्गदर्शर तथा पर्यवेक्षण के तहत छात्रों और शिक्षकों ने अन्य शिक्षकों के साथ पीटी और ट्रैक इवेंट में विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन के साथ एक भव्य खेल दिवस आयोजित किया। आयोजन में फादर भूषण खालको, सौरभ रोहानी और लियोनार्ड एचएस स्कूल सिविल लाइस के प्रिंसिपल भी उपस्थित रहे।

ट्रैक इवेंट के दौरान टॉम एण्ड जेरी रेस, हैरी पाटर रेस, बोट रेस, कार्ड बोर्ड रेस, थ्री लेग्ड रेस, सैक रेस, फ्लैट रेस और रिले रेस आदि रेसों ने माता-पिता को रोमांचित कर दिया। नर्सरी, प्राथमिक और उमा द्वारा की गई पीटी ने अपने सुंदर और रंगीन पोशाक में माता-पिता को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ बच्चों द्वारा लगाए गए विशेष नृत्य भांगड़ा ने अपने माता-पिता का ध्यान आकर्षित किया। ट्रैक इवेंट के सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और पदक से सम्मानित किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए इंटर हाउस विजेता ट्राफी रेड हाउस को दी गई। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य एलजी लोबो द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।



## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने फहराया तिरंगा

### सामूहिक प्रयास से ही बिजली क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक आदर्श राज्य के रूप में बनने की दिशा में अग्रसर होगा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने पाण्डुताल मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार हम लोग ऐसी कार्य योजना बना रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाए बगैर बिजली सब्सिडी का भार कम किया जा सके। हम इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम लोगों के सामूहिक प्रयास से नश्चिति ही बिजली क्षेत्र में मध्यप्रदेश एक आदर्श राज्य के रूप में बनने की दिशा में अग्रसर होगा। अनय द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रुपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जा रही है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रति माह एक करोड़ से अधिक, अटल कृषि ज्योति योजना में 26 लाख 59 हजार और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में 9 लाख 3 हजार कृषि उपभोक्ता प्रति माह लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश की जनरेटिंग, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन और मैनेजमेंट कंपनी के सभी कार्मिकों के परिश्रम, बेहतर प्रबंधन और दृढ़ता की बदौलत प्रदेश की आबादी, कुटीर और छोटे उद्योग व बड़े उच्चदाब उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जा रही है, वहीं कृषि उपभोक्ताओं को औसतन 10 घंटे बिजली प्रदाय किया जा रहा है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव कुमार गुप्ता सहित सहित बड़ी संख्या में अभियंता, कार्मिक, सेवानिवृत्त कर्मी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## आवासीय योजनाओं की ब्रांडिंग के लिए प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने दिये टिप्स

**जबलपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव संजय शुक्ला ने जबलपुर प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना और अमृत योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से आवासीय परियोजनाओं और सीवर कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। प्रमुख सचिव शुक्ला ने अधिकारियों को आवासीय योजनाओं की ब्रांडिंग के लिए आस-पास की बस्तियों में जाकर महिलाओं और बच्चों को योजनाओं की विशेषताओं के बारे में बताने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए एक ठोस योजना प्रस्तुत की जाए। उन्होंने सीवर और पेयजल परियोजनाओं के शीघ्र पूर्ण करने की भी बात की और अगले समीक्षा बैठक में प्रगति रिपोर्ट देखने का आश्वासन दिया।



## डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जबलपुर।** डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड पार्षद मुकीमा याकूब अंसारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ समूचे देश दुनिया के साथ जबलपुर के मुस्लिम क्षेत्र में भी हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। जाकिर हुसैन वार्ड अंतर्गत मोमिनपुरा तलैया में शहर काजी मौलाना रियाज आलम मोहम्मदी एवं अंसारी समाज के अध्यक्ष हाजी अब्दुल हकीम बाबा साहब की अध्यक्षता में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन कांग्रेस नेता व समाजसेवी याकूब अंसारी, रशीद हिना, नफीस राजा, हाजी वहिद खान, आसिफ मंसूरी ,परवेज अंसारी, रियाज भाई कुल्फी वाले, सहवाग अली, बस्सु हाजी, गोप अंसारी, हाजी अयाज अंसारी, मतलूब भाई, तौफीक चिश्ती, मुमताज भैया, गुड्डा चिश्ती आदि जन मौजूद रहे।

## सेंट मेरीस उमावि में हर्षोल्लास से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**जबलपुर।** सेंट मेरीस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के वाइस प्रेसिडेंट रेव. फादर शाजीपी जोशुआ एवं प्राचार्य मिनाती एस चार्ल्स ने ध्वजारोहण कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। राष्ट्रभक्ति एवं संस्कृति से ओतप्रोत नृत्य एवं गायनों का प्रस्तुतिकरण विद्यार्थियों ने किया। बच्चों में राष्ट्र प्रेम जगाने देश की संस्कृति एवं देशभक्ति के जज्बातों को दर्शाने विद्यालय में इंटर स्कूल ड्राइंग एवं पेंटिंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। प्राचार्या के दिशा निर्देशन पर शिक्षकों के सहयोग से कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के विभिन्न समूह बनाकर उन्हें कार्यशैली समझाई गई। अभिभावकों हेतु विद्यार्थियों द्वारा गो ग्रीन गो क्लीन एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट थीम पर प्रोजेक्ट तैयार किए गए जिसकी अभिभावकों ने प्रशंसा की। वाइस प्रेसिडेंट रेव. फादर शाहजी पी जोशुआ एवं प्राचार्य द्वारा सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अधिकारों के साथ ही कर्तव्यों पर विशेष ध्यान देने प्रेरित किया गया। इंटर स्कूल ड्राइंग एवं पेंटिंग कॉम्पटीशन के विजयी छात्रों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया तथा प्रत्येक समूह के पांच-पांच विद्यार्थियों को कसोलेशन प्राइज भी दिए गए। सारे जहां से अच्छा गीत के पश्चात कार्यक्रम का समापन मिष्ठान्न वितरण से किया गया।

## एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में फहराया गया तिरंगा



**जबलपुर।** देश का 76वां गणतंत्र दिवस एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गरिमा श्रीवास्तव थीं। सर्वप्रथम अतिथियों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। राष्ट्रगान के साथ आर्मी, नेवल, एनसीसी, स्काउट गाइड के कैडेट्स ने शारदान परेड के साथ तिरंगे को सलामी दी। मुख्य अतिथि गरिमा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारे देश की संविधान सभा ने संविधान का निर्माण किया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, जिसमें भारत के सभी नागरिकों को अधिकार एवं कर्तव्य प्रदान किए गए जिनका सभी को निर्वहन कर देश के विकास में सहभागिता प्रदान करना चाहिए। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में एनपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, तुलसीदास द्रविड़, धवल श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, वीरा श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्य डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्राचार्य महेश मोरे, स्टेट बोर्ड उप प्राचार्य मनु श्रीवास्तव, पार्षद अमरचंद बावरिया, संतोष विनोदिया, सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/253
दिनांक :- 29/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्ण कुमार साहू पिता स्व. श्री प्यारे लाल साहू ने मकान नं. 214/ए वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि-2063.73 व.फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## वरिष्ठ अधिवक्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी श्री अवधेश प्रसाद शुक्ला का निधन

**जबलपुर।** उच्च न्यायालय जबलपुर एवं कटनी बार एसोसिएशन के संस्थापक श्री अवधेश प्रसाद



शुक्ला इस नास्वर संसार से मुक्ति होकर चिर यात्रा में समाहित हो गये। डॉ. एस.एस. शुक्ला विभागाध्यक्ष खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पिता श्री ए. पी. शुक्ला वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता का निधन 29 जनवरी 2025 को सुबह हो गया है। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुई।

**श्री रमेश वानखेड़े-** यादव कॉलोनी पटेल मोहल्ला निवासी श्री रमेश वानखेड़े (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमलेश मरवाह-** पुरूषार्थी कोआपरेटिव सोसायटी आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री कृष्ण लाल मरवाह की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश मरवाह (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रकाश दीक्षित-** रतन कॉलोनी नर्मदा रोड




निवासी श्री प्रकाश दीक्षित (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौ री घा ट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय बंशकार-** सिद्धबाबा बंशकार मोहल्ला निवासी श्री भगवान दास बंशकार के पुत्र श्री अजय बंशकार (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रेखा बाई चौधरी-** अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट निवासी श्री भवानी सिंह चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा बाई चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल कोरी-** भानतैया बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री शंकर लाल कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम सागर शुक्ला-** संचार नगर दीनदयाल चौक के पास निवासी श्री राम सागर शुक्ला का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय शंकर जायसवाल-** बेलबाग रोड निवासी श्री विजय शंकर जायसवाल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री इंद्र कुमार राय-** गंजीपुरा मेन रोड निवासी श्री इंद्र कुमार राय (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूलमति देवी-** भानतलैया निवासी श्री मथुरा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती फूलमति देवी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय कुमार मिश्रा-** गली नं. 16, सदर निवासी श्री विजय कुमार मिश्रा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गनेश कुमार-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सरजू लाल डुमार के पुत्र श्री गनेश कुमार (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विकास कोल-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री राजू कोल के पुत्र श्री विकास कोल (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति देवी मिश्रा-** चैतन्य सिटी तिलहरी निवासी श्री शारदा प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी मिश्रा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/255
दिनांक :- 29/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. श्रीमती अमिता सक्सेना पति डॉ. श्री राजीव सक्सेना ने मकान नं. 79 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1622.5 व.फु., भूतल 670 व.फु., प्रथमतल 670 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024-25/एम/254
दिनांक :- 29/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. श्री राजीव सक्सेना पिता स्व. श्री आर. सी. सक्सेना ने मकान नं. 80 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल 1586 व.फु., भूतल 476+566 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# ब्रिटेन की 200 कंपनियों ने लिया बड़ा फैसला, 4 दिन काम, 3 दिन आराम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में जहां, 70 घंटे, 90 घंटे हफ्ते में काम करने की वकालत की जा रही है, वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन की 200 कंपनियों ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिसके तहत कर्मचारियों को केवल चार दिन काम करना होगा और तीन दिन की छुट्टी मिलेगी। यह कदम वर्क-लाइफ बैलेंस को सुधारने और कर्मचारियों की संतुष्टि बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस नई नीति का लाभ 5,000 से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा, जो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत हैं, जैसे कि मार्केटिंग, टेक्नोलॉजी और चैरिटी। इस फैसले के पीछे का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। चार दिन का कार्य सप्ताह अपनाने वाली कंपनियों का मानना है कि यह पुरानी आर्थिक संरचना से बाहर निकलने का एक तरीका है।

- इस नई नीति का लाभ 5000 से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा

## कदम वर्क-लाइफ बैलेंस को सुधारने व कर्मियों की संतुष्टि सुधारने उठाया गया

### सैलरी उतनी ही मिलेगी

सबसे खास बात ये है कि काम के दिन कम करने के बाद भी कर्मचारियों की सैलरी में कोई कटौती नहीं की जाएगी। इससे कर्मचारियों को बिना किसी वित्तीय चिंता के अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलेगा। कंपनियों ने इस नीति को लागू करने के लिए गंभीरता से विचार किया है, जिससे न केवल कर्मचारी बल्कि कंपनियां भी लाभान्वित होंगी।



### 70, 90 घंटे वालों को मिला जवाब

ब्रिटेन की इन 200 कंपनियों के फैसले का असर वैश्विक संदर्भ में भी महत्व रखता है, खासकर तब जब भारत में कुछ कंपनियां अपने कर्मचारियों से 70 से 90 घंटे काम करने की अपेक्षा कर रही हैं। ब्रिटेन का यह कदम न केवल कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि यह अन्य देशों के लिए भी एक उदाहरण पेश करता है कि कैसे वर्क-लाइफ बैलेंस को प्राथमिकता दी जा सकती है।

### 9 से 5 का पैटर्न पुराना हो गया

द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, फाउंडेशन कैम्पैन के निदेशक जोई राइल ने कहा कि '9 से 5 का वर्क पैटर्न 100 साल पहले विकसित हुआ था और अब यह आधुनिक समय के लिए उपयुक्त नहीं है'। उन्होंने आगे कहा कि इस बदलाव से कर्मचारियों को 50 फीसदी अधिक फ्री टाइम मिलेगा, जिससे वे खुशहाल और संतुष्ट जीवन जी सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 2,852 करोड़ रुपये हो गया। इंडियन बैंक ने पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही में 2,119 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। उसकी चालू वित्त वर्ष की इस तिमाही में कुल आय बढ़कर 17,912 करोड़ रुपये हो गई।

### डेंटा वाटर का शेयर 12% उछाल के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** जल एवं बुनियादी ढांचा समाधान कंपनी डेंटा वाटर एंड इंफ्रा सॉल्यूशंस का शेयर अपने निर्गम मूल्य 294 रुपये से 12 प्रतिशत की बढ़त के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 12.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 330 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 17.84 प्रतिशत चढ़कर 346.45 रुपये पर पहुंच गया।

### दीपक फर्टिलाइजर्स का शुद्ध लाभ हुआ चार गुना

**नई दिल्ली।** दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में चार गुना से अधिक बढ़कर 253.09 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 60.53 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### केंद्रीय बजट के दिन खुला रहेगा एमसीएक्स

**मुंबई।** जिंस बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमसीएक्स) एक फरवरी को बजट के दिन खुला रहेगा। जिंस बाजार में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया जाएगा। एमसीएक्स ने बुधवार को एक बयान में कहा कि एक्सचेंज सुबह नौ बजे से शाम 5 बजे तक सामान्य व्यापार के लिए खुला रहेगा।

### अदाणी पावर का शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** अदाणी पावर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सात प्रतिशत बढ़कर 2,940 करोड़ रुपये हो गया। बिजली की बिक्री बढ़ने से राजस्व में वृद्धि हुई है। ''वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत कुल राजस्व 11 प्रतिशत बढ़कर 14,833 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही में 13,355 करोड़ रुपये था।/''

### टाटा मोटर्स के लाभ में 22 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 22 प्रतिशत घटकर 5,578 करोड़ रुपये रह गया। टाटा मोटर्स ने बुधवार को शेयर बाजार को अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के नतीजे की सूचना दी। उसने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,145 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था। टाटा समूह की कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय 1,13,575 करोड़ रुपये रही।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

# सरकार ने राष्ट्रीय महत्व के खनिज मिशन को दी मंजूरी, 16,300 करोड़ रुपए स्वीकृत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बुधवार को 16,300 करोड़ रुपये के 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' (एनसीएमएम) को स्वीकृति दी। इस मिशन को अगले सात वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से 18,000 करोड़ रुपये का निवेश भी मिलने की संभावना है। देश के भीतर और अपतटीय स्थानों पर महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को बढ़ावा देने पर यह निवेश किया जाएगा। तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी खनिज जैसे महत्वपूर्ण खनिज तेजी से बढ़ती हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

- मिशन को अगले सात वर्षों में 18 हजार करोड़ का निवेश मिलेगा
- देश के भीतर खनिजों की खोज को बढ़ावा देने निवेश किया जाएगा

### 24 महत्वपूर्ण खनिजों को चिन्हित किया गया

*वैष्णव ने कहा कि एनसीएमएम का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना और इस मामले में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, /''इस मिशन के तहत 24 महत्वपूर्ण खनिजों को चिह्नित किया गया है। इसके लिए 16,300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।*

- तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट जैसे खनिजों पर होगा ध्यान



### खनिजों के लिए 227 परियोजनाएं शुरू होगी

इस संशोधन के बाद रणनीतिक महत्व वाले खनिजों के 24 ब्लॉकों की नीलामी की गई। इसके साथ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने पिछले तीन वर्षों में महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 368 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं जिनमें से 195 परियोजनाएं इस समय चल रही हैं। अगले वित्त वर्ष में जीएसआई विभिन्न महत्वपूर्ण खनिजों के लिए 227 परियोजनाएं शुरू करेगा।

### खनिजों की खोज तेज होगी

सरकार को उम्मीद है कि यह मिशन देश के भीतर और इसके अपतटीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज को तेज करेगा। इस मिशन के लिए आवंटित 16,300 करोड़ रुपये के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के भी इसमें अगले सात वर्षों में 18,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की संभावना है।

## सरकार ने एथेनॉल का खरीद मूल्य बढ़ाया

आपूर्ति वर्ष 2024-25 के लिए सी श्रेणी के शीरा से प्राप्त एथनॉल की कीमत (एक्स-मिल) 1.69 रुपए बढ़ाकर 57.97 रुपए प्रति लीटर करने को कैबिनेट में मंजूरी दे दी। एथेनॉल का आपूर्ति वर्ष एक नवंबर से 31 अक्टूबर तक चलता है। चीनी उद्योग के उप-उत्पादों से एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मूल्य वृद्धि ऐसे समय में की गई है, जब भारत 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास कर रहा है।

### बी श्रेणी के एथेनॉल की कीमत यथावत

पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य पहले 2030 तक था। बी श्रेणी के भारी शीरा और गन्ना रस/चीनी/शीरा से उत्पादित एथनॉल की कीमतें क्रमशः 60.73 रुपये प्रति लीटर और 65.61 रुपये प्रति लीटर पर यथावत रखी गईं। अन्य गन्ना उत्पादों की तुलना में सी श्रेणी के शीरा में बहुत कम चीनी सामग्री होती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) सरकार के एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत चालू आपूर्ति वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्टूबर) के दौरान संशोधित दरों पर एथनॉल की खरीद करेंगी।

### तीन फीसदी की वृद्धि की गई

सी श्रेणी के भारी शीरा एथनॉल की कीमत में तीन प्रतिशत की वृद्धि का उद्देश्य बढ़े हुए मिश्रण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। पिछले वर्षों की तरह, गन्ना किसानों को सहायता देने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और परिवहन शुल्क का भुगतान अलग से किया जाएगा। मूल्य समायोजन से बढ़े हुए मिश्रण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त एथनॉल आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 631 अंक मजबूत



- पूंजीगत उत्पाद व औद्योगिक शेयरों में निकली लिवाली
- बजट से पहले विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के बीच बुधवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में लिवाली आने से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 631 अंक और निफ्टी करीब 206 अंक चढ़कर बंद हुआ।

एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से निवेशकों का रुख सतर्क बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 631.55 अंक उछलकर 76,532.96 पर बंद हुआ। निफ्टी 205.85 अंक बढ़कर 23,163.10 पर पहुंच गया।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''भारतीय बाजार ने खपत और रोजगार बढ़ाने के लिए कुछ नीतिगत उपायों की उम्मीद में बजट के पहले जुझारू रवैया दिखाया है। निवेशकों की नजरें अब फेडरल रिजर्व समिति की आगामी बैठक पर टिकी हैं।/सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो ने लगभग सात प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयरों में भी तेजी रही। इसके उलट, आईटीसी होटल, भारती एयरटेल, मारुति, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### एशियाई व यूरोपीय बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त पर रहे। शंघाई और हांगकांग के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के अधिकांश बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी का माहौल रहा था।

# आईटीसी पांच साल में होटल्स की संख्या 200 के पार पहुंचाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- कंपनी का होटल कारोबार अलग हुआ
- आईटीसी होटल्स का शेयर बाजार में हुआ सूचीबद्ध

विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी लिमिटेड के होटल कारोबार के अलग होने के बाद बनी नई इकाई आईटीसी होटल्स ने कहा कि वह अगले पांच साल में होटल की संख्या 200 से अधिक पहुंचाने की योजना बना रही है। आईटीसी होटल्स का शेयर बुधवार को घरेलू बाजारों में सूचीबद्ध हुआ।

आईटीसी होटल्स वर्तमान में 90 से अधिक स्थानों पर 13,000 से अधिक कमरों के साथ 140 से अधिक होटल का संचालन करती है। आईटीसी होटल्स ने कहा, '' नियोजित विकास और आकस्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शून्य ऋण बही-खाते और 1,500 करोड़ रुपये की नकदी/नकद समतुल्य के साथ शुरुआत करते हुए, आईटीसीएचएल अब शेयर बाजारों पर कारोबार के लिए सूचीबद्ध है।''

आईटीसी लिमिटेड के पास आईटीसीएचएल में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि शेष 60 प्रतिशत हिस्सेदारी मौजूदा शेयरधारकों के बीच वितरित की गई है। एनएसई में सूचीबद्ध कार्यक्रम में आईटीसी होटल्स लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा, आज वास्तव में आईटीसी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पल है।

आईटीसी होटल्स का सूचीबद्ध होना न केवल आईटीसी समूह के होटल व्यवसाय के लिए एक नया अध्याय है, बल्कि सभी पक्षों के लिए स्थायी मूल्य बनाने की हमारी प्रतिबद्धता में एक साहसिक कदम है।

# ओला 'जनरेशन 3' प्लेटफॉर्म पर आधारित स्कूटर इस सप्ताह आएगी

- जनरेशन 2 के उत्पादों को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ओला के संस्थापक भविष अग्रवाल ने कहा कि 'जनरेशन 3' प्लेटफॉर्म पर आधारित नए इलेक्ट्रिक स्कूटर का इस सप्ताह के अंत में अनावरण किया जाएगा।

अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। अग्रवाल ने कहा, ''ओला इलेक्ट्रिक 'जनरेशन 3' स्कूटरों के साथ नए मुकाम पर जा रहा है। हमने बहुत अच्छे प्रदर्शन, अधिक सुविधाएं, बेहतरीन डिजाइन के साथ 'जनरेशन 2' उत्पादों को हर तरह से पीछे छोड़ दिया है। उद्योग को फिर से बदलने के लिए एक अचंभा होगा। ओला की दोपहिया इकाई ओला इलेक्ट्रिक 31 जनवरी को अपनी नई उत्पाद श्रृंखला का अनावरण करेगी। ओला इलेक्ट्रिक को उम्मीद है कि 'जनरेशन 3' प्लेटफॉर्म वाले इलेक्ट्रिक वाहनों से उसके मार्जिन में करीब 20 प्रतिशत की बचत होगी।



### कंपनी की बचत बढ़ेगी

अग्रवाल ने दूसरी तिमाही के परिणामों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा में कहा कि 'जनरेशन 3' की सभी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल से कुछ बचत जनवरी में होगी तथा उसके बाद हर तिमाही में और अधिक बचत होगी। उन्होंने कहा, ''सकल मार्जिन के संदर्भ में हमें अगले 12 महीनों में 'जनरेशन 3' प्लेटफॉर्म चरणबद्ध ढंग से अपनाने से करीब 20 अंकों के सुधार की उम्मीद है।''

# एसीएमई सोलर का लाभ ढाई गुना होकर 112 करोड़



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसीएमई सोलर होल्डिंग्स का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर ढाई गुना होकर 112 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 44 करोड़ रुपये रहा था। एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने बयान में कहा, ''समीक्षाधीन तिमाही में कुल राजस्व बढ़कर 401 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 365 करोड़ रुपये था।

# सोना 910 रुपए चढ़ा, चांदी 1000 रुपए उछली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- सोना बढ़कर 83,750 रुपए प्रति दस ग्राम हुआ
- चांदी उछाल के साथ 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम

आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की भारी लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 910 रुपये चढ़कर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 82,840 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एक जनवरी से देखा जाए तो सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से 4,360 रुपये बढ़कर 83,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। दो दिनों की गिरावट के बाद, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी बुधवार को 910 रुपये बढ़कर 83,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 82,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी की कीमत 1,000 रुपए के उछाल के साथ 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पिछले कारोबारी दिन 92,000 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

## कुछ प्रकार की नौकाओं पर से आयात प्रतिबंध हटा



**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कुछ प्रकार की गश्ती नौकाओं और वाहनों पर आयात प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बयान में कहा है कि गश्ती या निगरानी नौकाओं, एयर-कुशन वाहनों और रिमोट से संचालित वाहनों की आयात नीति को 'तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित से मुक्त में संशोधित किया गया है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान इन वस्तुओं का आयात 4.6 लाख डॉलर रहा। इनका आयात मुख्य रूप से फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग और ब्रिटेन से किया जाता है। डीजीएफटी ने एक अलग नोटिस में कहा कि उसने वार्षिक 'निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट' (आरओडीटीईपी) रिटर्न दाखिल करने के लिए एक ऑनलाइन मॉड्यूल शुरू किया है। आरओडीटीईपी के तहत, कच्चे माल उत्पादों पर लगाए गए विभिन्न केंद्रीय और राज्य शुल्क, कर और शुल्क, निर्यातकों को वापस कर दिए जाते हैं।

## एकीकृत शुद्ध लाभ बढ़कर हुआ 3727 करोड़ रुपए

# तीसरी तिमाही में 16 फीसदी उछला मारुति का मुनाफा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मारुति सुजुकी इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 3,207 करोड़ रुपये रहा था। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय बढ़कर 38,764 करोड़ रुपये हो गई जो गत वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 33,513 करोड़ रुपये थी।

कंपनी का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 3,525 करोड़ रुपये रहा, जो 2023-24 की तीसरी तिमाही के 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत अधिक है।

### तीसरी तिमाही में 5,66,213 वाहन बेचे

मारुति सुजुकी तीसरी तिमाही में कुल 5,66,213 वाहन बेचे, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बाजार में बिक्री 4,66,993 इकाई रही, जबकि निर्यात 99,220 इकाई रहा जो किसी भी तिमाही में अब तक का सर्वाधिक है।

### घरेलू बाजार में बिक्री बढ़ी

घरेलू बाजार में बिक्री 1,382,135 इकाई तथा निर्यात 247,496 इकाई रहा। मारुति ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए 10,244 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 9,331 करोड़ रुपये था।

- पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में मुनाफा 3207 करोड़ रुपए था




### कंपनी ने नौ माह में कुल 1,629,631 इकाइयां बेचीं

कंपनी ने कहा कि मार्च-दिसंबर अवधि के लिए उसने नौ महीनों में अपनी सर्वाधिक बिक्री मात्रा, शुद्ध बिक्री और शुद्ध लाभ दर्ज किया। मोटर वाहन प्रमुख ने इस अवधि में कुल 1,629,631 इकाइयां बेचीं, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है।

### गुजरात की सुजुकी मोटर को विलय की मंजूरी

इस बीच, कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर गुजरात को मोटर वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी में विलय करने की योजना को मंजूरी दे दी है। वहीं मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने हिसाशी ताकेउची को एक अप्रैल 2025 से तीन साल की अतिरिक्त अवधि के लिए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में फिर से नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### आईटीसी होटल्स के शेयर घरेलू बाजारों में सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग की वस्तुएं बनाने वाले (एफएमसीजी) समूह आईटीसी लिमिटेड से अलग किए गए होटल कारोबार आईटीसी होटल्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को घरेलू बाजारों में सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर 188 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जबकि एनएसई पर इसने कारोबार की शुरुआत 180 रुपये पर की। बाद में बीएसई पर यह पांच प्रतिशत की गिरावट के साथ 178.60 रुपये पर और एनएसई पर तीन प्रतिशत फिसलकर 172 रुपये पर आ गया।

## चिंतन

# कुंभ भगदड़ की जांच करके दोषी पर हो सख्त कार्रवाई

किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे उपाय किए जाएं, ताकि दोबारा उसी तरह के हालात पैदा न हों। मगर धार्मिक स्थलों पर या ऐसे आयोजनों में जमा होने वाली भीड़ और उसके प्रबंधन को लेकर अक्सर इस हद तक लापरवाही बरती जाती है कि बार-बार भगदड़ की वजह से लोगों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं। एक के बाद एक हो रहे ऐसे हादसों का सबसे बड़ा कारण यही है कि कोई भी घटना हो जाने के बाद न तो किसी को दोषी ठहराया जाता है और न ही कोई कार्रवाई होती है और जान से हाथ धो बैठता है बेचारा आम आदमी। कौन भूला होगा हाथरस के हादसे को, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की जानें चली गई। अभी वो दिमाग से उतरा भी नहीं था कि प्रयागराज के संगम तट पर लगे कुंभ में अचानक भगदड़ मच गई और 35 से 40 लोगों की मौत हो गई। प्रशासन ने अभी 20 लोगों के मरने की पुष्टि की है। महाकुंभ में संगम तट पर बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ मची। बताया जा रहा है कि मौनी अमावस्या' पर हजारों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आए थे। भीड़ में धक्का-मुक्की हो गई। जो लोग पहले ही संगम में स्नान कर चुके थे, उनके वहां से निकलने के लिए जगह नहीं थी। हद तो यह भी थी कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान करने के बाद लोग सुरक्षित रूप से वहां से निकल जाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए कोई पुलिस व्यवस्था नहीं थी। न कोई बताने वाला था कि लोग किधर जाएं। कोई नक्शा या संकेत वगैरह वहां नहीं लगा था। अब सवाल यह है कि जब हादसा हुआ तब सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे अधिकारी कहां थे। ऐसी भगदड़ को रोकने के लिए क्या इंतजाम किए गए थे। वैसे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने महाकुंभ मेला परिसर को राज्य का 76वां जिला ही घोषित कर रखा है। करीब 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र में बसे महाकुंभ नगर को 25 सेक्टरों में बांटा गया है। इनमें 56 थाने और 144 चौकियां बनाई गई हैं और सुरक्षा बलों के 60 हजार जवान तैनात हैं। हर थाने में साइबर डेस्क है। इतना ही नहीं, दो साइबर थाने भी अलग से बनाए गए हैं। सिविल पुलिस, पीएसी, एनएसजी, एसटीएफ, होमगार्ड, डिफेंस और एनजीओ को मिलाकर मेले में सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं। राज्य सरकार के अनुसार सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है जिनमें एनएसजी कमांडो और यूपी पुलिस के जवानों की भी तैनाती है। इतना ही नहीं, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मेले में एआई युक्त कैमरे लगे हैं जो लोगों की गिनती करते हैं। अगर किसी इलाके में 2 हजार लोगों के खड़े होने की जगह है तो 1,800 लोग होते ही संबंधित अफसर को जानकारी दी जाती है। इसके अलावा, 100 फेस रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं। 2,700 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। वहीं, ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी हो रही है। पानी के अंदर की सुरक्षा के लिए पहली बार नदी के अंदर 8 किलोमीटर तक डीप बैरिकेडिंग की गई है। इसके बावजूद यह हादसा हो गया। इससे साफ है कि जिन लोगों को दायित्व सौंपा गया था, उसमें कहीं न कहीं चूक हुई है। अगर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होती तो ऐसा हादसा होना संभव ही नहीं है। इसका जिम्मेदार कौन है, उस पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। वैसे जांच तो होगी, लेकिन ऐसा न हो कि हमेशा की तरह भीड़ को जिम्मेदार ठहराकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाए, जैसा अब तक होता आया है। अगर भगदड़ मामलों में सख्ती दिखाई गई होती तो शायद आज ये हादसा न होता। उम्मीद की जानी चाहिए कि योगी सरकार दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

## सारा संसार



कामाक्षी अम्मन मंदिर दिव्य देवी कामाक्षी को समर्पित है, जिन्हें प्रेम, प्रजनन क्षमता और शक्ति की हिंदू देवी पार्वती का अवतार माना जाता है। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है, माना जाता है इस स्थान पर देवी सती की नाभि गिरी थी।

## विमर्श

विकास खितौलिया



# दिल्ली चुनाव में महिलाओं को फायदा होना निश्चित

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी प्रमुख दलों ने महिलाओं को नकद राशि, मुफ्त सफर और सस्ते भोजन सहित कई घोषणाएं की हैं। कुल मिलाकर देखें तो इस चुनाव में सरकार किसी भी दल की बने, दिल्ली की महिलाओं को फायदा होना निश्चित है। दिल्ली में 27 साल से सत्ता का वनवास झेल रही भाजपा ने दिल्लीवालों के लिए मुफ्त की योजनाओं की झड़ी लगा दी। भाजपा के इस कदम को आम आदमी पार्टी की घोषणाओं की काट के रूप में देखा जा रहा है। आप और भाजपा के अलावा कांग्रेस भी कई घोषणाएं कर चुकी हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार ने महिला सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की थी, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया, उसके बावजूद चुनाव के बाद इसे 2100 प्रतिमाह करने का वादा आप सरकार कर चुकी है । बात करें पंजाब की तो इस तरह की योजना आप सरकार ने वहां भी लागू की थी, परन्तु करीब ढाई साल से ज्यादा का समय सरकार को बने हो गया है, यह योजना सिर्फ कागज़ों पर है। वहीं, भाजपा ने मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत हर गर्भवती महिला को 6 पोषण किट और 21 हजार रुपये देने और साथ ही महिला समृद्धि योजना के तहत गरीब महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पार्टी का कहना है कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वह इस योजना को लागू कर चुकी है। परंतु हकीकत यह है कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में जहां भाजपा एवं एनडीए की सरकार है वहां भी इस योजना का कोई भी नामो निशान नहीं है। फिर कांग्रेस कैसे पीछे रह सकती है, प्यारी दीदी के नाम से योजना लागू की जिसके अंतर्गत दिल्ली की सभी महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया और पार्टी ने दावा भी किया कि इस योजना को सत्ता में आते ही लागू कर दिया जाएगा। दिल्ली का कुल बजट लगभग 75 हज़ार करोड़ का है।

अगर सत्ता में आने वाला कोई भी दल अपनी सभी घोषणाओं को पूरा करेगा तो इसका लिए करीब 35 से 40 हज़ार करोड़ राशि की जरूरत होगी। इससे साफ है कि ऐसी घोषणाएं किसी भी राज्य के भविष्य के लिए खतरनाक साबित होंगी। एक तरफ देखा जाए तो जनता को सीधे धन ट्रांसफर कर सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। राजधानी में लगभग 60 लाख से अधिक महिलाएं हैं। सत्ता में आने वाला कोई भी दल यदि प्रतिमाह प्रत्येक महिला को 2000 रुपये भी देता है तो उसके लिए करीब 10 हज़ार करोड़ रुपये लगेंगे, जिसे भारत के अधिकांश अर्थशास्त्री ठीक नहीं मानते हैं। कोई भी सरकार अधिकांश राशि अपने घोषणा पत्र के अनुसार जनता में बांट देगी तो वह विकास के कार्य कैसे करेगी? अस्पताल, सड़क, स्कूल, स्टेडियम, पार्क कैसे बनेंगे? जो पहले से बना है उसकी मरम्मत, बुजुर्गों एवं विकलांगों को पेंशन वेतन आदि दे पाना भी चुनौतीपूर्ण होगा। जनता को पैसा देना और लोकलुभावन वादे कर चुनाव जीतना लघु अवधि के कार्य हैं, जबकि आईआईटी, आईआईएम जैसे शिक्षण संस्थान खोलना, उद्योग स्थापित करना, रोजगार देना यह दीर्घ अवधि तक नागरिक को सक्षम बनाने वाले कार्य हैं। सरकार के पास ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है, वह कितने लोगों को यह राशि देगी, जो जरूरतमंद है उनको देगी या सबको देगी। जैसा कि झुग्गी की महिला और एक कामकाजी महिला की जरूरत में अंतर है। हालांकि, राजनीतिक दलों के वादे जनता को तुरंत आकर्षित करते हैं और लोग इन बातों में आकर मतदान भी करते हैं, लेकिन आर्थिक स्तर पर ठीक नहीं है।

- (लेखक-विचारक)



## उम्मीद

डॉ.जयंतीलाल भंडारी

# राहत और सुधारों का होगा बजट

**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का यह लगातार सातवां पूर्ण बजट होगा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2025-26 का बजट एक ऐसा ऐतिहासिक बजट होगा, जिसमें खपत और व्यय बढ़ाकर घटी हुई विकास दर बढ़ाने, गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ आर्थिक सुधारों के साथ सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान दिखाई देंगे। वित्तमंत्री चालू वित्त वर्ष में जो पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3 .4 प्रतिशत है, उसे आगामी बजट में 4 फीसदी के स्तर पर पहुंचाते हुए अर्थव्यवस्था को धीमी विकास की मार से उबारने की रणनीति के साथ भी आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकेंगी।**

इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा 1 फरवरी को प्रस्तुत किए जाने वाले आगामी वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट की ओर लगी हुई हैं। सीतारमण का यह लगातार सातवां पूर्ण बजट होगा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2025-26 का बजट एक ऐसा ऐतिहासिक बजट होगा, जिसमें खपत और व्यय बढ़ाकर घटी हुई विकास दर बढ़ाने, गरीब, युवा, महिलाएं, किसान और मध्यम वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ आर्थिक सुधारों के साथ सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान दिखाई देंगे। वित्तमंत्री चालू वित्त वर्ष में जो पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत है, उसे आगामी बजट में 4 फीसदी के स्तर पर पहुंचाते हुए अर्थव्यवस्था को धीमी विकास की मार से उबारने की रणनीति के साथ भी आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकेंगी। नए बजट के माध्यम से वित्तमंत्री आर्थिक डगर पर अटके पड़े सुधारों को आगे बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने, रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म के मंत्रों से अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने तथा 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के मद्देनजर बुनियादी रणनीतियाँ प्रस्तुत करते हुए दिखाई देंगी।

इसके साथ-साथ वित्तमंत्री राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2025-26 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.5 फीसदी के स्तर पर रखते हुए खजाने को मजबूत करने की डगर पर भी आगे बढ़ेंगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खपत और व्यय में कमी से विकास दर घट गई है। मध्यम वर्ग के निजी उपभोग में कमी आई है। वैश्विक परिदृश्य पर जो सैन्य संघर्ष और आर्थिक गुटबाजी की चुनौतियां हैं, वे कोविड-19 से भी ज्यादा वैश्विक जीडीपी का नुकसान कर सकती हैं। डोनॉल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी नई आर्थिक रणनीति से दुनिया के आर्थिक गणित बदलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन सब कारणों से वैश्विक व्यापार और वैश्विक विकास दर में गिरावट आएगी। इन चुनौतियों के बावजूद इस समय वित्तमंत्री सीतारमण की मुठ्ठियों में विभिन्न वर्गों को राहत देने और विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए प्रभावी आवंटन हेतु कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है। विगत एक दशक से आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में लगातार वृद्धि हुई है।

चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर 2024 तक आयकर सहित प्रत्यक्ष कर संग्रहण करीब 16 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 16 फीसदी से भी ज्यादा है। इनवेस्टमेंट इन्फॉर्मेशन और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025-26 के दौरान भी कर संग्रह में भारी वृद्धि का अनुमान है। ऐसे में उम्मीद है कि वित्तमंत्री आगामी बजट के तहत गरीब, युवा, महिलाएं, किसानों और मध्यम वर्ग के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर भी अपने आवंटन को केंद्रित करते हुए दिखाई दे सकती हैं। बजट में वित्तमंत्री रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसान सम्मान निधि बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई



तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहन, पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाने, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने, पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना, स्वच्छ ऊर्जा तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दे सकती हैं। आगामी बजट में वित्तमंत्री युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों से सजाते हुए दिखाई दे सकती है। वित्तमंत्री सीतारमण नए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत उधार की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने, पीएम किसान सम्मान राशि बढ़ाने, खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे सकती हैं। यह भी महत्वपूर्ण है कि वित्तमंत्री तेज रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित कर सकती हैं। माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (एमएफआई) को मजबूत बनाने के लिए विशेष फंड बनाने, विकसित भारत के लक्ष्य के मद्देनजर डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के प्रावधान तथा रक्षा क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन दिखाई दे सकता है। इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्ला देश से भी बाहरी सुरक्षा को खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक धन की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है। चूंकि देश के विकास का इंजिन कहे जाने मध्यम वर्ग की मुठ्ठियों में धन की कमी के कारण उनके निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से विकास दर प्रभावित हो रही है।

ऐसे में आगामी बजट में खपत बढ़ाने के मद्देनजर मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश उभर कर दिखाई दे सकती है। वित्तमंत्री सीतारमण मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए और पुराने दोनों टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्यम वर्ग को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित कर सकती हैं। आयकर के नए टैक्स रिजीम में 10 लाख रुपए तक की आमदनी टैक्स फ्री की जा सकती है। वित्तमंत्री आगामी बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से आयकरदाता और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। वित्तमंत्री कर सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि वित्तमंत्री आयकर सुधारों के तहत वर्ष 2025-26 के बजट सत्र में नया आयकर कानून पेश कर सकती हैं। इसका मकसद मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 को आसान, स्पष्ट और समझने योग्य बनाना है। नया आयकर कानून मौजूदा कानून में सिर्फ संशोधन नहीं होगा, बल्कि पूर्णतया एक नया कानून होगा। इसके तहत अनावश्यक और अप्रचलित प्रावधानों को हटाया जाएगा। कर विवादों को कम किया जाएगा। टैक्सपेयर्स के लिए अनुपालन को आसान बनाया जाएगा।

हम उम्मीद करें कि एक फरवरी को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2025-26 का बजट आर्थिक कल्याण, आर्थिक सुधारों और तेज विकास को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2025-26 के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी तक लाने के लक्ष्य के मद्देनजर राजकोषीय अनुशासन का पालन करते हुए भी दिखाई देंगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# सिया राम मय सब जग जानी



संकलित

## दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया... अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है- 'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

# ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित

## प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सनातन बोर्ड की जरूरत क्यों

मीडिया की मानें तो दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में एक नया मोड़ आ गया है। यहां पहुंचे संतों और महंतों ने एक साथ मिलकर सरकार से सनातन बोर्ड बनाने और वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग कर दी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि वे महाकुंभ छोड़कर तब तक नहीं जाएंगे जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, जूना अखाड़े के महंत स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि, आनंद अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरि आदि सभी ने एक स्वर में सनातन बोर्ड गठन के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। अब सरकार के फैसले का इंतजार है।

*- प्रवीण दुबे, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# किम का परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने परमाणु सामग्री बनाने वाले एक संयंत्र का निरीक्षण किया और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण करने के बाद उत्तर कोरिया देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने का आह्वान कर अमेरिका पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। किम के परमाणु सामग्री बनाने वाले संयंत्र में जाने से उत्तर कोरिया के परमाणु शस्त्रागार के विस्तार पर निरंतर जोर देने का संकेत मिलता है। ट्रंप ने हालांकि कहा है कि वह कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए किम से बात करने को तैयार हैं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) की खबर के अनुसार, किम ने परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र और परमाणु हथियार संस्थान जाकर निरीक्षण किया। खबर में यह नहीं बताया गया कि ये केंद्र कहां स्थित हैं, लेकिन किम की यात्रा की उत्तर कोरियाई तस्वीरों से संकेत मिलता है कि उन्होंने संभवतः यूरेनियम-संवर्धन केंद्र का दौरा किया था, जहां वह पिछले सितंबर में गए थे। केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछले वर्ष परमाणु सामग्री के उत्पादन में 'अद्भुत' प्रदर्शन किया है और देश की परमाणु क्षमता को मजबूत करने के लिए इस वर्ष उत्पादन को और बढ़ाने की जरूरत है।



## ऑफ बीट

# पहले की तुलना में ज्यादा पैदा हो रहे जुड़वां बच्चे

दुनियाभर में महिलाएं कम बच्चों को जन्म दे रही हैं। जन्म दर में इस गिरावट के बावजूद, आज जुड़वां और एक साथ तीन बच्चों के जन्म के मामले पहले की तुलना में काफी बढ़े हैं। इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है - और शोध से जुड़वां बच्चों की दरों में निरंतर वृद्धि का अनुमान जताया जा रहा है। पिछले वर्षों में, जुड़वां बच्चों के जन्म की दरें समग्र जन्म दरों के अनुरूप कम हुई हैं। ऐसा होने के कई कारण हो सकते हैं। अधिक उम्र में गर्भधारण तथा प्रजनन उपचारों का अधिक उपयोग जैसे सामाजिक कारक इसके प्रमुख कारण प्रतीत होते हैं। हालांकि एक समय में एक बच्चे की तुलना में कई बच्चे पैदा होना कम आम बात है, लेकिन कई बच्चे पैदा होना मानव प्रजनन का एक स्वाभाविक हिस्सा है। लगभग हर 60 गर्भधारण में से एक में कई बच्चे पैदा होते हैं - चाहे वह दो, तीन या छह बच्चे हों। जुड़वां बच्चे तब होते हैं जब दो अलग-अलग अंडे एक ही समय में निषेचित (फर्टिलाइज) होते हैं, या जब एक निषेचित अंडा दो भागों में विभाजित हो जाता है। 'हाइपर-ओव्यूलेशन' के परिणामस्वरूप भी कई बच्चे पैदा हो सकते हैं - जब एक ही चक्र में एक से अधिक अंडे निकलते हैं। हालांकि बहुत दुर्लभ 'हाइपर-ओव्यूलेश" ' यानी 'हाइपर-ऑर्डर मल्टीपल प्रेगनेंसीज' के कारण तीन शिशुओं से लेकर नौ शिशुओं तक का जन्म हो सकता है।



## ट्रेंड

### महाकुंभ हादसे से व्यथित

महाकुंभ में हुए दुःखद हादसे से अत्यंत व्यथित हूँ। इस दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनके प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति दें। प्रशासन घायलों को अस्पतालों में उपचार दे रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूँ।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### भगदड़ की घटना दुःखद

प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुम्भ में हुई भगदड़ में, जिन भी श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवाई है व घायल हुये हैं। यह घटना अति-दुःखद व चिन्तनीय। ऐसे समय में कुदरत पीड़ितों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दे, मेरी यही कामना है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### ईमानदारी का सर्टिफिकेट

जनता ने शीला जी की कांग्रेस सरकार में पूरी दिल्ली को बदलते देखा है। ईमानदार को किसी सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं होती - जो बेईमान होते हैं वो ही अपने आप को ईमानदारी का सर्टिफिकेट देते फिरते हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### शेयर बाज़ार का मिथक

शेयर बाज़ार का मूल्यांकन एक मिथक है। एक ऐसी कहानी जिसे हर कोई पसंद करता है। इसका कंपनियों की कमाई की वास्तविकताओं से कोई लेना-देना नहीं है..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# अब नहीं चलेगी लूट, झूठ और फरेब की 'बतिया', यमुना ही डुबोएगी आप दा सरकार की लुटिया




**आप-दा जाएगी भाजपा आएगी**

*केजरीवाल के जहरीले पानी वाले बयान पर पीएम मोदी का पलटवार*

*आप-दा वालों का कहना है कि हरियाणा के लोग दिल्ली भेजे जाने वाले पानी में ज़हर मिला देते हैं। यह सिर्फ हरियाणा का ही नहीं बल्कि सभी भारतीयों का अपमान है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी को जहरीला करने का आरोप लगाया था। बुधवार को दिल्ली की एक चुनावी रैली में इस मुद्दे पर पीएम मोदी ने आप पर जोरदार पलटवार किया। पीएम ने कहा कि आप-दा वालों की लुटिया यमुना में ही डूबेगी। आप-दा वालों का कहना है कि हरियाणा के लोग दिल्ली भेजे जाने वाले पानी में ज़हर मिला देते हैं। यह सिर्फ़ हरियाणा का ही नहीं बल्कि सभी भारतीयों का अपमान है। हारने का इतना डर है कि वे कुछ भी बोल रहे हैं। दिल्ली ऐसी बातें करने वालों को सबक सिखाएगी। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां का नजारा दिल्ली के मूड को दर्शा रहा है, यह दिल्ली के लोगों के जनादेश को दर्शाता है। दिल्ली कह रही है कि अब 'आपदा' के बहाने नहीं चलेंगे, 'आपदा' के झूठे वादे नहीं चलेंगे।

### अब मोदी को आपकी सेवा का मौका दीजिए

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार अपने सभी वादों को समय से पूरा करेगी। यह मोदी की गारंटी है। आपने 25 साल में कांग्रेस और 'आप-दा' को देखा, अब मोदी को आपकी सेवा का मौका दीजि। मैं आपका परिवार की तरह ख्याल रखूंगा। आपके सपने मेरे होंगे; मुझे आपके सपने पूरे करने की शक्ति दीजिए। मैं देशभर में बहुत कुछ कर पाया हूं, लेकिन दिल्ली में आपने मुझे सेवा करने का अवसर नहीं दिया है।

### भरे मंच पर भाजपा प्रत्याशी के 3 बार छुए पैर

पीएम मोदी ने करतार नगर विधानसभा सीट पर एक चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला। इस रैली के दौरान एक ऐसा भी नजारा सामने आया जब पीएम मोदी ने भाजरा उम्मीदवार के एक नहीं बल्कि तीन बार पैर छुए। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।पटपड़गंज विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने रविंद्र सिंह नेगी को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। करतार नगर की संकल्प रैली में नेगी भी मौजूद थे। जब मंच पर उनका नाम अनाउंस किया गया तो उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनके पैर छुए।

### मैं भी वही पानी पीता हूं, कोई इसमें जहर क्यों मिलाएगा?

मोदी ने कहा कि इन आप -दा वालों की लुटिया यमुना में ही डूबेगी। मोदी ने कहा कि हार के डर से आप-दा वाले बौखला गए हैं। क्या हरियाणा दिल्ली से अलग है? क्या हरियाणा वालों के बच्चे, परिवार और नाते-रिश्तेदार दिल्ली में नहीं रहते। हरियाणा का भेजा हुआ यही पानी दिल्ली में रहने वाला हर कोई पीता है, पिछले 11 साल से मैं भी पीता हूं, सभी न्यायमूर्ति और बाकी सभी सम्मानित लोग भी पीते हैं।

### केजरीवाल पर दर्ज हो गई एफआईआरः हरियाणा सरकार



चंडीगढ़। यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगने के बाद हरियाणा सरकार अरविंद केजरीवाल और आप पर आक्रामक हो गई है। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बुधवार को कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। सोनीपत में यह मामला दर्ज करवाया गया है ।

## महिलाओं को हर महीने 2500, युवाओं को 8500 रुपए

**कांग्रेस का लुभावना घोषणा पत्र**

अब कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणापत्र में कांग्रेस ने जनता को 5 गारंटियां भी दी हैं। इस दौरान कांग्रेस दिल्ली सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं और युवाओं के लिए कई वादे किए हैं। जयराम रमेश ने कहा कि हम चाहते थे कि जनता तक ये संदेश जाए कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। ये गारंटी सिर्फ पार्टी की नहीं है बल्कि ये जनता का हक है। कांग्रेस ने दिल्ली के लिए अपनी 5 गारंटी बहुत पहले ही दे दी है जिन्हें पूरा किया जाएगा।कांग्रेस के घोषणापत्र में प्यारी दीदी योजना, जीवन रक्षा योजना, युवा उड़ान योजना, महंगाई मुक्त योजना और फ्री बिजली योजना शामिल हैं।




**कांग्रेस ने दिल्लीवासियों को दी ये 5 गारंटियां**

- *प्रत्येक गरीब परिवार एक महिला को महीने 2,500 रुपए देंगे।*
- *दिल्ली के सभी निवासियों को 25 लाख रुपए तक के मुक्त इलाज की सुविधा देंगे। इसमें फ्री दवाएं और जांच भी शामिल होंगी।*
- *सभी बेरोजगार युवाओं को पब्लिक या प्राइवेट सेक्टर में एक साल की अप्रेंटिसशिप देंगे, इस दौरान उन्हें भी 8,500 रुपए हर महीने मिलेंगे।*
- *हम 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देंगे। हर महीने 5 किलो चावल, 2 किलो चीनी, 1 किलो कुकिंग ऑयल, 6 किलो दाल, 250 ग्राम चाय पत्ती समेत एक मुफ्त राशन कीट देंगे।*

## केजरीवाल कर रहे गैरजिम्मेदाराना राजनीति : खेड़ा



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के हरियाणा सरकार पर पानी में जहर मिलाने के आरोप पर उनकी खिंचाई की और कहा कि इस तरह की गैरजिम्मेदाराना राजनीति देश ने पहले कभी नहीं देखी। इस पर तुरंत उन्हें सबूत देने चाहिए या फिरएक्शन होना चाहिए।

### यमुना में अमोनिया का स्तर सीमा से 700 फीसदीः आतिशी



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने यमुना नदी के पानी में अमोनिया के उच्च स्तर को लेकर एलजी वीके सक्सेना द्वारा उन्हें लिखे गए पत्र का जवाब दिया है। सीएम आतिशी ने लिखा, "यमुना में अमोनिया का स्तर सीमा से 700फीसदी अधिक है, यह ऐसा तथ्य है जिसे आप नकार नहीं सकते, चाहे आप रिपोर्ट में कितनी भी हेरफेर कर लें।

**खबर संक्षेप**

### सिंह ने हथकरघा सम्मेलन मंथन का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में हथकरघा सम्मेलन-मंथन का उद्घाटन किया। उन्होंने हथकरघा बुनकर ई-पहचान पोर्टल और हथकरघा पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल शुरू किया।

### सांसद राठौर की अर्जी खारिज, आत्मसमर्पण करें



**बरेली।** दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह की कोर्ट ने की। पीड़िता की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने बहस की। सांसद की याचिका को खारिज कर दिया है।

### कुमारस्वामी ने स्टील प्लांट के लिए योजना शुरू की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने हाल ही में बोकारो स्टील प्लांट के लिए मेगा विस्तार योजना का अनावरण किया। प्लांट की क्षमता को बढ़ाकर 7.55 एमटीपीए करने 20,000 करोड़ का निवेश किया गया है। 2,500 प्रत्यक्ष 10,000 अप्रत्यक्ष नौकरियां बढ़ेंगी।

# मस्क झुके, भारत में स्टारलिंक की लांचिंग का रास्ता साफ

**भारत सरकार की शर्तों पर राजी हुए अमेरिकी उद्योगपति**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक ने भारत में सेवा देने के लिए सरकार द्वारा तय किए गए सुरक्षा और डेटा भंडारण मानकों को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। कुछ वक्त पहले स्टारलिंक सैटेलाइट ने भारत सरकार के साथ डेटा साझा करने से मना कर दिया था। स्टारलिंक का कहना था कि वो यूजर प्राइवेसी की वजह से मणिपुर में रिकवर हुए स्टारलिंक सैटेलाइट को खरीदने वाले का नाम उजागर नहीं कर सकते। लेकिन भारत सरकार के कड़े रुख के बाद मस्क ने सारी शर्तों को मान लिया। साथ ही इस मामले में अपना फॉर्मल लेटर सरकार के सामने सब्मिट कर दिया है। इसके बाद अब स्टारलिंक सर्विस को सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का आवंटन किया जा सकता है।

### डेटा प्रोटेक्शन की हैं शर्तें

केंद्र सरकार की ओर से एलन मस्क को सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक लॉन्च के मामले में कोई छूट नहीं दी गई है। स्टारलिंक सर्विस को सिक्योरिटी और डेटा प्रोटेक्शन की शर्तों को मानना पड़ा है, जिसे सरकार ने सेट की है। इन शर्तों को मुताबिक स्टारलिंक को भारत में ही अपना डेटा स्टोर करना होगा। वही अगर इंटेलिजेंस एजेंसी को जरूरत हुई, तो सैटेलाइट इंटरनेट डेटा की जांच का अधिकार सरकार के पास होगा। दूरसंचार विभाग ने इस मामले में स्टारलिंक के साथ एक कंडीशन पर हस्ताक्षर कराये हैं।

### ट्राई ने सैटेलाइट स्पेक्ट्रम आवंटन को दिया अंतिम रूप

टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राई ने पहले ही सैटेलाइट स्पेक्ट्रम और उसकी प्राइसिंग के प्रॉसेस को अंतिम रूप दे दिया है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द भी सैटेलाइट सर्विस को भारत में लॉन्च किया जा सकता है। ट्राई ने ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्यूनिकेशन और वीएसएटी को एक साथ शामिल करने का सुझाव दिया था।

# ट्रूडो ने बोला झूठ! निज्जर हत्याकांड में नहीं साबित हुआ भारत का हाथ

एजेंसी ▶▶ ओटावा

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का कोई सबूत नहीं मिला है। कनाडा की विदेशी हस्तक्षेप कमेटी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय राजनयिक समेत कई लोग शामिल थे। हालांकि, इस कनाडाई कमेटी की रिपोर्ट कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में किसी विदेशी राज्य से कोई निश्चित संबंध साबित नहीं हो सका।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के खिलाफ लंबे समय से इतना जहर उगल दिया है कि दोनों देशों के संबंध अब खराब हो चुके हैं। हरदीप निज्जर मर्डर केस में ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाने का कोई मौका नहीं छोड़ा है। उनका कहना था कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ है और उनके पास इसके सबूत भी है।

**कनाडा की कमेटी ने दी क्लीन चिट, कहा- इसके पीछे कोई विदेशी ताकत नहीं**

**भारत के खिलाफ तत्कालीन प्रधानमंत्री ट्रूडो ने खूब उगला था जहर**



### चारों आरोपियों को दी जमानत

ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ है। भले ही ट्रूडो भारत के खिलाफ सबूत सबूत करते रहे थे, लेकिन कनाडा सुप्रीम कोर्ट ने मामले में चारों आरोपियों को सबूत न होने के कारण जमानत दे दी। इस मामले में अब फरवरी को सुनवाई होगी।

### कौन थे भारतीय आरोपी?

निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा भारत पर लगातार गंभीर से गंभीर आरोप लगाता रहा था। हालांकि, बाद में कनाडा इन आरोपों से पीछे हट गया था। हत्याकांड में चार आरोपी गिरफ्तार हुए थे। इनके नाम हैं- करण बरार, अमनदीप सिंह, कमलप्रीत सिंह और करनप्रीत सिंह।

### कनाडा में हुए चुनावों में दखल के आरोपों को भी भारत ने किया खारिज

भारत और कनाडा के रिश्ते में कूटनीतिक तनाव लगातार बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा में हुए चुनावों में भारत के दखल के आरोपों को विदेश मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमारा इससे कोई भी संबंध नहीं है। इतना ही नहीं भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह कनाडा ही है जो भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने एक ऑफिशियल बयान में कहा, 'हमने कथित हस्तक्षेप की गतिविधियों के बारे में एक रिपोर्ट देखी है। दरअसल कनाडा लगातार भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। इसने अवैध प्रवास और संगठित आपराधिक गतिविधियों के लिए माहौल भी बनाया है। हम भारत पर रिपोर्ट के आरोपों को खारिज करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अवैध प्रवास को सक्षम करने वाली सहायता प्रणाली को आगे भी समर्थन नहीं दिया जाएगा।'

**3 तलाक पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र से सवाल**

# कानून के उल्लंघन पर दर्ज मुकदमों के साथ आरोप-पत्रों की संख्या बताएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 3 तलाक कानून के विरोध में दायर याचिकाओं पर केंद्र सरकार को निर्देश दिए कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम का उल्लंघन करके जीवनसाथी को 3तलाक देने वाले पुरुषों के खिलाफ दर्ज एफआईआर और आरोपपत्रों की संख्या की जानकारी दी जाए। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कानून की सांविधानिकता को चुनौती देने वाली 12 याचिकाओं पर सुनवाई की।

कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों से लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा। पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 की धारा 3 और 4 के तहत लंबित कुल एफआईआर और आरोप पत्र की संख्या दाखिल करेगी। वहीं पक्षकार अपने तर्क के समर्थन में तीन पेज में लिखित प्रस्तुतियां भी दाखिल करेंगे। अंतिम सुनवाई 17 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में तय की है।

### 2019 में बना था यह कानून

*देश में 30 जुलाई 2019 को 3तलाक को लेकर कानून बनाया गया था। इसके तहत तलाक-ए-बिद्दत यानी एक बार में तीन तलाक देना गैर कानूनी है। तीन तलाक संज्ञेय अपराध मानने का प्रावधान किया गया है। कानून के तहत तीन तलाक को अवैध और अमान्य घोषित किया गया है तथा इसके लिए पति को तीन साल की जेल की सजा होगी। खुद को सुन्नी विद्वानों का संघ बताने वाले केरल के जमीयतुल उलेमा ने मुस्लिम महिला अधिनियम 2019 को असांविधानिक बताते हुए याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अमान्य करार कर दिया है तो इसे अपराध घोषित नहीं किया जाना चाहिए।*

### आरजी कर केसः हड़ताली डॉक्टरों को हाजिर बताएं

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पिछले साल एक ट्रेनी डॉक्टर के रेप एंड मर्डर के विरोध में हड़ताल पर गए डॉक्टरों को बड़ी राहत दी है। शीर्ष अदालत ने नई दिल्ली स्थित एम्स सहित देश भर के सभी अस्पतालों से इस घटना के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान चिकित्सकों की अनुपस्थिति के संबंध में नियम तय करने को कहा है और आदेश दिया है कि हड़ताल अवधि के दौरान डॉक्टरों की 'अनधिकृत' अनुपस्थिति को नियमित करें। उनकी गैर हाजिरी को हाजिर दिखाएं , न कि अनुपस्थित या छुट्टी पर दिखाएं।

# दक्षिण सूडान में भीषण प्लेन हादसा, 20 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ जुबा

दक्षिण सूडान के यूनिटी राज्य में बुधवार को एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 21 यात्री और क्रू मेंबर्स सवार थे। इस दुर्घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में एक भारतीय और दो चीनी नागरिक भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के रेडियो मिराया की रिपोर्ट के मुताबिक, ये प्लेन दक्षिणी सूडान की एक ऑयलफील्ड से उड़ान भर रहा था। इस भीषण प्लेन हादसे को लेकर साउथ सूडान के सूचना मंत्री माइकल माकुई ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, यूनिटी राज्य की सूचना मंत्री गैटवेच बिपाल ने कहा कि विमान बुधवार की सुबह यूनिटी ऑयलफील्ड एयरपोर्ट पर राजधानी जुबा के उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बिपल ने कहा, "विमान में बैठे सभी यात्री ग्रेटर पायनियर ऑपरेटिंग कंपनी (जीपीओसी) के तेल कर्मचारी थे।

**हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने को कहा**

# आप की सरकार नहीं बनी तो मुफ्त की योजनाएं होंगी खत्म, वीडियो पर बवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग को उन आरोपों की जांच करने की इजाजत दी है जिसमें कहा गया है कि आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट मांगने के लिए स्पैम कॉल किए थे।

इनमें चेतावनी दी गई थी कि यदि आप सत्ता में नहीं आई तो मुफ्त की योजनाएं खत्म कर दी जाएंगी। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि मुख्य चुनाव अधिकारी जांच पूरी कर के निष्कर्षों के आधार पर आप के खिलाफ कार्रवाई करें। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और



जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने उक्त आदेश तब जारी किया जब निर्वाचन आयोग ने बताया कि उसने इन कॉल्स के संबंध में अधिवक्ता ध्रोन दीवान की की शिकायत पर संज्ञान लिया है। अदालत ने मुख्य चुनाव अधिकारी से आरोपों की जांच करने और रिपोर्ट पेश करने को कहा है। आयोग के वकील मुकदमा शुरू करने को कहा।

**वक्फ विधेयक की बैठक में रार के बाद आखिरकार आया 'सुधार'**

*सांसदों को असहमति दर्ज कराने के लिए दिया वक्त*

# जेपीसी ने स्वीकारा संशोधित विधेयक और मसौदा रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की संयुक्त समिति ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक की रिपोर्ट और प्रस्तावित कानून के संशोधित संस्करण को बहुमत से पारित कर दिया। इस विधेयक को 15-11 मतों से मंजूरी मिली। मंजूरी मिलने के बाद विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक की आलोचना की है और इसे असंवैधानिक बताया।

उनका कहना है कि यह विधेयक सरकार को मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार देता है, जिससे वक्फ बोर्ड का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। हालांकि समिति ने सांसदों को अपनी असहमति दर्ज कराने के लिए शाम 4 बजे तक का समय दिया गया है।

**1** *रिपोर्ट और प्रस्तावित कानून का संशोधित संस्करण पारित*



### पहले से यह पारदर्शी और प्रभावी होगाः पाल

*समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि विधेयक में किए गए कई संशोधनों ने विपक्ष की चिंताओं का समाधान किया है। उनका कहना था कि जब यह विधेयक पारित होगा, तो वक्फ बोर्ड को अपने काम को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस विधेयक के तहत पहली बार पसमांदा मुसलमानों (जो पिछड़े वर्ग के हैं), गरीबों, महिलाओं और अनाथों को वक्फ के लाभार्थियों में शामिल किया गया है।*

### विपक्षी दलों ने कहा- पढ़ने का समय नहीं मिल पाया

*विपक्षी दलों, जैसे कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, आप और एआईएमआईएम के सांसदों ने विधेयक की तीखी आलोचना की। कुछ विपक्षी सांसदों ने अपनी असहमति दर्ज कराई है, जबकि अन्य ऐसा करने के लिए शाम 4 बजे तक समय ले रहे थे। वे यह आरोप लगा रहे हैं कि 655 पन्नों की रिपोर्ट उन्हें बहुत कम समय में दी गई और इसे पढ़ने का समय नहीं मिला।*

### विधेयक में अहम बदलाव

*विधेयक में एक अहम बदलाव यह है कि वक्फ द्वारा उपयोगकर्ता का खंड हटाया गया है। वक्फ संपत्ति से संबंधित मामले अब पूर्वव्यापी तरीके से नहीं खोले जाएंगे, जब तक कि वे विवादित न हों या सरकारी संपत्ति न हों। वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने का समर्थन किया गया है। बोर्ड में गैर-मुस्लिम और2 महिला सदस्यों को नामित किया जाएगा। एक केंद्रीय मंत्री, तीन सांसद, दो पूर्व न्यायाधीश, चार 'राष्ट्रीय ख्याति' के व्यक्ति और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी होंगे।*



# कबीर सिंह से अलग है 'देवा' का किरदार...

**मुंबई।** शाहिद कपूर इन दिनों अपनी फिल्म देवा को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। देवा 31 जनवरी को रिलीज हो रही है। इसी बीच शाहिद ने अपनी एक्शन फिल्म कबीर सिंह और देवा के बारे में डिफ्रेंस बताया है। सोशल मीडिया पर देवा की तुलना संदीप वांगा रेड्डी की कबीर सिंह से की जा रही है। फिल्म को लेकर आगे शाहिद ने कहा, 'एक अभिनेता के तौर पर, मैं अपने काम को अपने तक ही सीमित रखता हूं। मैं चाहता हूं कि हर कोई इसे महसूस करे। मैं बस थोड़ा सा फिलर जोड़ रहा हूं। मुझे वह भूमिका निभाना दिलचस्प लगा। मैंने हमेशा अपनी फिल्मोग्राफी के लिए चुनौतीपूर्ण फिल्मों का सेलेक्शन किया है।'

## लाइफ Style

# सान्या

## नौकरी छोड़ने की उम्मीद महिला से क्यों?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अपनी आगामी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में हैं। कई फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित हो चुकी और तारीफ बटोर चुकी फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में सान्या एक प्रतिभाशाली डांसर की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी शादी के बाद एक नाटकीय मोड़ लेती है।

हाल ही में अभिनेत्री अपनी इस फिल्म के बहाने समाज में महिलाओं से की जाने वाली उम्मीदों और भेदभाव पर बात करती दिखीं। फिल्म 'मिसेज' में सान्या मल्होत्रा एक हाउस वाइफ के रोल में हैं, जो प्रतिभाशाली डांसर है। एक पुरुष प्रधान घर में शादी के बाद उसकी जिंदगी में बड़े बदलाव आते हैं। फिल्म समाज में महिला और पुरुषों के बीच मौजूद भेदभाव को दिखाती है। आरती कडव के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिसेज' के बहाने सान्या मल्होत्रा ने समाज में महिलाओं से की जाने वाली गैर-जरूरी उम्मीदों पर बात की। सान्या ने समाज के रवैये पर बात की, जिसमें शादी और बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं को नौकरी छोड़ देने के लिए कहा जाता है। सान्या मल्होत्रा ने कहा, 'समाज में महिलाओं से बहुत सारी अपेक्षाएं हैं। आजकल यह बहुत स्वाभाविक है कि महिला से उम्मीद की जाती है कि वह बच्चे को जन्म देने के बाद नौकरी छोड़ दे। लेकिन बच्चा दोनों का है, है न? यह पति और पत्नी दोनों की जिम्मेदारी है। ऐसे में हमें परिवार में एक बेहतर तालमेल की जरूरत है। हमारे किरदार शायद ऐसा करने में सक्षम न हों, लेकिन इसके कई उदाहरण हैं। लोगों को उससे सीखना चाहिए'।



## हॉलीवुड मसाला





# एमिलिया से जुड़ी हैं कंट्रोवर्सी...

**लॉस एंजिल्स।** 'एमिलिया पेरेज'जरूर कई अवॉर्ड फंक्शन में सराही जा रही है, लेकिन इसके साथ कुछ कंट्रोवर्सी भी जुड़ी हैं। जैसे कहा जा रहा है कि इसकी कहानी मैक्सिकन बैकड्रॉप पर है पर इसमें मैक्सिकन कलाकारों की भागीदारी कम है। फिल्म के डायरेक्टर जैक्स ऑडियार्ड खुद एक फ्रेंच हैं। फिल्म को पेरिस में शूट किया गया है। फिल्म की एक ही एक्ट्रेस पाज सिर्फ मैक्सिको में पैदा हुई हैं। सेलेना गोमेज जरूर मैक्सिकन मूल की हैं, लेकिन उनकी स्पेनिश लैंग्वेज पर पकड़ बहुत कमजोर है, जिससे दर्शक नाराज हैं।



# 'हम ये दो हफ्ते नहीं भूलेंगे'

**मुंबई।** ब्रिटिश बैंड कोल्डप्ले ने अहमदाबाद में 'म्यूजिक ऑफ द स्फेयर्स वर्ल्ड टूर' के भाग के रूप में अपना अंतिम संगीत कार्यक्रम आयोजित किया, जिसके बाद उन्होंने अपने फैंस के सपोर्ट और प्यार के लिए एक भावुकता भरा संदेश दिया, जिसमें वो अपने पिछले दो सप्ताह के लिए फैंस का शुक्रिया अदा कर रहे हैं। कोल्डप्ले बैंड ने अपने अहमदाबाद शो के बाद एक्स पर लिखा कि 'धन्यवाद अहमदाबाद, धन्यवाद भारत। हम इन दो हफ्तों को कभी नहीं भूलेंगे। आपका प्यार और दयालुता हमेशा हमारे साथ रहेगी।" इस भावुक संदेश को लिख इस बैंड ने भारत को अलविदा कहा। इससे पहले क्रिस मार्टिन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'मां तुझे सलाम' गाकर भारतीयों को शुभकामनाएं दी थीं।



# 'तेरे इश्क में' के टीजर में दिखीं कृति...


**मुंबई।** आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में'का दूसरा टीजर रिलीज हुआ है। इस फिल्म में एक्टर धनुष के अपोजिट कृति सेनन नजर आएंगी, इस बात से पर्दा उठा गया है। टीजर में कृति सेनन का अंदाज ऑडियंस को काफी पसंद आया है। कृति के कहे डायलॉग, उनका इंटेंस लुक दर्शकों को काफी भा गया। यूट्यूब के कमेंट सेक्शन में एक यूजर लिखता है- 'यह जादू की तरह है। बैकग्राउंड में बजने वाला सोलफुल म्यूजिक इस फिल्म को एक मास्टर पीस बना रहा है। कृति इस कहानी के लिए बिल्कुल सही च्वाइस है।'वहीं एक यूजर ने लिखा- 'कृति की आवाज में दमदार डायलॉग सुनकर रोंगटे खड़े हो गए।' टीजर में कृति की आवाज में एक डायलॉग सुनाई देता है-'तुम मंदिरों में, शिवालयों में पटक लो माथा, 'मुक्ति' मिल ही जाए यह जरूरी तो नहीं।'



# 'द मेहता बॉयज' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बोमन ईरानी की फिल्म 'द मेहता बॉयज'का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह अभिनेता की बतौर निर्देशक पहली फिल्म है। इससे वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। ट्रेलर में बाप-बेटे के उलझे हुए रिश्ते की झलक देखने को मिली। कहानी हल्के-फुल्के पलों के साथ भावनाओं को गहन तरीके प्रस्तुत करती दिखी। यह फिल्म प्राइम वीडियो पर 7 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म के स्टार कास्ट की बात करें तो इसका निर्देशन बोमन ईरानी ने किया है। उन्होंने फिल्म में अहम भूमिका भी अदा की है। फिल्म की कहानी अकादमी पुरस्कार विजेता अलेक्जेंडर दिनलारिस जूनियर ने बोमन ईरानी के साथ लिखा है। श्रेया चौधरी और पूजा सरूप अहम भूमिका अदा करती दिखी हैं। बुधवार को 'द मेहता बॉयज'का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज किया गया।

## टीवी मसाला

# अर्शी को लगेगा झटका, बहन झनक से होगी मुलाकात?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में बोस परिवार और पारेख परिवार में ड्रामा जारी है। आनेवाले एपिसोड में आप देखेंगे कि अर्शी और अनिरुद्ध विहान के घर जाने का प्लान कर रहे हैं। अनिरुद्ध जानता है कि वहां पर झनक है इसलिए वो अर्शी को वहां ले जाने से घबरा रहा है, लेकिन अर्शी ने वहां जाने के लिए बहुत उत्साहित है। प्रोमो में देखने को मिला कि वहां जाने से पहले अनिरुद्ध अर्शी से कहेगा कि वहां उसके लिए एक सरप्राइज है। इधर झनक भी विहान से पूछती है कि अनिरुद्ध आ रहा है क्या? इसपर विहान ने कहा कि उसके साथ अर्शी भी आएगी। झनक सुनकर हैरान हो जाएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या झनक से मिलकर अर्शी को लगेगा झटका। पारेख परिवार में झनक जहां घर की बेटियों के लिए आवाज उठा रही है। तो वहीं, बोस परिवार में घरवालों के बीच अनबन जारी है। झनक विहान की बड़ी भाभी की बेटी (प्रियांशी) को डांस सिखाकर उसे कम्पटीशन में लेकर जाती है। वो अपनी सास से झूठ बोलकर प्रियांशी को स्कूल लेकर जाती है। वहीं, इधर लड़के वाले उसे देखने के लिए घर आ जाते हैं। झनक की सास बार-बार अपनी बड़ी बहू से कहेगी कि प्रियांशी को कमरे से लेकर आए। जब प्रियांशी बहुत देर तक नहीं आती है तो विहान की छोटी भाभी प्रियांशी के कमरे में जाती है। तब उसे पता चलता है कि प्रियांशी कमरे में नहीं है। वो नीचे आकर सबको बताती है कि प्रियांशी घर में नहीं है। ये सुनकर झनक की सास के होश उड़ जाते हैं।

## छवि ने ट्रोलर को दिया करारा जवाब

नई दिल्ली। टीवी अभिनेत्री छवि मित्तल ने सोशल मीडिया पर एक नेटिजन को जमकर फटकार लगाई। ट्रोलर ने उन्हें बाल झड़ने के लिए ट्रोल किया था। दरअसल, साल 2022 में अभिनेत्री को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला,



जिसके ट्रीटमेंट के दौरान उन्हें अपने कुछ बाल खोने पड़े। हाल ही में उन्होंने अपने जिम वर्काउट के दौरान की एक वीडियो शेयर की थी, जिस पर एक यूजर ने उनके बालों को लेकर कमेंट किया। इसके बाद एक्ट्रेस ने उसे सोशल मीडिया पर फटकार लगाई और इसे अपने कैंसर ट्रीटमेंट का साइड इफेक्ट बताया। छवि ने इस घटना को मानवता की मृत्यु कहा। यह घटना कुछ दिन पहले हुई जब छवि ने जिम में वर्कआउट करते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री ने जो स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें ट्रोलर ने कमेंट किया था, 'सर के बाल उड़ गए आपके, ट्रीटमेंट करवाओ।' जिसके बाद छवि ने जिम से अपनी एक और तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'आज मैंने एक बार फिर मानवता की मृत्यु का अनुभव किया। मुझे अपने कैंसर ट्रीटमेंट के कारण बाल झड़ने के लिए ट्रोल किया गया।

# सिनेमाघरों में 31 को रिलीज होगी 'कभी कभी'...

**नई दिल्ली।** नई फिल्मों की रिलीज के साथ-साथ पुरानी फिल्मों को रिलीज किए जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। बीते वर्ष 90 के दशक की कई फिल्मों को सिनेमाघरों में फिर से दिखाया गया। अब इस साल 70 के दशक की क्लासिक फिल्म 'कभी कभी' रिलीज होने वाली है। अमिताभ बच्चन, शशि कपूर और राखी जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कभी कभी' को एक बार फिर सिनेमाघरों में देखने का मौका मिलने वाला है। इस फिल्म को फिर से रिलीज किया जा रहा है। 31 जनवरी से फिल्म थिएटर्स में देखी जा सकेगी। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया था। इसमें ऋषि कपूर, वहीदा रहमान और नीतू सिंह जैसे सितारे भी नजर आए। फिल्म 'कभी कभी' मूल रूप से साल 1976 में रिलीज हुई। यह यश चोपड़ा की निर्देशक के रूप में 'दीवार' के बाद दूसरी फिल्म थी। इस फिल्म का म्यूजिक खूब हिट रहा। फिल्म का गाना 'कभी कभी मेरे दिल में' आज भी सुना जाता है। गीतकार साहिर लुधियानवी को इसके लिए सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार मिला था। इसके अलावा सिंगर मुकेश को बेस्ट प्लेबैग सिंगर का अवॉर्ड मिला।



# जब लता की जगह सुमन ने गाए मोहम्मद रफी के साथ गाने ...

***नई दिल्ली।** अनोखी आवाज की मालकिन सुमन कल्याणपुर का जन्म 28 जनवरी 1937 को ढाका में हुआ। सुमन को उनकी आवाज में गाए शानदार गानों के लिए जाना जाता है। सुमन का परिवार बाद में मुंबई आ गई। सुमन ने कई सारे बड़े गायकों के साथ गाने गाए। तलक महमूद ने भी उनके साथ गाना गाने की इच्छा जताई थी। एस डी बर्मन के लिए भी गायिका ने कई गाने गाए।*

### मोहम्मद रफी के साथ गाए गाने

कहा जाता है कि लता मंगेशकर की आवाज और सुमन कल्याणपुर की आवाज में कोई अंतर है, इस बारे में फैंस समझ नहीं पाते थे। हालांकि, उन्होंने अपनी अलग पहचान जरूर बनाई। खबरों के मुताबिक जब लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी की लड़ाई हो गई थी, तब सुमन ने ही रफी साथ के साथ कई गाने गाए।



### कुछ निजी जीवन से जुड़ा सब कुछ

सुमन ने बाद में 1958 में रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनकी एक बेटी हुई, चारुल अग्नि, जो अमेरिका में सेटल हो गईं। सुमन के पति रामानंद हर शो में उनके साथ जाया करते थे। कला में उनके योगदान के लिए उन्हें 2023 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें 2009 में लता मंगेशकर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

### सुमन कल्याणपुर के शानदार गाने

सुमन कल्याणपुर को उनके शानदार गानों के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'तुम मर्द निकालोगे घूंघट जब राज हमारा आएगा', 'आज कल तेरे मेरे प्यार', 'है न बोलो बोलो', 'न न करते प्यार', 'तुमने पुकारा और', 'रहें न रहें', 'इतना है तुमसे प्यार मुझे', 'सुनो सुनो रे कहानी', 'ना तुम जानों न हम', 'दिल गम से जल रहा है', 'मेरे संग गा', 'मेरे महबूब न जा', 'जो हम पे गुजरती है', 'बहना ने भाई की कलाई में' आदि कई गाने काफी हिट हो चुके हैं।

## कई पुराने कंटेस्टेंट भी शो में कुकिंग और मस्ती करते दिखेंगे

# लाफ्टर शेफ का नया सीजन, कुकिंग के साथ हंसी का तड़का लौटा

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

कलर्स के एंटरटेनिंग शो लाफ्टर शेफ के पहले सीजन की सफलता के बाद अब दूसरा सीजन शुरू हुआ है। इस बार जहां कुछ पुराने कंटेस्टेंट हैं तो कुछ नए भी हैं। भारती सिंह, कृष्णा अभिषेक, सुदेश लहरी जैसे पुराने कलाकार फिर हंसाने आए हैं, वहीं कश्मीरा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, राहुल वैद्य समेत कई पुराने कंटेस्टेंट भी शो में कुकिंग और मस्ती करते दिखेंगे। वहीं नए कंटेस्टेंट की बात की जाए तो एल्विश यादव, मनारा चोपड़ा, रुबिना दिलैक, अभिषेक, समर्थ और अब्दू रोजिक जैसे सितारों की एंट्री हो गई है।

### लाफ्टर शेफ सितारों से खास बातचीत

हरिभूमि, आईएनएच 24X7 की टीम लाफ्टर शेफ के सेट पर पहुंची और सितारों से बातचीत की। बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के रहने वाले विक्की जैन, बिग-बॉस फेम अब्दू रोजिक, अभिषेक और लाफ्टर क्वीन भारती समेत कई कलाकारों से बातचीत की गई। सभी को हंसाने वाली भारती ने बताया कि अब कई जेन ज़ी कंटेस्टेंट इस बार हैं जो लेवल अप करेंगे और पुराने सीजन के सह-कलाकारों को भी वह मिस करती हैं । वहीं अपनी लाफ्टर शेफ फैमिली के अलावा फैमिली प्लानिंग की बात करते हुए कहा कि अब उन्हें दूसरा बच्चा चाहिए, वो भी एक लड़की।





### अभिषेक-समर्थ के रिश्ते पर बोलें अभिषेक

'पुरानी चीजें भूल जानी चाहिए। मेरे अभी फ्रेंड अमन जयसवाल की डेथ हुई। कुछ नहीं पता कब क्या हो जाए, तो क्यों दिल में गिले-शिकवे रखना। बिग-बॉस के बाद काफी बदलाव आए हैं मुझमें, गुस्सा और अहंकार कम है और पेशेंस और बैलेंस रखना सीख गया हूं।' बता दें, बिगबॉस में जहां अभिषेक-समर्थ के बीच रिश्ते अच्छे नहीं दिखे थे, तो इस शो में दोनों एक टीम है। बता दें, लाफ्टर शेफ का दूसरा सीजन 25 जनवरी से प्रसारित हुआ है। हर शनिवार और रविवार रात 9:30 बजे कलर्स चैनल पर आप इसे देख सकते हैं।

### विक्की जैन को है छत्तीसगढ़ का समोसा पसंद

विक्की भैया से जब पूछा गया कि कौन-कौन से छत्तीसगढ़ी व्यंजन उन्हें पसंद हैं तो उन्होंने बताया कि बिलासपुर के समोसे उन्हें काफी पसंद हैं, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि असल में पेट अंकिता की डांट से भरता है या खाने से, तो उन्होंने बड़े प्यार से कहा- कि अब समझ आ गया है कि अंकिता की डांट ही उसका प्यार है।

### अब्दू का फेवरेट इंडियन फूड है 'वड़ापाव'

वैसे तो बर्गर के दीवाने हैं अब्दू रोजिक, लेकिन जब उनसे पूछा कि भारतीय डिश कौन सी पसंद है तो उन्होंने वड़ापाव का नाम लिया। वहीं कुकिंग पर उन्होंने कहा कि कभी मेरा हाथ जल रहा है खाना बनाते समय तो कभी हाथ कट रहा है, लेकिन मजा काफी आ रहा है।



वर्ल्ड कैंसर डे
4 फरवरी-स्पेशल

## पहचानें लक्षण-बरतें सावधानी
# पॉसिबल है कैंसर ट्रीटमेंट

कैंसर का नाम सुनते ही आमतौर पर लोग घबरा जाते हैं। वास्तविकता यह है कि अगर समय रहते इसकी पहचान कर ली जाए, मेडिकेशन शुरू हो जाए तो कैंसर का ट्रीटमेंट पॉसिबल है। यहां यह जानना भी जरूरी है कि अपनी लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट में अगर हम जरूरी सावधानी बरतें तो काफी हद तक कैंसर से बचे रह सकते हैं। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

डॉक्टर एडवाइस
डॉ. वैभव चौधरी
ऑन्कोलॉजिस्ट
कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई








- *10 मिलियन (1 करोड़) लोगों की बीते वर्ष 2024 में दुनिया भर में कैंसर से मौतें होने का अनुमान है।*
- *80 फीसदी लोग दुनिया भर में ऐसे हैं, जिनका इलाज तब शुरू होता है, जब कैंसर लास्ट स्टेज (तीसरी या फिर चौथी अवस्था) में पहुंच चुका होता है।*

***(स्रोत- विश्व स्वास्थ्य संगठन)***

**अमेरिका स्थित** हारवर्ड मेडिकल स्कूल के अनुसार .कैंसर तब शुरू होता है, जब कोशिका के डीएनए में कोई गड़बड़ी (म्यूटेशन) हो जाती है। कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से लगातार बढ़ती रहती हैं, जो कालांतर में कैंसर का कारण बनती हैं।



वैसे तो शरीर में कोशिकाओं के बनने और उनके मृत होने की प्रक्रिया चलती रहती है, लेकिन जब कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं तो इस स्थिति को कैंसर कहा जाता है। कोशिकाओं का अनियंत्रित रूप से बढ़ना शरीर के किसी भी भाग में हो सकता है। ये अनियंत्रित कोशिकाएं शरीर के किसी भी भाग या अंग में गांठ जैसा रूप अख्तियार कर लेती हैं। ऐसी अनियंत्रित कोशिकाओं को ही कैंसरस सेल्स कहा जाता है।

### कैंसर होने के कारण

'दि न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार कैंसर का एक कारण अस्वास्थ्यकर जीवनशैली है। अस्वास्थ्यकर खान-पान और व्यायाम न करना कालांतर में कई प्रकार के कैंसरों को उत्पन्न कर सकता है। फास्ट फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थों में वसा अधिक मात्रा में होती है, इनमें विटामिंस और मिनरल्स नगण्य होते हैं। फास्ट फूड्स अकसर लेने से कब्ज, बदहजमी, गैस और पेट संबंधी अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिनसे पेट के कैंसर (गैस्ट्रिक कैंसर) और बड़ी आंतों का कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अलावा कैंसर के कुछ अन्य प्रमुख कारण हैं। जैसे धूम्रपान और तंबाकू का विभिन्न रूपों में सेवन। इनसे मुंह, जीभ, गले, भोजन नली (फूड पाइप), फेफड़े, पेट और मूत्राशय का कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। इसी तरह तले हुए अत्यधिक वसायुक्त खाद्य पदार्थों को ग्रहण करने से बड़ी आंतों का कैंसर होने का रिस्क बढ़ जाता है।

एक अरसे तक शराब पीने की लत लिवर और किडनी कैंसर का कारण बन सकती है। वहीं हानिकारक रासायनिक पदार्थों या उनके माहौल के संपर्क में आने से त्वचा का कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। देश-दुनिया में बढ़ता वायु प्रदूषण भी चिंता का सबब बन रहा है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि बढ़ते वायु प्रदूषण से निकट भविष्य में फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ सकते हैं।

### कैंसर और साइकोट्रीटमेंट काउंसलिंग

**कैंसर के** इलाज में विभिन्न पहलुओं पर रोगी को परामर्श दिया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कैंसर का पता चलने के बाद मरीज के हौसले अकसर पस्त हो जाते हैं और वह समझने लगता है कि अब उसकी जिंदगी में कुछ भी अच्छा नहीं रहा। यही नहीं कैंसर पीड़ित व्यक्ति के परिजन, उसके मित्र और शुभचिंतक तक भयभीत हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को परामर्श की जरूरत होती है। इस मनोचिकित्सकीय परामर्श के कई पहलू हैं। जैसे अचानक बीमारी का पता चलने के बाद मरीज को मानसिक स्तर पर बहुत बड़ा झटका लगता है। इस झटके से उबरने के लिए उसकी काउंसलिंग की जाती है। अनेक मरीज ऐसे होते हैं, जो कैंसर चिकित्सा के दौरान अपनी निराशाजनक सोच के चलते डिप्रेशन में चले जाते हैं। ऐसे लोगों को एंटीडिप्रेशेंट दवाएं दी जाती हैं। इसके अलावा कैंसर सपोर्ट ग्रुप्स से जुड़े लोगों की मदद से भी कैंसर पीड़ितों का मनोबल बढ़ता है। ऐसे ग्रुप्स में वे लोग शामिल होते हैं, जो विभिन्न प्रकार के कैंसरों से अपनी-अपनी लड़ाई जीत चुके हैं। इन सपोर्ट ग्रुप्स के लोग जब कैंसर पीड़ितों से बात करते हैं तो उनका हौसला बढ़ता है।

### कैंसर के लक्षण

शरीर का जो भाग कैंसरग्रस्त होता है, उसी भाग से संबंधित समस्याएं लक्षणों के रूप में मरीज को पीड़ित करती हैं। जैसे अगर किसी व्यक्ति को गले का कैंसर है तो उसे किसी खाद्य पदार्थ को निगलने में दिक्कत महसूस होगी। यहां बताए जा रहे लक्षणों के दिखने या महसूस होने पर शीघ्र ही डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए।


- बिना किसी कारण के वजन घटना (6 महीने में 10% से अधिक) कैंसर की वजह से हो सकता है।
- किसी जख्म या घाव का लंबे समय तक न भरना।
- त्वचा के आंतरिक भाग में किसी गांठ का महसूस होना, जो तेजी से बढ़ रही हो (आमतौर पर महिलाओं के स्तनों में गांठ के मामले ज्यादा सामने आते हैं), शरीर के किसी भाग में सूजन होना और उस पर गांठें बनना, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि हर गांठ कैंसरस नहीं होती है।
- खून की कमी (एनीमिया) से ग्रस्त होना।
- बिना किसी इंफेक्शन के बार-बार बुखार आना।
- काफी दिनों से शारीरिक रूप से असहज महसूस करना।
- मस्सों और तिलों में बदलाव होना या आकार बढ़ना।
- परिश्रम किए बगैर थकान और कमजोरी महसूस करना।
- लंबे समय तक सामान्य से कम भूख लगना।

### डायग्नोसिस के तरीके

डॉक्टर मरीज की शारीरिक स्थिति और उसके लक्षणों के अनुसार कैंसर से संबंधित जांचें कराते हैं। रक्त परीक्षणों के जरिए कैंसर का शुरुआती स्टेज में पता चल सकता है। कैंसर से संबंधित अन्य जांचों में पीईटी सीटी स्कैन, एफएनएसी, बायोप्सी, एमआरआई आदि शुमार हैं।

### कैंसर से बचाव के तरीके

अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार धूम्रपान और तंबाकू की लत छोड़ने पर फेफड़े और गले का कैंसर होने का खतरा लगभग 50 फीसदी कम हो जाता है। भारत में विभिन्न प्रकार के कैंसरों में 34% कैंसर पीड़ित धूम्रपान और तंबाकू की लत के शिकार हैं। इसलिए तंबाकू और इससे निर्मित अन्य उत्पादों और शराब आदि मादक पदार्थों का सेवन न करें। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। विटामिंस और फाइबर युक्त यानी रेशेदार आहार जैसे-हरी सब्जियां, फलों, साबुत अनाजों और दालों को भोजन में वरीयता दें, बार-बार गर्म किए तेल, घी या रिफाइंड ऑयल में बने खाद्य पदार्थों से परहेज करें। 'दि लैंसेट' मेडिकल मैगजीन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार कैंसर से बचाव में खट्टे फलों जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू आदि के अलावा लहसुन, अदरक, ब्रोकली और टमाटर का सेवन अत्यंत लाभप्रद हैं। वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार मोटापा कोशिकाओं में गड़बड़ी (म्यूटेशन) का एक कारण बन सकता है। इसलिए अपना वजन सामान्य रखें और किसी भी स्थिति में मोटापे को स्वयं पर हावी न होने दें। इसके लिए अपने डॉक्टर और फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लेकर नियमित रूप से व्यायाम करें।



### ट्रीटमेंट के प्रकार

कैंसर के उपचार में सर्जरी, रेडिएशन और कीमोथेरेपी को अपनाया जाता है। इलाज की अन्य आधुनिक तकनीकों में रोबोटिक सर्जरी, नवीनतम साइबरनाइफ और गामानाइफ आदि ने कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में काफी परिवर्तन कर दिया है। चिकित्सा की ये तकनीकें स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बगैर अत्यंत सुरक्षित हैं और कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में सहायक हैं। इसके अलावा टार्गेटेड थेरेपी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट आदि से भी कैंसर के इलाज को एक नया आयाम मिला है।

**इंटेंसिटी मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी:** आईएमआरटी नामक इस थेरेपी से कैंसर ग्रस्त भाग को रेडिएशन से हटा दिया जाता है। इस प्रक्रिया में कैंसरग्रस्त भाग के समीप स्थित स्वस्थ कोशिकाओं पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ता। इस थेरेपी का इस्तेमाल ब्रेन ट्यूमर और प्रोस्टेट कैंसर में हो रहा है।

**टी कार सेल थेरेपी:** इस थेरेपी में मरीज की टी कोशिकाओं के जरिए कैंसरग्रस्त कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है।

**इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी:** इसे आईजीआरटी भी कहते हैं। कैंसरग्रस्त भाग का पता लगाने और उसका आकलन करने के बाद यह थेरेपी उस भाग को रेडिएशन से हटा देती है। फेफड़ों के कैंसर, पेट संबंधी कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस थेरेपी का इस्तेमाल हो रहा है।

**जीन थेरेपी:** कोशिकाओं में मौजूद जीन (जो डीएनए का एक भाग होता है) में गड़बड़ी के कारण कैंसरग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। जीन थेरेपी के अंतर्गत इसी गड़बड़ी को दूर करने का प्रयास किया जाता है। फिलहाल इस थेरेपी के संदर्भ में शोध और अध्ययन जारी हैं।

**इम्यूनोथेरेपी:** शरीर में किसी भी रोग का मुकाबला करने के लिए जो कोशिकाएं होती हैं, उन्हें प्रतिरक्षी सेल्स (इम्यून सेल्स) कहा जाता है। इन सेल्स के जरिए कैंसरग्रस्त कोशिकाओं के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस थेरेपी के संदर्भ में दुनिया भर में शोध जारी हैं।

**एंटीबॉडी-ड्रग कंजुगेट थेरेपी:** यह कैंसर का ऐसा इलाज है, जिसमें टारगेटेड थेरेपी और कीमोथेरेपी का समन्वय एक साथ कर ट्रीटमेंट किया जाता है।

### जल्द डायग्नोसिस है जरूरी

विख्यात मेडिकल जर्नल 'दि लैंसेट' के अनुसार कैंसर का निदान (डायग्नोज) करने में जितनी जल्दी की जाए, तो इससे मरीज के ठीक होने की संभावना उतनी ही बढ़ती जाती है। जैसे गले में स्थित स्वर यंत्र (वोकल कॉर्ड) के कैंसर का स्टेज 1 में पता लगने पर रेडियोथेरेपी से 95% मामले ठीक हो जाते हैं, स्टेज 2 में 70% और स्टेज 3 में 50% मामलों में पीड़ितों को इस बीमारी से छुटकारा मिल जाता है। कमोबेश उपरोक्त आंकड़े शुरुआती अवस्था में विभिन्न प्रकार के कैंसरों का पता चलने और उनके इलाज के संदर्भ में भी लागू किए जा सकते हैं। वैसे इस संदर्भ में एक बात याद रखनी चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति के शरीर के हर अंग की कार्यप्रणाली, कार्य शक्ति या उसकी संरचनात्मक विशेषताएं अलग-अलग होती हैं। इसलिए इस संदर्भ में किसी अंग विशेष के कैंसर और उससे पीड़ित मरीज के स्वस्थ होने के बारे में एक निश्चित जानकारी नहीं दी जा सकती। फिर भी पहली स्टेज और दूसरी स्टेज में कैंसर का इलाज संभव है, लेकिन इसका यह आशय न निकाला जाए कि तीसरी और चौथी अवस्था में पहुंचे लोगों को कैंसर से राहत या छुटकारा नहीं मिल सकता। *

**प्रस्तुति:विवेक शुक्ला**

### आमतौर पर होने वाले कैंसर

**कुछ प्रकार** के कैंसरों के मामले महिलाओं में और कुछ पुरुषों में ज्यादा सामने आते हैं। जैसे महिलाओं में आमतौर पर स्तन कैंसर, गर्भाशय, अंडाशय (ओवरी) और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से संबंधित कहीं ज्यादा मामले सामने आते हैं। इसी तरह पुरुषों में फेफड़े का कैंसर, मुंह और गले के कैंसर के मामले ज्यादा सामने आते हैं।

**फेफड़े का कैंसर:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विभिन्न प्रकार के कैंसर से होने वाली मौतों में सबसे ज्यादा मौतें फेफड़ों के कैंसर से होती हैं।

**कारण:** फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन है। इसके अतिरिक्त जो लोग धूम्रपान करने वाले लोगों के संपर्क में आते हैं, उन्हें भी कालांतर में कैंसर हो सकता है। धूम्रपान करने वाले लोगों के निकट रहने वाले को पैसिव स्मोकर कहा जाता है। इसके अलावा जो लोग धुएं या गर्द वाले प्रदूषित क्षेत्र के संपर्क में रहते हैं, उन्हें भी फेफड़े का कैंसर हो सकता है।

**लक्षण:** फेफड़ों के कैंसर में लगभग 25 प्रतिशत लोगों में कोई लक्षण नहीं सामने आते हैं लेकिन कुछ लक्षण सामने आते हैं। जैसे- सांस लेने में तकलीफ, अकसर खांसी आना, सीने में



घरघराहट, सीने में दर्द, खांसी या थूक में खून आना।

**टेस्ट:** छाती का एक्स-रे, एमआरआई, पैट सीटी स्कैन और सीटी स्कैन, ब्लड टेस्ट, यूरीन टेस्ट, बायोप्सी, ब्रॉन्कोस्कोपी से इसका पता चलता है।

**उपचार:** उपचार की विधि ट्यूमर के आकार, उसके स्थान और मरीज के स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। उपचार के दो मुख्य रूप सर्जरी और विकिरण चिकित्सा है।

**सर्जरी:** प्रारंभिक लंग कैंसर का इलाज सर्जरी से किया जा सकता है। एक्सटर्नल-बीम रेडिएशन थेरेपी लंग्स कैंसर के इलाज में उत्साहवर्धक परिणाम दे रही है। कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी उन मामलों में आवश्यक हो सकती है, जिनमें ट्यूमर फेफड़ों से अन्य अंगों में फैल जाए।

**मुंह एवं गले का कैंसर:** यह कैंसर दुनिया भर में होने वाले कैंसरों में छठे स्थान पर है। यह कैंसर हमारे मुंह से लेकर गले तक के हिस्से में होता है।

**लक्षण:** मुंह में किसी तरह का घाव, जो कई दिनों के बाद भी ठीक न हो रहा हो। किसी खाद्य पदार्थ को निगलने में परेशानी। खाना खाने में तकलीफ। दांतों का जीभ में लगना। आवाज में बदलाव। मुंह का कम खुलना। गले में किसी तरह की गांठ महसूस होना भी कैंसर का लक्षण हो सकता है।

**कारण:** तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और अकसर शराब पीने वाले लोग इस कैंसर के अधिक शिकार होते हैं।

**उपचार:** मुंह और गले के कैंसर के बारे में अगर शुरुआती स्टेज में ही पता चल जाए तो बायोप्सी के बाद सर्जरी की जाती है। जब हमें इस बीमारी के बारे में दूसरी या तीसरी स्टेज में पता चलता है, तब कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी दी जाती है। मरीज की स्थिति के अनुसार डॉक्टर आगे के इलाज की प्रक्रिया सुनिश्चित करते हैं।

---

हेल्थ न्यूज

## ब्रेस्ट कैंसर को पहचानेगा नया जेनेटिक मॉडल



**भा**रत में तेजी से बढ़ रहे ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों के लिए हाल ही में विकसित एक नए मॉडल से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने स्तन कैंसर के लिए एक नया आनुवंशिक मॉडल विकसित किया है, जो वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद कर सकता है कि कैंसर क्यों और कहां फैलता है? अमेरिका में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एरन आंद्रेचेक, ई2एफ5 जीन और ब्रेस्ट कैंसर के विकास में इसकी भूमिका पर शोध कर रहे हैं।

आंद्रेचेक की स्टडी में प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर कहा जा सकता है कि ई2एफ5 जीन के नष्ट होने से साइक्लिन डी 1 के विनियमन में बदलाव होता है। साइक्लिन डी 1, मेटास्टेटिक ब्रेस्ट ट्यूमर से जुड़ा एक प्रोटीन है। ऑन्कोजीन पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यह भी दर्शाया गया है कि ब्रेस्ट ग्लैंड में ई2एफ5 को हटाने से ट्यूमर का निर्माण होता है। अध्ययन से निष्कर्ष निकलता है कि जैसे-जैसे वैज्ञानिक बेहतर ढंग से समझेंगे कि जीन स्तन कैंसर को कैसे प्रभावित करते हैं, वे यह भी जान सकेंगे कि कैंसर मेटास्टेसाइज क्यों होता है और कैंसर कहां फैलने की संभावना है? आंद्रेचेक के अनुसार, उनका माउस मॉडल आनुवंशिक रूप से तैयार मॉडल से अलग है। आनुवंशिक रूप से तैयार माउस मॉडल को इंजेक्शन के माध्यम से कृत्रिम रूप से बदला जा सकता है ताकि कैंसर कोशिकाओं को यकृत या मस्तिष्क जैसे अंगों में जाने के लिए मजबूर किया जा सके।

आंद्रेचेक बताते हैं कि इस मॉडल को लेकर हमारे इतने उत्साहित होने का एक कारण यह है कि यह मॉडल कुछ ऐसा करता है, जो अधिकांश आनुवंशिक माउस मॉडल ने कभी नहीं किया है। आंद्रेचेक के अनुसार, स्तन कैंसर सबसे अधिक बार लिंफ नोड्स हड्डियों या यकृत में फैलता है। आंद्रेचेक की प्रयोगशाला, ब्रेस्ट कैंसर के विकास और प्रगति में शामिल तंत्रों की जांच करने के लिए आनुवंशिक मॉडल के साथ-साथ बॉयोइंफॉर्मेटिक्स का भी उपयोग करती है। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

---

बड़ी आसानी से उगने वाला और हर मौसम में हरा-भरा रहने वाले सदाबहार के पौधे में अनेक औषधीय गुण पाए जाते हैं। लेकिन इसका किसी भी प्रकार से सेवन करने से पहले आयुर्वेद विशेषज्ञ से परामर्श जरूरी है। इसके औषधीय गुणों के बारे में जानिए।

## अनेक बीमारियों में कारगर सदाबहार

हर्बल जोन
रेखा देशराज



**स**दाबहार या सदाफूली भारत में सदियों से उगाई जाने वाली और कई रोगों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली जड़ी-बूटी है। हिंदी में इसे सदाबहार कहते हैं, जबकि बांग्ला में नयनतारा, पंजाबी में रतनजोत, मलयालम में उषामलारि और तेलुगू में बिलागैन्नेस के नाम से इसे जानते हैं। बारहों महीने खिले रहने वाले फूलों का यह पौधा, जब जंगल में अपने आप उगता है तो झाड़ीनुमा शक्ल अख्तियार कर लेता है। पूरी दुनिया में इसकी 8 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 7 प्रजातियां मेडागास्कर में और 8वीं यानी एक प्रजाति समूचे भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है। इसका वैज्ञानिक नाम केथारेंथस रोजस है।

**होते हैं कई औषधीय गुण:** सदाबहार में अनेक औषधीय गुण पाए जाते हैं। लेकिन उसके पहले यह जान लें कि इसकी पत्तियों, जड़ तथा डंठलों से निकलने वाला दूध विषैला होता है। हाल के सालों में इसमें मधुमेह, कैंसर, ब्लड प्रेशर, एंटीसेप्टिक,एंटीमाइक्रोबियल गुणों के कारण इसे संक्रमण जैसी समस्याओं के लिए बेहद कारगर पाया गया है। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी औषधीय पौधे के रूप में मान्यता दी है। इस पौधे का गुण क्षारीय या एल्केलॉयड होता है। बीपी की समस्या के लिए इसकी पत्तियां और इसके पौधे के विभिन्न हिस्से बहुत कारगर होते हैं। जैसे खांसी, गले की खराश, फेफड़ों के संक्रमण आदि में भी यह बहुत कारगर होती है।


**मधुमेह को रखे नियंत्रित :** हाल के दशकों में मधुमेह के उपचार में कारगर होने की वजह से इसका महत्व बहुत बढ़ गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि सदाबहार में जो क्षारीय तत्व है, वह रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसके इस गुण पर शोध के दौरान पाया गया कि यह सिर्फ मधुमेह में ही बहुत उपयोगी नहीं है बल्कि बहुत सारी बीमारियों के लिए यह बेहद उपयोगी जड़ी-बूटी है।

**कैंसर के उपचार में सहायक:** भारत के केंद्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान द्वारा इस पर किए गए शोध से पता चला है कि इसकी पत्तियों में 'विनिकरस्टीन' नामक क्षारीय पदार्थ पाया जाता है, जो कैंसर विशेषकर रक्त कैंसर के इलाज में बेहद उपयोगी होता है। इसलिए यह विषाक्त पौधा आज संजीवनी बन गया है।

**त्वचा रोगों में कारगर:** इसकी पत्तियां, फूल, टहनियां, जड़ें या कहें कि पौधे का हर हिस्सा शरीर पर होने वाले फोड़े, फुंसी, घाव आदि के लिए रामबाण की तरह होते हैं। इसलिए भारत में सदियों से फोडे-फुंसी जैसी समस्याओं पर इसकी पत्तियों और फूलों का लेप लगाया जाता रहा है।

**सलाह के बाद ही करें सेवन:** सदाबहार का किसी भी रोग में संतुलित मात्रा में ही सेवन करें और बेहतर यही है कि इसके इस्तेमाल से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर कर लें। बिना सलाह लिए इसका उपयोग खतरनाक हो सकता है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं को इससे दूर रहना चाहिए। छोटे बच्चे को भी इससे दूर रखना चाहिए वर्ना यह उनके लिए खतरनाक हो सकता है। *

---



डॉक्टर्स सजेशन
डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बार-बार हो सीने में दर्द



**मेरी उम्र 49 वर्ष है। मैं वर्षों से स्मोकिंग कर रहा हूं। कुछ दिनों से मेरे सीने में रह-रहकर दर्द होता है और कफ में कभी-कभी रेड स्पॉट नजर आते हैं। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हितेश, कुरुक्षेत्र**

आप अपनी परेशानी का कारण खुद ही बता रहे हैं। आपकी परेशानी सुनकर ऐसा लग रहा है कि चेस्ट में इंफेक्शन है, इसलिए आप बगैर देर किए जनरल फिजिशियन और अगर संभव है तो चेस्ट स्पेशलिस्ट से संपर्क करें। वह जांच कराएंगे, इसके बाद इस परेशानी का कारण पता चलेगा और उपचार किया सकेगा। फिलहाल आप स्मोकिंग बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-मोहित, रायपुर**

सर्दी के मौसम में कई बार टॉन्सिल की समस्या हो जाती है, जिससे कुछ भी खाने या गटकने में परेशानी महसूस होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि सुबह और शाम गर्म पानी का गरारा करें और दिन में हल्का गुनगुना पानी पिएं। फ्रिज का रखा हुआ कोई भी ठंडा खाद्य न खाएं, न ही ठंडा पानी पिएं। इस तरह आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 47 वर्ष है। एक-डेढ़ महीने से मेरे सिर के पिछले हिस्से में रह-रहकर टीस होती रहती है। कई बार यह दर्द बहुत असहनीय हो जाता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुशील, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपके सिर के पिछले हिस्से में टीस होती है और दर्द होता है, इसलिए बगैर जांच किए कोई भी उपचार नहीं किया जा सकता है। आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वे आपकी कुछ ब्रेन से संबंधित जांच कराएंगे, जिससे कारण पता चलेगा, लेकिन आप इस बात पर गौर करें कि यह समस्या नियमित रूप में होती है या कभी-कभी होती है और अगर कभी-कभी होती तो किन स्थितियों में होती है। इस पर भी गौर करें। इससे ट्रीटमेंट में मदद मिलेगी।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। पिछले एक महीने में दो बार अचानक मेरे नाक से खून रिसने लगा फिर कुछ देर बाद बंद भी हो गया। ऐसा क्यों हो सकता है, यह कोई चिंता की बात तो नहीं?**

**-अंचित, दुर्ग**

हालांकि इस तरह की समस्या गर्मी के मौसम में होती है लेकिन आप बता रहे हैं कि आपको इस तरह की प्रॉब्लम अभी हो रही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि नाक में अंगुली डालने के बाद ऐसी समस्या आती है? क्योंकि कई बार नाक में खुजली करने से ऐसी समस्या आ जाती है। आप एक बार ईएनटी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच से नाक से ब्लीडिंग के कारण का पता करेंगे फिर उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। मेरे पैर अकसर सुन्न हो जाते हैं। कुछ देर के लिए इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कई बार इस वजह से चलने-फिरने में लड़खड़ाहट होती है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रमेश चंद्र, महेंद्रगढ़**

आपको मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि जैसा आप बता रहे हैं कि कभी-कभी पैर सुन्न हो जाते हैं और तब लड़खड़ा जाते हैं। इसका मतलब नर्वस सिस्टम में कोई न कोई परेशानी आ रही है। इसलिए आप बगैर देर किए डॉक्टर से संपर्क करें। जांच के बाद इसका कारण पता चलेगा और फिर उपचार कराना होगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**



# टी20 रैंकिंग : तिलक बने वर्ल्ड नंबर-2, वरुण शीर्ष पांच में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के प्रतिभाशाली बल्लेबाज तिलक वर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बुधवार को जारी की गई पुरुष टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 25 स्थान की लंबी छलांग लगाकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गए हैं।

वर्मा अब बल्लेबाजों की सूची में ट्रैविस हेड के ठीक पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ने वर्मा पर 23 अंक की बढ़त बना रखी है। बाएं हाथ के बल्लेबाज वर्मा इस समय शानदार फॉर्म में है और उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की मौजूदा टी20 श्रृंखला में नाबाद 19, नाबाद 72 और 18 रन बनाए हैं।



### रिकॉर्ड बनाने का मौका

भारत और इंग्लैंड के बीच वर्तमान श्रृंखला में अभी दो मैच खेले जाने बाकी हैं तथा वर्मा के पास हेड से आगे निकलने और रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने का मौका है। यह रिकॉर्ड वर्तमान में पाकिस्तान के बाबर आजम के नाम पर दर्ज है, जो 23 साल और 105 दिन की उम्र में नंबर एक पर पहुंचे थे।

### चौथी सबसे बड़ी रेटिंग

वर्मा की 832 अंकों की वर्तमान रेटिंग टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा हासिल की गई चौथी सबसे बड़ी रेटिंग है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत की तरफ से केवल सूर्यकुमार यादव, विराट कोहली और केएल राहुल ही उनसे अधिक रेटिंग अंक हासिल कर पाए।



### 11वें स्थान पर अक्षर

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच में 24 रन देकर पांच क्रिकेट लेने वाले चक्रवर्ती अपने इस करिश्माई प्रदर्शन से गेंदबाजों की रैंकिंग में चोटी के पांच गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं। उनके साथी स्पिनर अक्षर पटेल पांच पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल रशीद भारत के खिलाफ अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर टी20 अंतरराष्ट्रीय कि गेंदबाजों की रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इससे पहले वह 2023 में पहले नंबर पर पहुंचे थे।

### अभिषेक ने लगाई 59 स्थान की छलांग

भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 59 स्थान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन (पांच पायदान ऊपर 32वें स्थान पर) और बेन डकेट (28 पायदान ऊपर 68वें स्थान पर) को भी अच्छे प्रदर्शन का फायदा मिला है।

### टेस्ट : शीर्ष पर बुमराह

*इस बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। टेस्ट क्रिकेट में ऑलराउंडर की सूची में वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट शीर्ष पर बने हुए हैं।*



## खबर संक्षेप




### बंगाल-ब्रिटेन आज खेलेंगे फ्रेंडशिप कप

**कोलकाता।** 'बंगाल-ब्रिटेन ट्रैवल फ्रेंडशिप कप' का दूसरा चरण यहां पुलिस एथलेटिक क्लब में एक और दो फरवरी को खेला जाएगा जिसमें महिला क्रिकेट आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला टीमों के मुकाबले खेले जाएंगे जो क्रिकेट और सांस्कृतिक जुड़ाव का अनूठा मिश्रण होगा। टूर्नामेंट को ब्रिटेन और भारत के बीच रिश्ते मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है जहां लोग क्रिकेट और पर्यटन के प्रति काफी जुनूनी है। दो फरवरी को महिलाओं का एक विशेष टी10 मैच खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट पिछले साल शुरू किया गया था।

### रशीद सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी : बटलर

**राजकोट।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का मानना है कि उनकी टी20 टीम में लेग स्पिनर आदिल रशीद सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी है



जिन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। रशीद की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने तीसरा टी20 जीतकर श्रृंखला में वापसी की। उन्होंने चार ओवर में 15 रन देकर एक विकेट चटकाया। चेन्नई में दूसरे टी20 में भी उनका इकॉनॉमी रेट चार रन प्रति ओवर से कम था। भारत को 26 रन से हराने के बाद बटलर ने कहा, 'वह हमारे लिए सबसे अहम खिलाड़ी है और उसके प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। उसके पास काफी विविधता है।'

### एसए20 : कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को हराया

**सेंचुरियन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराकर बोनस अंक भी लिया और एसए 20 लीग प्लेआफ की दौड़ में खुद को बनाए रखा है। कैपिटल्स ने सुपर किंग्स को नौ विकेट पर 99 रन पर रोक दिया और फिर चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ कैपिटल्स 14 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है जबकि सुपर किंग्स 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। रिली रोसोयू अपने बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल रहे हैं जिसकी वजह से कप्तानी काइल वेरेने ने संभाली।

### श्रेयस भाई की मौजूदगी से चीजें आसान : शेडगे

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स द्वारा चुने गए मुंबई के युवा ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे अपने पहले आईपीएल सत्र की तैयारी में जुटे हैं और कप्तान



श्रेयस अय्यर के साथ अपनी भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। बाईस साल के शेडगे पहले ही घरेलू क्रिकेट में सूत्रधार की काबिलियत दिखा चुके हैं, उन्होंने अय्यर की कप्तानी में मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। शेडगे ने फाइनल सिर्फ 15 गेंद में नाबाद 36 रन बनाने के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दिया।


## टेस्ट : श्रीलंका के खिलाफ पहले दिन आस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 330 रन

# स्मिथ ने जड़ा 35वां शतक, 10 हजार रन बनाने वाले चौथे आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| गॉले

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक साथ दो-दो उपलब्धि हासिल की है। श्रीलंका के खिलाफ बुधवार को पहले टेस्ट मैच के दौरान खाता खोलने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे किए। वहीं, 100 रन पूरा करते ही टेस्ट क्रिकेट में अपना 35वां शतक पूरा किया। इन दो उपलब्धियों से वह दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट के नुकसान पर 330 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 147 और कप्तान स्टीव स्मिथ 104 रन बनाकर नाबाद लौटे।

ट्रेविस हेड ने 57 और लाबुशेन ने 20 रन की पारी खेली। बता दें कि स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर में 10 हजार टेस्ट रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे बल्लेबाज बनकर इतिहास रच दिया है। इसी के साथ स्मिथ सबसे तेज 10 हजार टेस्ट रन बनाने वाले दुनिया के पांचवे बल्लेबाज बन गए हैं। स्मिथ ने 115 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाले दुनिया के 15वें बल्लेबाज बने। हालांकि, अब वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के यूनुस खान को पीछे छोड़ दिया है।




### टेस्ट में सर्वाधिक रन

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 15921 |
| रिकी पोंटिंग | 13378 |
| जैक कैलिस | 13289 |
| राहुल द्रविड़ | 13288 |
| जो रूट | 12972* |
| एलिस्टर कुक | 12472 |
| कुमार संगाकारा | 12400 |
| ब्रायन लारा | 11953 |
| शिवनारायण चंद्रपाल | 11867 |
| महिला जयवर्धने | 11814 |
| एलन बॉर्डर | 11174 |
| स्टीव वॉ | 10927 |
| सुनील गावस्कर | 10122 |
| स्टीव स्मिथ | 10101* |

### सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | शतक |
|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 51 |
| जैक कैलिस | 45 |
| रिकी पोंटिंग | 41 |
| कुमार संगाकारा | 38 |
| जो रूट | 36* |
| राहुल द्रविड़ | 36 |
| स्टीव स्मिथ | 35* |

### गावस्कर-लारा को पीछे छोड़ा

35 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने करियर के 35वें टेस्ट शतक के साथ पाकिस्तान के यूनिस खान, भारत के सुनील गावस्कर, वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और श्रीलंका के महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दिया। इन सभी दिग्गजों के नाम टेस्ट क्रिकेट में 34 शतक दर्ज हैं। इस सीरीज में एक और शतक के साथ स्टीव स्मिथ पूर्व भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और इंग्लैंड के दिग्गज जो रूट की बराबरी कर सकते हैं। दोनों के नाम टेस्ट क्रिकेट में 36 शतक दर्ज हैं।

## अंडर-19 महिला टी20 विश्व

# श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 12 रन से हराकर खत्म किया अभियान



एजेंसी ▶▶| बांगी

श्रीलंका ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 12 रन की शानदार जीत से आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान खत्म किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही सेमीफाइनल में क्वालीफाई कर लिया था लेकिन टीम अंतिम चार से पहले अपनी विजयी लय जारी रखने में असफल रही।

चामुडी प्रबोदा की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण से श्रीलंका ने लगातार अंतराल पर विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लय हासिल नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ओवर में जीत के लिए 20 रन की दरकार थी और श्रीलंका ने संयम से गेंदबाजी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 99 रन ही बनाने दिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब फाइनल में जगह बनाने के लिए 31 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी जबकि भारत का सामना इसी दिन इंग्लैंड से होगा। नाईजीरिया ने भी आयरलैंड पर छह रन की रोमांचक जीत के बाद टूर्नामेंट में अपना अभियान खत्म किया।

### आईएमएल का प्रसारण करेगा डिजनी/हॉटस्टार

*मुंबई। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के पहले सत्र की शुरुआत 22 फरवरी से होगी और उद्घाटन मैच में सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली भारतीय टीम का सामना श्रीलंकाई टीम से होगा जिसके कप्तान कुमार संगाकारा हैं। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार लीग के पहले सत्र में छह टीमें भारत, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज भाग लेंगे। जियो स्टार के डिजनी प्लस हॉटस्टार और कलर्स सिनेप्लेक्स और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। सभी मैच शाम 7.30 से शुरू होंगे।*

## रणजी ट्रॉफी

# विराट के आने से बढ़ी चमक जीत दर्ज करने उतरेगी दिल्ली



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विराट कोहली की करिश्माई मौजूदगी से रणजी ट्रॉफी की चमक ही नहीं बढ़ी है बल्कि खराब दौर से जूझ रही दिल्ली की टीम का मनोबल भी ऊंचा हुआ है जो रेलवे के खिलाफ ग्रुप डी के आखिरी मैच में जीत के साथ विदा लेने के इरादे से उतरेगी।

रेलवे के छह मैचों में 17 अंक है और दिल्ली को बोनस अंक के साथ हराने पर वह नॉकआउट में पहुंच सकता है। वैसे कोहली को खेलते देखने आने वाले दर्शकों को नतीजे की परवाह कहां है।

दिल्ली की टीम अगर पहले गेंदबाजी करती है तो मैदान में 3000 से ज्यादा दर्शक नहीं होंगे लेकिन दिल्ली के पहले बल्लेबाजी करने पर दर्शक यही चाहेंगे कि कोहली जल्दी से क्रीज पर उतरें। लेकिन अगर 'किंग कोहली' जल्दी आउट हो जाते हैं तो ? फिर रणजी ट्रॉफी वापिस 'रणजी ट्रॉफी' ही हो जाएगा जिसमें चार या पांच पत्रकार और सौ दो सौ दर्शक मैदान पर होते हैं।

### गुजरात-हिमाचल के बीच क्वार्टर होगा मुकाबला

**अहमदाबाद।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश के बीच बृहस्पतिवार से यहां होने वाले रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के आखिरी मैच में जो टीम जीतेगी, वह क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगी। ग्रुप बी से विदर्भ (34 अंक) लेकर शीर्ष पर है। गुजरात के 26 और हिमाचल प्रदेश के 21 अंक हैं। दोनों टीमें अभी क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं।

### राहुल कर्नाटक टीम में शामिल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की टीम को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के गुरुवार से शुरू हो रहे आखिरी लीग मैच में शीर्ष पर काबिज हरियाणा के खिलाफ बोनस अंक के साथ जीत दर्ज करनी होगी और केएल राहुल की वापसी से टीम को मदद मिलने की उम्मीद है। कर्नाटक के इस समय 19 और हरियाणा के 26 अंक हैं जबकि केरल के 21 अंक हो गए हैं। कर्नाटक अगर बोनस अंक (कुल सात अंक) के साथ जीतता है तो उसे 26 अंक हो जाएंगे। ऐसे में वह शीर्ष या दूसरे स्थान की टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

# श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे, सुब्रमण्यन भी जीते

एजेंसी ▶▶| पातुमवान

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को यहां अपने प्रतिद्वंद्वी पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड मास्टर्स बीडब्लूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में इस्राइल के दानिल दुबोवेंको को 21-13, 21-18 से मात दी। यह दुबोवेंको पर श्रीकांत की दूसरी जीत है, इससे पहले उन्होंने पिछले साल सितंबर में 2024 मकाऊ ओपन में उन्हें हराया था। पुरुष एकल में अन्य भारतीयों में एस संकर मुथुसैमी सुब्रमण्यन ने तीन गेम के चुनौतीपूर्ण मुकाबले में मलेशिया के जून वेई चीम को 15-21, 21-15, 21-19 से शिकस्त दी और अब वह इंडोनेशिया के चिको औरा द्वी वारदोयो के सामने होंगे। आयुष शेट्टी को मलेशिया के जिंग



हांग कोक से 15-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि मिथुन मंजूनाथ भी एक और मलेशियाई खिलाड़ी शोलेह एदिल से 14-21, 13-21 हार गए। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गाडे की मिश्रित युगल जोड़ी ने थाईलैंड के वीराफाट फाकजारूंग और सरारात चेयूबोका की जोड़ी को 21-8, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। पुरुष युगल में रुबेन कुमार और हरिहरन ने थाईलैंड के पन्नावात जामतुबतिम और रतचापोल मकाससिथोर्ण की जोड़ी को 21-18, 21-12 से शिकस्त दी।

### पैरालंपिक्स पदक विजेता शीतल देवी को महिन्द्रा ने गिफ्ट की कार

**नई दिल्ली।** महिंद्रा कंपनी के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने जम्मू-कश्मीर की पैरालिंपिक की विश्व की नंबर दो तीरंदाज खिलाड़ी शीतल देवी और उनके परिवार से मुलाकात की। एक्स पर शेयर की गई तस्वीरों में देखा जा रहा है कि आनंद महिंद्रा शीतल देवी को स्कॉर्पियो-एन गिफ्ट कर रहे हैं। दरअसल, जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले के लोईधार गांव की रहने वाली 18 वर्षीय शीतल देवी ने पेरिस पैरालिंपिक्स 2024 खेलों में भाग लेकर तीरंदाजी स्पर्धा के मिश्रित टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं. डब्ल्यू7_बैलस्ट_पीकेआर_2025 (खुली निविदा), दिनांक 28.01.2025** के संबंध में शुद्धिपत्र, जो मुख्य ट्रैक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह, मालदा और आसनसोल मंडलों के लिए एफ.ओ.आर. पाकुड़ क्वैरी के तहत 3,86,750 घनमी. मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की बीओबीवाईएन टाइप वैगनों में आपूर्ति, लीडिंग और लोडिंग के लिए इस समाचार पत्र में पहले प्रकाशित किया गया था, उक्त निविदा में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं: **निविदा की अंतिम तिथि और समय** दिनांक 12.02.2025, 15.30 बजे के बदले **दिनांक** 17.02.2025, 15.30 बजे पढ़े जाने चाहिए। **बोली शुरू होने की तिथि** दिनांक 29.01.2025 के बदले **दिनांक** 03.02.2025 पढ़ी जानी चाहिए। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

MISC-320/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**भारतीय स्टेट बैंक**

शाखा– गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) फर्स्ट फ्लोर, एसबीआई मेन ब्रांच, सिविल लाईन, जबलपुर फोन: 0761-2627217, 2624654

**आधिपत्य (कब्जा) की सूचना (अचल संपत्ति के लिये)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा भारतीय स्टेटबैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम,2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी/जमानतदार को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये इतिस्मिन नीचे वर्णित संपत्तियों का अधिपत्य कर लिया है। ऋणग्रहिता/जमानतदार को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्न वर्णित सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज तथा अन्य प्रभार आदि के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अनुसार होगा।

| ऋणी /जमानतदार का नाम व पता | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र की तिथि व राशि | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. श्री जयराम कुमार 1268, विजय नगर, छापर, रामपुर, विद्युत नगर, जबलपुर, 482002 2. श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव पत्नी जयराम कुमार श्रीवास्तव 1268, विजय नगर, छापर, रामपुर, विद्युत नगर, जबलपुर, 482002 | अचल सम्पत्ति का समस्त भू-भाग व अंश जो कि प्लाट नंबर 191, मारुति नगर खसरा नंबर 11/1, नं. बं. 296 बिनैकी, पी.एच.नं. 17, आर.एन.एम. पाटन, तहसील पाटन, जिला जबलपुर, क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट शीर्षक विलेख का विवरण ई-पंजीकरण बिक्री विलेख दिनांक 08.12.2017 के माध्यम से क्रमांक MP182552017 A1686992 श्री जयराम कुमार श्रीवास्तव और श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव के नाम पर पंजीकृत चतुर्सीमा - उत्तर - साइड रोड, दक्षिण - प्लाट नंबर 216, पूर्व - प्लाट नंबर 216, पश्चिम - साईड रोड सुरक्षा हित आई डी संख्या - 400018053382 एसेट आई डी संख्या - 200018013489 के माध्यम से CERSAI पंजीकृत | दि. 26/06/2024 रू. 22,40,771/- + ब्याज 10.09.2024 से + अन्य खर्च | 29-01-2025 |

उक्त (सरफेसी एक्ट2002) अधिनियम के अंतर्गत सम्पत्ति विक्रय बावद 30 दिवस की वैधानिक सूचना – ऋणी एवं प्रति भू को सूचित किया जाता है कि, इस नोटिस की दिनांक से 30 दिनों के अंदर नोटिस में दर्शायी गई समस्त राशि मय ब्याज के जमा करें अन्यथा संपत्ति नीलामी की जावेगी एवं शेष राशि मय ब्याज के ऋणी एवं प्रति भू से वसूल की जायेगी।

दिनांक: 30/01/2025

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, गृह ऋण केन्द्र (एच.एल.सी.) जबलपुर

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - सिवनी (म.प्र.)**

E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक / 97 / खनिज /उ.प./ 2025

सिवनी, दिनांक 24/01/2025

**प्रथम सूचना**

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री यशवंत खंडेलवाल आ. श्री संजय खंडेलाल नि. वार्ड नं. 28 विवेकानंद कालोनी, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 05.01.2025 प्राप्त 22.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 25.02.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | सिवनी | अलौनिया | 364 | 9.91 हे. में से 2.00 हे. | शासकीय भूमि | बोल्डर, गिट्टी एम. सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 2.00 हे. | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5.निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

जी-22357/24

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

सहायक खनि अधिकारी
वास्ते कलेक्टर - सिवनी

हाई कोर्ट ने माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम के अंतर्गत सुनाया अहम आदेश

# 'दामाद को भी मकान खाली करने का दिया जा सकता है आदेश'



**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि दामाद को भी मकान खाली करने का आदेश दिया जा सकता है। कोर्ट ने यह व्यवस्था माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम-2007 के प्रकाश में दी। मामले की सुनवाई के दौरान 78 वर्षीय वृद्ध नारायण वर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदर पाल सिंह रूपराह व अधिवक्ता सचिन शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता भेल, भोपाल से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उन्होंने अपनी पुत्री ज्योति व दामाद दिलीप मरमठ को अपने राजधानी भोपाल स्थित मकान में रहने की अनुमति दी थी। जिसके बदले में उन्होंने वृद्ध का ख्याल रखने का भरोसा दिलाया था।

### पुत्री के निधन के बाद दामाद ने कर ली दूसरी शादी :

हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि विवाह के 22 वर्ष उपरांत वृद्ध नारायण वर्मा की पुत्री ज्योति का निधन हो गया। इसी के साथ दामाद दिलीप ने दूसरा विवाह कर लिया। उसने वृद्ध ससुर नारायण वर्मा को खाना-खर्चा देने का वादा तोड़ दिया। इससे वे अकेले पड़ गए। गुजर-बसर कठिन हो गई।

### अधिनियम अंतर्गत आवेदन पेश किया

कानूनी सलाह के आधार पर वृद्ध नारायण वर्मा ने माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम के अंतर्गत आवेदन पेश कर दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी ने वृद्ध नारायण वर्मा के पक्ष में आदेश सुनाते हुए दामाद को मकान खाली करने का निर्देश दे दिया। दामाद दिलीप ने उस आदेश के विरुद्ध कलेक्टर के समक्ष अपील दायर कर दी। कलेक्टर ने अपील निरस्त कर दी। लिहाजा, दामाद हाई कोर्ट चला आया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने भी अपील निरस्त कर दी। इसीलिए दामाद दिलीप ने हाई कोर्ट की युगलपीठ के समक्ष अपील दायर कर मकान खाली करने का आदेश निरस्त किए जाने पर बल दिया है।

### समान प्रकृति के अन्य पीड़ित वयोवृद्धों को भी राहत मिलने का रास्ता साफ

हाई कोर्ट ने सभी तर्क सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण व कल्याण अधिनियम के अंतर्गत दामाद को ससुर के मकान से निष्काषित करने का प्रकरण सुनवाई के योग्य है। दामाद ने समझौते के लिए कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया इससिलए भी मकान से निष्कासन की कार्रवाई निरस्त नहीं की जा सकती। इस मामले में एक अन्य कानूनी बिंदु यह भी है कि प्रिमिसिव ट्रांसफर अर्थात अनुज्ञेय स्थानान्तरण भी संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम के अंतर्गत स्थानांतरण ही है। अधिवक्ता नरिंदर पाल सिंह रूपराह के अनुसार हाई कोर्ट के इस महत्वपूर्ण आदेश से समान प्रकृति के अन्य पीड़ित वयोवृद्धों को भी राहत मिलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि इसके लिए उन्हें विहित विधिक प्रविधान अंतर्गत न्यायालय की शरण लेनी होगी।

# 'प्रदेश के 100 प्रतिशत सीधी भर्ती से पहली बार नियुक्त कर्मियों को पदोन्नति क्यों नहीं'

- *हाई कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर मांगा जवाब*
- *तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास अधिकारी संगठन की याचिका*
- *याचिका में संविधान के अनुच्छेद-16 का दिया गया है हवाला*
- *अजाजजा वर्ग की पारिणामिक वरिष्ठता लागू न होने का तर्क*

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने प्रदेश के 100 प्रतिशत सीधी भर्ती से पहली बार नियुक्त कर्मियों को पदोन्नति न दिए जाने के रवैये को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य शासन, सामान्य प्रशासन विभाग से जवाब मांग लिया है। इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया है। याचिकाकर्ता तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास अधिकारी संगठन की ओर से अधिवक्ता प्रशांत अवस्थी, आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी, पंकज तिवारी व आनंद शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि संविधान के अनुच्छेद-16 में वर्णित अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग की पारिणामिक वरिष्ठता प्रथम बार सीधी भर्ती से नियुक्त कमर्चारियों पर नहीं लागू नहीं की जा सकती। इसके बावजूद राज्य शासन ने प्रदेश के 100 प्रतिशत सीधी भर्ती से पहली बार नियुक्त कर्मियों को पदोन्नति न दिए जाने का अघोषित निर्णय जैसा अनुचित कदम उठा लिया। इसी कदम की संवैधानिक वैधता को कठघरे में रखते हुए हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत को किया रेखांकित

याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के बहुचर्चित इंदिरा साहनी वाले न्यायदृष्टांत को रेखांकित किया। जिसके अनुसार संविधान का अनुच्छेद 16 (4) केवल प्रारंभिक नियुक्ति में आरक्षण का प्रविधान विहित करता है। इसके बाद अनुच्छेद-16 में संवैधानिक संशोधन कर संसद ने आरक्षण पदोन्नति में भी देने का प्रविधान कर दिया तथा पदोन्नति के पदों में अजाजजा वर्ग की पारिणामिक वरिष्ठता भी पदोन्नत पद में बनाए रखने का प्रविधान कर दिया।

## क्या है पारिणामिक पदोन्नति का आशय

पारिणामिक पदोन्नति का यह अर्थ है कि यदि आरक्षण का लाभ पाकर आरक्षित श्रेणी के कर्मचारी की पदोन्नति सामान्य व्यक्ति के पूर्व हो जाती है तो वह पदोन्नत पद में व बाद की पदोन्नति के लिए भी वह ऐसे सामान्य व्यक्ति से वरिष्ठता बनाए रखता है।

### सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपील लंबित होने का उल्लेख

याचिकाकर्ता के अनुसार मप्र शासन ने मप्र लोक सेवा (पदोन्नति) नियमावली-2002 बनाई थी, जिसमें आरक्षण का प्रविधान परस्पर वरिष्ठता के आधार पर किया गया था, जिसे हाई कोर्ट ने अनुच्छेद 16 (4-ए) व 16 (4-बी) का उल्लंघन निरुपित करते हुए असंवैधानिक घोषित कर दिया था। उन नियमों के आधार पर हुए अजाजजा के आरक्षण को शून्य कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बरकरार रखने का अंतरिम आदेश पारित किया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के समक्ष वह अपील फिलहाल लंबित है।


### मौलिक अधिकार का हो रहा हनन

याचिकाकर्ता के अनुसार सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन मामला पारिणामिक पदोन्नति से संबंधित है। किन्तु इसी बहाने राज्य सरकार ने 100 प्रतितात सीधी भर्ती से प्रथम बार नियुक्त कर्मचारियों की पदोन्नति रोक दी हैं। जबकि पारिणामिक पदोन्नति 100 प्रतिशत सीधी भर्ती से पहली बार भरे पदों में न तो लागू किया की जा सकती है और न ही ऐसा प्रविधान है। इसलिए सीधी भर्ती के कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार किए जाने के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# जघन्य हत्याकांड के विरोध में शांतिपूर्ण कैंडल मार्च



**हरिभूमि जबलपुर।**

जिले की पाटन तहसील के ग्राम टिमरी में हुए पिछले दिनों जघन्य हत्याकांड के विरोध में नगर मझौली के विप्र कुल परिषद के द्वारा शांतिपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया गया।जिसमें समस्त विपुल कुल परिषद ने अपनी प्रमुख मांगों में परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं अपराधियों को मृत्यु दंड की सजा देने की मांग की। इस ज्ञापन को थाना प्रभारी मझौली के माध्यम से एस पी जबलपुर को पहुंचाया गया। इसमें विप्र कुल परिषद के सभी मझौली के सदस्य उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट ने वाणिज्य कर निरीक्षक व कराधान सहायक की नियुक्ति अंतिम निर्णय के अधीन की

- प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग सहित अन्य को नोटिस
- विभागीय परीक्षा में आरक्षण नियमों के उल्लंघन के आरोप का मामला

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने अंतरिम आदेश के जरिए वाणिज्य कर निरीक्षक व कराधान सहायक के पद पर नियुक्ति को विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दिया है। इसी के साथ राज्य शासन, प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, आयुक्त वाणिज्य कर, एमपी आनलाइन के डायरेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है।

याचिकाकर्ता टीकमगढ़ निवासी मनोज कुमार ताम्रकार सहित अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह और रामभजन लोधी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि विभागीय परीक्षा में आरक्षण नियमों का उल्लंघन किया गया है। इसके अलावा नियम विरूद्ध तरीके से त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों मे आफलाइन सुधार कराया गया, जबकि आवेदन की प्रक्रिया आनलाइन है। यह आरोप भी लगाया गया कि जिसने मूल आवेदन समान्य वर्ग में किया उसे नियम विरूद्ध तरीके से ईडबल्यूएस कोटे में नियुक्ति दे दी गई। यह भी कहा गया कि जिन अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में शामिल करना था उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। कोर्ट को अवगत गया कि एक मार्च, 2024 को अपर आयुक्त द्वारा जारी नियुक्ति आदेश में नियुक्त निरीक्षकों को प्रतीक्षा सूची में भी शामिल कर लिया गया है। आयुक्त वाणिज्य कर अपने अपने चहेतों को नियुक्ति देने नियमों में संशोधन भी कर रहे हैं। याचिका में वाणिज्य कर आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह, एडिशनल कमिश्नर नारायण मिश्रा सहित छह नियुक्त इंस्पेक्टर्स को भी नोटिस जारी किया गया है। इनमें नव नियुक्त वाणिज्य कर निरीक्षक फरजाना सिद्धिकी, पवन गुप्ता, दीपक द्विवेदी, रूपेश सिंह राजपूत, अनूप कुमार सिंगल तथा नव नियुक्त कराधान सहायक राकेश शर्मा शामिल हैं।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस एक और दो फरवरी को

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के रोटरी सदस्य जबलपुर में एक एवं 2 फरवरी को आयोजित की जा रही रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए जबलपुर पहुंचेंगे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्र के कार्यकाल में होने वाली इस रोटरी कॉन्फ्रेंस का नाम अंतर्नाद दिया गया है इसका आशय अंतर मन की आवाज है।कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र जामदार ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के लिए मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल जबलपुर आ रहे हैं कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह एवं राज्यसभा सांसद विवेक तंखा इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे। रोटरी अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि आगरा से पूर्व प्रांतपाल शरत चंद्र तथा रोटरी अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर अनिरुद्ध रॉय चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। कॉन्फ्रेंस सचिव दिनेश कालवे ने बताया कि इस कांफ्रेंस का उद्देश्य रोटरी की सेवा कार्यों को जनमानस तक पहुंचाना और जबलपुर को रोटरी के अंतरराष्ट्रीय के मंच पर स्थान दिलाना है। इस कांफ्रेंस में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल की इच्छा अनुरूप सिकल सेल एवं थैलेसीमिया के पीड़ित लोगों के लिए विशेष चर्चा की जाएगी ताकि उनके जीवन सुधार पर काम किया जा सके ,इस पर रोटरी विचार करेगा। दो दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में मोटीवेटर स्पीकर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की जाएगी।

## बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यापार करने वालों पर लगाया जुर्माना

**सिहोरा।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की आईसी गतिविधि के अंतर्गत सिहोरा क्षेत्र में डस्टबिन न रखने वाले व्यापारियों के ऊपर जुर्माने की कार्यवाही की गई एवं सभी व्यापारियों से अपील कि गई कि वे दुकानों के सामने नीले कलर का डस्टबिन रखें और कचड़ा उसी में डालें एवं निकाय द्वारा संचालित कचरा गाड़ी में डालें एकत्र कचरे को सड़कों या नालियों में न फेंके आस पास सफाई के साथ ही सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा निकाय अंतर्गत किसी भी प्रकार का व्यवसाय संचालन किया जाने पर व्यापारीयो को ट्रेड लाइसेंस बनवाने के हेतू सूचित कर अवगत कराया गया कि बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यापार करने वाले व्यापारीयों के ऊपर जुर्माने की कार्यवाही एवं 1 वर्ष की फीस वसूली की जाएगी। संपर्क अभियान के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ओझा, राकेश गुप्ता, सुशील कुमार वर्मा,चमन श्रीवास, संतोष तिवारी, इम्तियाज़ खान, देवी सिंह साहू, अयूब खान, संजय पाठक, अरुण कुमार उपाध्याय, अनंत राम नामदेव, अनिकेत तिवारी, अजय शुक्ला, हिमांशु, कीर्ति बर्मन उपस्थित थे।




# कैंसर इंस्टीट्यूट के लिए मिली करोड़ों की राशि से कितने उपकरण खरीदे

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज के कैंसर इंस्टीट्यूट में कमियों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर राज्य शासन से जवाब मांग लिया है। यह स्पष्ट करने कहा गया है कि केंद्र शासन द्वारा 2016 में जारी 84 करोड़ रुपये से अब तक कितने उपकरण खरीदे गए हैं। इसके लिए आगामी सुनवाई तिथि 14 फरवरी तक का समय दिया है। जनहित याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अधिवक्ता विकास महावर की ओर से अधिवक्ता रोहित सौहगौरा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जनहित याचिकाकर्ता स्वयं कैंसर रोग की पीड़ा का अनुभव कर चुका है। इसीलिए वह कैंसर मरीजों को होने वाली असुविधा को लेकर बेहद चिंतित है। ऐसा इसलिए क्योंकि मेडिकल कालेज, जबलपुर के कैंसर इंस्टीट्यूट में अनियमितताएं व्याप्त हैं। आलम यह है कि समुचित संसाधनों तक का लंबे समय से अभाव बना हुआ है। जिसका खामियाजा कैंसर मरीज भुगतने विवश होते हैं। पर्याप्त इलाज न मिल पाने से मरीजों के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240